हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● सोमवार ● 29.06.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 332 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड 25

## 1,042 नव चयनित इंटर एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों का
# नियुक्ति-पत्र
## वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री राधाकृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री संजय प्रसाद यादव**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, झारखण्ड

29 जून, 2026 | अपराह्न 1:00 बजे
टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची



स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड
PR- 383463 (School Education and Literacy) 26-27

# विधायक ने बच्चों को दो बुंद पोलियो खुराक पिलाकर अभियान का किया शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत पूरे झारखंड में रविवार (28 जून) से तीन दिवसीय विशेष पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हो हुई।यह अभियान 28 से 30 जून तक राज्यव्यापी अभियान के तहत झारखंड के 0 से 5 वर्ष से कम आयु के लगभग 61.26 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा (डढश) पिलाने का एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में रविवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में नन्हें बच्चों को दो बुंद पोलियो का ड्राप पिला कर अभियान की शुरूआत की।इस मौके पर उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने



विधायक को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के सभी कर्मी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल अंतर्गत 99 बुथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपिल करते हुए कहा कि सभी 0 से लेकर 5 वर्ष के बच्चों को अपने नजदीकी बुथ पर जा कर बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं ताकि देश व राज्य पोलियो मुक्त हो सके। वहीं उपाधिक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि बरही प्रखण्ड अंतर्गत कुल 99 बूथ के लिए 198 वैक्सीनेटर और 20 सुपरवाइजर के द्वारा 24,502 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने नन्हे बच्चों के माता-पिता से अपील की कि वे सुबह ही अपने बच्चों को नजदीकी बूथ पर ले जाएं और पोलियो की खुराक पिलाएं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बच्चा छुट जाता है तो उन्हें दूसरे व तीसरे दिन अर्थात 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें उनके घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएंगी ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, सुधांशु शेखर, विजेंद्र कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में मुखिया ने पोलियो की खुराक पिलाकर किया अभियान का किया शुभारंभ



**बरही :** पूरे देश में आज से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष सह बच्छई मुखिया बीरेन्द्र रजक ने डुमरी आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर इसका शुभारंभ किया। इस दौरान मुखिया बिरेंद्र रजक ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर एवं आजीवन विकलांगता देने वाली बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए पल्स पोलियो अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य देश के प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना है, ताकि कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से प्रभावित ना हो। जिसको लेकर उन्होंने प्रत्येक अभिभावकों से अपील किया है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं और इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। मौके पर आंगनबाड़ी की सेविका एवं सहिया दीदी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### ताजपुर में गुमटियों पर पुलिस की नजर शिकायत के बाद हुई जांच और चेतावनी



**चौपारण :** ताजपुर पंचायत भवन के सामने सरकारी भूमि पर संचालित गुमटियों में अवैध गतिविधियों की शिकायत पर चौपारण पुलिस ने छापेमारी कर संचालकों को कड़ी चेतावनी दी। पुलिस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग प्रशासन से की है। जानकारी के अनुसार, पंचायत भवन के सामने रहने वाले मनीष रंजन ने कुछ दिन पूर्व अंचल अधिकारी संजय यादव को लिखित शिकायत देकर बताया था कि उक्त गुमटियों के पास देर रात तक असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे आसपास के लोगों, खासकर बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई थी।शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि लोहार पट्टी निवासी विकास केशरी द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर गुमटी लगाई गई है, जहां संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की आशंका है। इसके बाद अंचल अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए चौपारण थाना को पत्र भेजा। अंचल से प्राप्त निर्देश के बाद थाना प्रभारी के आदेश पर एसआई दिव्य प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर गुमटियों की जांच की। पुलिस ने संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पीएम सूर्य मुफ्त योजना के तहत करसो गांव का चयन

**बरही :** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना के तहत बरही प्रखंड के करसो गांव का चयन किया गया है। शनिवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस चयनित गांव में अगले छह माह तक सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं का विशेष रूप से क्रियान्वयन किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का अधिक लाभ मिल सके। बैठक में उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सहित संबंधित विभागों के कई अधिकारियों ने भाग लिया। समीक्षा बैठक के दौरान जिले के सभी प्रखंडों से एक-एक गांव का चयन किया गया। इसी योजना के तहत बरही प्रखंड से करसो को उम्मीदवार ग्राम के रूप में चुना गया।

## बड़कागांव में तीन दिवसीय पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान का हुआ शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** पल्स पोलियो उन्मूलन को लेकर बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन दिवसीय पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार के हाथों फीता काटकर एवं बच्चों को पोलियो की दवा की खुराक पिलाकर किया गया। बताते चले की बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा प्रखंड में उम्र 0 से लेकर 5 वर्ष तक के कुल 24865 बच्चों को पोलियो दवा की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 28 जून को, 28 पर्यवेक्षक की देखरेख में सभी 127 बुथों में 257 सहीया, 157सेविका एवं 94 वोलंटियर के द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो दवा की खुराक देने के लिए ,कार्य में लगाया गया है। आज 29 जून एवं कल 30 जून को ,छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की दवा की खुराक दी जाएगी । अभियान के पहले दिन कुल 22889 बच्चों को पोलियो की दवा दी गई। डॉ अविनाश



कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन दिनों का है, मैं सभी अभिभावकों से अपील करता हूं कि आप अपने सभी 0 से 5 वर्ष उम्र के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा की खुराक दिलाये यह अति अनिवार्य है,आपके बच्चों के लिए बहुत ही जरूरी है। यह दवा बच्चों को पोलियो की रोग से बचाता है। मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर प्रकाश, डॉक्टर मधुर मोहन, डॉक्टर सर्वोत्तम भास्कर, डॉक्टर किरण, डॉक्टर इंद्रदेव, मोहम्मद सहीम, एएनएम रंजू कुमारी, लीलावती कुमारी, बृजेश कुमार, सुभाष कुमार, सहीया साथी आशिया खातून ,अनिता कुमारी, प्रिया कुमारी, आरती कुमारी के अलावा अन्य कार्य में विशेष रूप से लगे हुए हैं।

## गरवा में वन सरंक्षण को लेकर जागरूकता सह रक्षा बंधन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** पदमा प्रखंड के ग्राम गरवा में रविवार को वन सरंक्षण को लेकर वन रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए पश्चिमी वन प्रमंडल, के पदाधिकारी डीएफओ मोन प्रकाश। ग्रामीणों ने पेड़ों की पूजा कर रक्षा सूत्र बांधा और वनों की रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने पर्यावरण वन सरंक्षण को लेकर जागरूकता सह रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया इस दौरान ग्रामीणों ने पेड़ों की पूजा- अर्चना कर रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि वनों की रक्षा हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। इसे बचाना हमारे भविष्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने हर वर्ष इसी प्रकार से रक्षाबंधन कार्यक्रम करने का लियासंकल्प उन्होंने यह भी कहा की हमलोग वन में पूजा



कर पेड़ में रक्षा सूत्र बांधकर उसकी रक्षा करते हैं। साथ ही सभी लोगों को पेड़ नहीं काटने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाते हैं। लोगों ने वनों को रक्षा सूत्र बांध कर उनकी सुरक्षा और संरक्षण करने का संकल्प लिया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर महिलाओ एवं वहां उपस्थित अतिथियों ने झारखंडी गीत को भी प्रस्तुत किया कई गणमान्य लोग रहे उपस्थित जैसे मुखिया सविता देवी, पूर्व मुखिया कंचन मेहता, जीवलाल प्रजापति दिवाकर प्रजापति, खेमलाल महतो, दिनेश खंडेलवाल, अनीता देवी, सरिता देवी, सुरेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, निशांत सिंह, मुनेश्वर सिंह, दिनेश्वर सिंह, सुरेन्द्र नारायण सिंह, रामगोविन्द सिंह, किशोरी राणा, अशोक केसरी परमानंद राणा, शुभम सिंह, विकास सिंह, गिरधारी महतो, केदार प्रजापति ,उमाकांत प्रजापति आशीष सिंह, अमरेंद्र सिंह, रिंकू देवी,प्यासा देवी, गंगाधर प्रजापति, युगलकिशोर सिंह, बुलाकी साव, रामलाल राणा, अभिषेक राणा, विवेक राणा, शम्भु प्रजापति, भैरव राणा, राजेश्वर सिंह, इत्यादि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## सपनों को हुनर की उड़ान सेजल सिंह ने प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट डिप्लोमा प्राप्त कर बढ़ाया मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग की युवा प्रतिभा एवं हजारीबाग यूथ विंग की महिला सदस्य सेजल सिंह ने देश के प्रतिष्ठित यूवी घई अकादमी से प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट डिप्लोमा सफलतापूर्वक प्राप्त कर एक नई उपलब्धि अपने नाम की है। उनकी इस सफलता पर हजारीबाग यूथ विंग परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सेजल सिंह ने एयरब्रश मेकअप, वॉटरप्रूफ मेकअप, ब्राइडल मेकअप, पार्टी मेकअप, एचडी मेकअप, हेयर स्टाइलिंग (केश सज्जा) तथा ड्रेपिंग (पारंपरिक परिधान सज्जा) जैसी आधुनिक मेकअप तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह उपलब्धि




उनके समर्पण, मेहनत और अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के संकल्प को दशार्ती है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चन्द्र प्रकाश जैन ने कहा कि सेजल सिंह की यह उपलब्धि पूरे हजारीबाग यूथ विंग परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह सिद्ध किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हमें विश्वास है कि वह आगे भी अपने हुनर के बल पर नई ऊँचाइयों को छुएंगी और अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगी। हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि आज के समय में कौशल आधारित शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम बन रही है। सेजल सिंह ने अपने जुनून को पेशेवर पहचान देकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। हमें उम्मीद है कि वह अपने उत्कृष्ट कार्यों से समाज में नई पहचान स्थापित करेंगी और अपने क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी। अपनी सफलता पर सेजल सिंह ने कहा कि यूवी घई अकादमी में प्रशिक्षण का अनुभव उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा। यहाँ उन्हें मेकअप की आधुनिक तकनीकों को गहराई से सीखने और व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला, जिससे उनके कौशल में और निखार आया।

## मलकोको में मलकोको प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम मलकोको में आईपीएल की तर्ज पर मलकोको प्रीमियर लीग MPL क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । जिसका उद्देश्य क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर देना, खेल भावना बढ़ाना और आपसी भाईचारा मजबूत करना है। प्रतियोगिता के लिए कुल 5 टीमों का गठन कर कप्तानों एवं आयोजन समिति की उपस्थिति में खिलाड़ियों की नीलामी निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई।प्रत्येक टीम ने रणनीति के अनुसार खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिससे मुकाबला और रोमांचक हो गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अध्यक्ष शंकर दास, सचिव केदार राणा, कोषाध्यक्ष गुलाब कुमार दास, उपाध्यक्ष मेराज अंसारी, उप



सचिव लक्ष्मण दास, महासचिव फिरोज निजामी, संचालक एवं मीडिया प्रभारी सूरज दास तथा मैच प्रबंधक विजय कुमार राणा, जहूर अंसारी, हीरालाल ठाकुर, संतोष राणा, मुस्ताक अंसारी व संजय अंसारी की आयोजन समिति गठित की गई। मेराज इलेवन, बबलू इलेवन, अजय इलेवन, उपेन्द्र इलेवन और विक्रम इलेवन की 5 टीमों में कुल 79 खिलाड़ी शामिल हैं, आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, कप्तानों और खेल प्रेमियों से खेल भावना, अनुशासन और आपसी सम्मान बनाए रखते हुए सहयोग की अपील की है।

## सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के 70वें जत्थे के साथ भक्तिमय हुई चौपारण की धरा, 65 श्रद्धालु रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए चलाए जा रहे ऐतिहासिक 'सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान' का आने वाले 29 जून 2026 को एक साल पूरा होने जा रहा है। इस महाअभियान के तहत अब तक 69 जत्थे उत्तर प्रदेश के पवित्र चार प्रमुख तीर्थ स्थलों का दर्शन कर चुके हैं। इसी कड़ी में शनिवार को 70 वाँ जत्था बरही विधानसभा के चौपारण पूर्वी मंडल अंतर्गत बेलाही पंचायत से पूरी आस्था और उत्साह के साथ रवाना हुआ। ज्ञात हो कि बीते 29 जून 2025 को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध



नृसिंह स्थान परिसर से इस महत्ती धार्मिक एवं आध्यात्मिक योजना की शुरूआत हुई थी।

इस 70वें जत्थे में कुल 65 बुजुर्ग श्रद्धालु शामिल हैं। बेलाही पंचायत के मध्य विद्यालय, बरवाडीह के प्रांगण में आयोजित एक भव्य समारोह में सभी तीर्थयात्रियों को पहचान पत्र और यात्रा थैला भेंट किया गया। विदाई के समय श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सांकेतिक रूप से कई बुजुर्गों का सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा पाँव पखार कर उन्हें सम्मान दिया गया। इसके बाद मुख्य अतिथियों और स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं के साथ बेलाही शिवालय तक पदयात्रा की, जहाँ से तीर्थयात्रियों को बस द्वारा गंतव्य के लिए रवाना किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने इस यात्रा के सफल संचालन की रूपरेखा साझा की। सांसद मनीष जायसवाल ने यात्रियों को यात्रा के दौरान सेहत और सुरक्षा से जुड़ी सावधानियाँ बरतने की सलाह दी और साथ ही जीवन में तीर्थाटन के आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी बताया कि 500 साल के अथक संघर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर मोदी सरकार में बना है इस मंदिर को सामने से देखकर इसके अतीत के लिए किए कई सनातनियों के संघर्ष, बलिदान और त्याग को जरूर स्मरण करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने इस पुनीत कार्य के लिए सांसद मनीष जायसवाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बुजुर्गों को इस तरह सम्मानपूर्वक तीर्थाटन कराना एक अनुकरणीय पहल है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ इस यात्रा का आनंद लेने का आग्रह किया और उनके मंगलमय सफर की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा की तलसवार पंचायत में पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता बैठक संपन्न



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत में पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता बैठक की गई। इस बैठक कि अध्यक्षता जेएलकेएम पार्टी के तलासवर पंचायत अध्यक्ष रामु कुमार एवं संचालन जिला प्रवक्ता ईश्वर कुमार महतो ने किया इस बैठक की मुख्य अतिथि जेएलकेएम केन्द्रीय महासचिव विजय साहु थे। विजय साहु ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुवे कहा कि जनता सभी राजनीतिक दल को मौका दिया लेकिन सभी राजनीतिक दल ने जनता को धोखा दिया इस लिए हमें जनता के बीच जाना है , जनता की समस्या को सुनना है और उसका समाधान भी कराना है। हम सभी को धरातल पर काम करने की जरुरत है । कॉल कंपनियों की दमनकारी नीति नहीं चलेगी। तलसवार पंचायत में जो ओएनजीसी कम्पनी रैयतों को समय पर पेमेंट नहीं करना युवाओं को रोजगार नहीं देना, सीएसआर के तहद क्षेत्र में विकास नहीं होना, मजदूर को कम वेतन पर काम करने को मजबूर करना, ये सभी मुद्दा पर कम्पनी सुधार करे नहीं तो जेएलकेएम पार्टी आंदोलन करेगी। मौके पर उपस्थित केन्द्रीय महासचिव विजय साहु, जिला प्रवक्ता ईश्वर कुमार महतो, जिला सचिव अनिल राज, प्रखंड कोषध्यक्ष रामचंद्र महतो, काड़तरी पंचायत अध्यक्ष जयपाल महतो, तलासवर पंचायत अध्यक्ष रामु कुमार, पंचायत सचिव बबलू गांझू प्रदीप महतो,कमल कुमार, प्रकाश कुमार, बलराम कुमार, प्रितम कुमार, प्रताप कुमार राजकुमार गांझू, सुनिल राज, उमेश कुमार एवं दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### अवैध कफ सिरप और नशीली टैबलेट के साथ युवक गिरफ्तार



**हजारीबाग :** जिले के पेलावल ओपी क्षेत्र में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने अवैध कफ सिरप और नशीली टैबलेट की खरीद-बिक्री कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में कफ सिरप, टैबलेट, एक मोबाइल फोन तथा एक चार पहिया जुपिटर क्लासिक स्कूटी बरामद की गई है। मामले में आरोपी के विरुद्ध ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 27 जून 2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि पेलावल ओपी क्षेत्र के शाहीनबाग आंगनबाड़ी केंद्र के समीप कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कफ सिरप और नशीली टैबलेट की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पेलावल ओपी की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां एक संदिग्ध व्यक्ति चार पहिया स्कूटी के साथ मौजूद मिला। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और उसके वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने स्कूटी से ONEREX Cough Syrup की 100 एमएल क्षमता वाली कुल 40 बोतलें तथा 80 नशीली टैबलेट बरामद की। इसके अलावा आरोपी के पास से एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। बरामद सामान को विधिवत जब्त कर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. असलम (35 वर्ष) के रूप में हुई है। वह बागी टोला, पेलावल ओपी थाना क्षेत्र, जिला हजारीबाग का निवासी बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कटकमसांडी (पेलावल ओपी) थाना कांड संख्या-101/26, दिनांक 27 जून 2026 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 18(सी), 27(बी)(ii) तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(सी)/22(बी) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान एक Jupiter Scooty Classic को भी जब्त किया है, जिसका उपयोग कथित रूप से अवैध दवाओं की ढुलाई और बिक्री में किया जा रहा था। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद कफ सिरप और नशीली टैबलेट की आपूर्ति कहां से की जा रही थी तथा इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले के तार किसी बड़े नेटवर्क से जुड़े हैं या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। छापेमारी अभियान का नेतृत्व पेलावल ओपी प्रभारी रविंद्र कुमार ने किया। उनके साथ आरक्षी संख्या 1607 रामजान अंसारी तथा चालक हवलदार सलीम अंसारी सहित पुलिस बल के अन्य जवान मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। आम लोगों से भी अपील की गई है कि यदि कहीं इस प्रकार की गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए ऐसे कारोबारियों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

### सांसद से मिले विस्थापित आदिवासी गांवों के प्रतिनिधि पुनर्वास व मूलभूत सुविधाओं की उठाई मांग



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित सांसद सेवा कार्यालय में रविवार को मांडू विधानसभा के दर्जनभर विस्थापित आदिवासी गांवों के सैकड़ों प्रतिनिधियों का जुटान हुआ, घाटो मंडल सांसद प्रतिनिधि शंकर करमाली के नेतृत्व में चिराटुंगरी, भैलगाड़ा, लालटुंगरी, मकुंदाबेड़ा, उलाहारा, तापिन, तापिन बस्ती और जोड़ाकरम बस्ती से आए ग्रामीणों ने सांसद का अंग-वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया, सीधे संवाद में ग्रामीणों ने विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, मूलभूत सुविधाओं, प्रत्येक बस्ती में सरना स्थलों के विकास-संरक्षण, सड़क, पेयजल, बिजली, नाली, सामुदायिक भवन निर्माण, युवाओं को उद्योगों व सरकारी योजनाओं में स्थाई रोजगार और शिक्षा-स्वास्थ्य-आंगनबाड़ी सुविधाएं मजबूत करने की मांग रखी, समस्याएं सुनकर सांसद मनीष जायसवाल ने आश्वस्त किया कि हर जायज मुद्दे का समाधान होगा और जल्द ही वे खुद टाटा और सीसीएल प्रबंधन के साथ प्रभावित ग्रामीणों की सीधी वार्ता कराएंगे ताकि विस्थापन व बुनियादी सुविधाओं पर ठोस प्रयास हो सकें, उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए योजनाएं चला रही है जबकि खुद को आदिवासी हितैषी बताने वाली झारखंड की झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार ने धोखा दिया है, बैठक के बाद सभी ने सांसद सेवा केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात का सामूहिक श्रवण भी किया।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 29.06.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 332 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर तमिलनाडु से वापस लाए जाएंगे झारखंड के 34 मजदूर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में अमोनिया गैस रिसाव की दर्दनाक घटना के बाद वहां फंसे झारखंड के 34 प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित घर वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ ने सभी मजदूरों से संपर्क स्थापित कर उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मजदूरों को रेल मार्ग के जरिए उनके-अपने गृह जिलों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।



राज्य प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ की प्रमुख शिखा लाकड़ा ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि तिरुवल्लूर जिले के कन्निगैपैर गांव स्थित एक समुद्री खाद्य निर्यात कंपनी में झारखंड के विभिन्न जिलों के कुल 36 प्रवासी श्रमिक कार्यरत थे। रविवार को कंपनी में अमोनिया गैस का रिसाव होने से अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में धनबाद जिले की 29 वर्षीय प्रीति देवी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य श्रमिक कोडामा पीरा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज जारी है। घटना के बाद अन्य मजदूरों में दहशत का माहौल है।

हादसे के बाद झारखंड के प्रवासी मजदूरों ने अपने घर लौटने की इच्छा जताई। झारखंड जनाधिकार महासभा नामक सामाजिक संगठन ने मजदूरों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें उन्होंने सरकार से सुरक्षित घर वापसी की अपील की।

वीडियो में मजदूरों ने बताया कि हादसे के बाद वे भय और असुरक्षा के माहौल में रह रहे हैं तथा जल्द से जल्द अपने परिवारों के बीच लौटना चाहते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने राज्य प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ को निर्देश दिया कि सभी प्रवासी श्रमिकों से संपर्क कर उनकी सुरक्षित और शीघ्र घर वापसी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अधिकारियों ने मजदूरों से बातचीत कर उनकी स्थिति की जानकारी ली और वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी। शिखा लाकड़ा ने बताया कि सभी श्रमिकों को रेल मार्ग से उनके-अपने गृह जिलों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही तमिलनाडु प्रशासन के साथ लगातार समन्वय बनाकर मजदूरों की सुरक्षा और यात्रा की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### मजदूरों की वापसी के लिए सरकार ने कसी कमर

गौरतलब है कि अमोनिया गैस रिसाव की घटना ने प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे के बाद प्रभावित श्रमिकों और उनके परिवारों में चिंता का माहौल है। ऐसे में झारखंड सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्य के सभी प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा उसकी प्राथमिकता है और किसी भी संकट की स्थिति में उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि सभी 34 श्रमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित उनके घर पहुंचाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पत्नी संग पहुंचे जोन्हा फॉल, प्राकृतिक वादियों का लिया आनंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रविवार को पत्नी कल्पना सोरेन और परिवार व करीबी मित्रों के साथ प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जोन्हा फॉल पहुंचें। उनके साथ सिल्ली की पूर्व विधायक सीमा महतो भी मौजूद थीं। करीब छह घंटे तक उन्होंने जोन्हा फॉल में समय बिताया और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया।



उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि हरी-भरी वादियों के बीच कुछ सुकून भरे पल बिताने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने स्थानीय फलों का स्वाद लिया और आसपास के लोगों से आत्मीय बातचीत भी की।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि जोन्हा फॉल की निर्मल जलधारा, घने जंगलों की हरियाली और पहाड़ों का शांत सौंदर्य यह एहसास कराता है कि झारखंड प्रकृति का अनुपम उपहार है। उन्होंने कहा कि राज्य की यह प्राकृतिक धरोहर सभी की साझी विरासत है, जिसे संरक्षित और सुरक्षित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

हेमन्त सोरेन ने लिखा कि झारखंड के किसी भी हिस्से में जाएं, प्रकृति अपने अलग-अलग रंगों में हर आगंतुक का स्वागत करती है। उन्होंने देशभर के पर्यटकों को झारखंड आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और आतिथ्य का अनुभव हर सैलानी के लिए यादगार रहेगा।

जोन्हा फॉल के मनोरम दृश्य को निहारते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता उन्हें बार-बार अपनी ओर आकर्षित करती है। उन्होंने कहा कि यह स्थल पर्यटन की अपार संभावनाओं से भरपूर है, लेकिन समय के अनुरूप इसका अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। उन्होंने जोन्हा फॉल को और बेहतर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस दौरान कल्पना सोरेन ने झरने के मनमोहक दृश्य के बीच तस्वीरें और सेल्फी भी लीं तथा आसपास के प्राकृतिक वातावरण का आनंद उठाया। उनके दौरे को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। सुरक्षा कारणों से कुछ समय के लिए जोन्हा फॉल जाने वाले दोनों मार्गों पर आम पर्यटकों की आवाजाही रोक दी गई। रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक फॉल घूमने पहुंचे थे, लेकिन प्रवेश प्रतिबंधित होने से कई लोगों को लौटना पड़ा।

## एक नजर

### महाराष्ट्र में दो वाहनों की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले स्थित समृद्धि हाइवे पर रविवार को सुबह दो वाहनों की टक्कर में एक परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की छानबीन हाइवे पुलिस कर रही है। घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने आज बताया कि चंद्रपुर शहर के बाबूपेठ इलाके में डी.एड. कॉलेज के पास रहने वाला जीवने परिवार रविवार को एक वैगनआर कार में एक फेमिली फंक्शन के लिए अकोला के लिए निकला था। जैसे ही उनकी कार धामनगांव तहसील में समृद्धि हाइवे पर चैनल नंबर 106 के पास पहुंची, तो कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे खड़े कंटेनर को टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही हाइवे पुलिस, स्थानीय पुलिस, एम्बुलेंस और आपातकालीन बचाव दल मौके पर पहुंचा। इसके बाद बचाव दल ने कार में फंसे शवों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला।

### यूक्रेन का रूस पर बड़ा ड्रोन हमला; 2 बड़ी तेल रिफाइनरियों में लगी भीषण आग, दो की मौत

**मॉस्को :** यूक्रेन के ड्रोन हमले में दक्षिणी रूस की दो बड़ी तेल रिफाइनरी में आग लग गई। इस घटना में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। रूसी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। हाल के महीनों में यूक्रेन ने रूसी सैन्य उद्योगों और ऊर्जा सुविधाओं पर हमले तेज कर दिए हैं। इस अभियान ने रूस की ईंधन और सैन्य साजो-सामान की आपूर्ति को बाधित किया है। जानकारों के मुताबिक, इसने युद्ध के मैदान में मॉस्को की कोशिशों को भी धीमा कर दिया है, जिससे क्रेमलिन पर बातचीत की मेज पर आने का दबाव बढ़ गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आज (शनिवार) रात रूस की दो तेल रिफाइनरी हमारी लंबी दूरी के ड्रोन हमले की जद में आ गईं। एक हमले का मतलब रूस की युद्ध क्षमता को कम करना और दूसरे हमले का मकसद शांति की ओर कदम बढ़ाना है।

# एनआईए का बड़ा खुलासा : बीएसएफ कैंपों से चोरी होती थीं गोलियां, नक्सलियों तक पहुंचती थी खेप

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में बीएसएफ के फिरोजपुर, जालंधर और जैसलमेर कैंपों से सरकारी कारतूसों की तस्करी का बड़ा खुलासा हुआ है। जांच के अनुसार, बीएसएफ का पूर्व सिपाही अरुण कुमार सिंह उर्फ 'फौजी' अपने सहयोगी कार्तिक बेहरा की मदद से कारतूस हासिल कर उन्हें बिहार और झारखंड के अपराधी गिरोहों व नक्सलियों को बेचता था।



एनआईए के मुताबिक, अरुण कुमार सिंह 1992 में बीएसएफ में भर्ती हुआ था और 2003 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। मणिपुर में तैनाती के दौरान उसकी पहचान कार्तिक बेहरा से हुई थी। वर्ष 2016 में कार्तिक ने उसे सरकारी कारतूस सस्ते दाम पर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया, जिसके बाद दोनों ने तस्करी का नेटवर्क खड़ा कर लिया। जांच में सामने आया है कि फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान बची गोलियों को रिकॉर्ड में इस्तेमाल दिखाकर अलग रख लिया जाता था। बाद में इन्हें अरुण कुमार सिंह को सौंप दिया जाता था।

एनआईए के अनुसार, 2016 में ही कार्तिक ने उसे 9 एमएम और अङ-47 के 945 राउंड कारतूस उपलब्ध कराए थे।

एजेंसी ने होटल रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों के आधार पर अरुण कुमार सिंह की फिरोजपुर, जालंधर, जैसलमेर और जम्मू की यात्राओं तथा कार्तिक बेहरा के साथ उसके संपर्क की पुष्टि होने का दावा किया है।

# सऊदी अरब में बड़ा हादसा : हेलीकॉप्टर क्रैश, 14 लोगों की मौत



एजेंसी

**रास तनुरा :** सऊदी अरब के प्रमुख औद्योगिक और तेल केंद्र रास तनुरा से बड़ी खबर सामने आई है। दिग्गज तेल कंपनी सऊदी अरामको का एक हेलिकॉप्टर रविवार सुबह करीब छह बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस भीषण हादसे में हेलिकॉप्टर पर सवार सभी 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्रालय के एक आधिकारिक सूत्र के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी ने इस दर्दनाक हादसे की पुष्टि की है।

सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) के मुताबिक, इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी 14 लोग सऊदी अरब के ही नागरिक थे। यह दुर्घटना रास तनुरा क्षेत्र में हुई, जो फारस की खाड़ी के तट पर स्थित सऊदी अरामको का एक बेहद महत्वपूर्ण तेल और औद्योगिक हब माना जाता है। ऊर्जा मंत्रालय ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं और सहानुभूति प्रकट की हैं।

### फ्रांस में उड़ान भरते ही प्लेन क्रैश पायलट समेत सभी 11 लोगों की मौत

**पूर्वी फ्रांस :** पूर्वी फ्रांस के टॉम्ब्लेन शहर के पास रविवार को एक बड़ा विमान हादसा हो गया। यहां एक विमान, जो कई स्काईडाइवर्स को ले जा रहा था, दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नैंसी के पास हुए विमान हादसे में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने ये जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन सेवाएं तुरंत पहुंच गईं, जबकि अधिकारियों ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। फ्रांसीसी दैनिक एल'एस्ट रिपब्लिकैं की रिपोर्ट के अनुसार, विमान दुर्घटना के समय स्काईडाइवर्स को ले जा रहा था। एल'एस्ट रिपब्लिकैं की रिपोर्ट के मुताबिक, विमान में सवार अधिकांश लोग नैंसी में काम करने वाले नर्स थे, जो पहली बार स्काइडाइविंग का अनुभव लेने जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही ऑर्डर ऑफ इंडिपेंडेंट नर्सेज की म्यूरथ-ए-मोसेल शाखा के अध्यक्ष थियरी पेशे घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# अपने गिरेबान में झांके पाकिस्तान

**कराची आतंकी हमले के आरोप पर भारत ने इस्लामाबाद को दिया मुंहतोड़ जवाब**



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कराची में हुए विस्फोट को लेकर पाकिस्तान द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों को भारत सरकार ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि पाकिस्तान के आरोप बेबुनियाद, निराधार और तथ्यहीन हैं। भारत ने पाकिस्तान को सलाह दी कि वह अपनी आंतरिक सुरक्षा विफलताओं के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराने के बजाय अपने देश में सक्रिय आतंकवादी नेटवर्क और चरमपंथी संगठनों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान बार-बार अपनी घरेलू समस्याओं और सुरक्षा चूक से ध्यान हटाने के लिए भारत पर आरोप लगाने की कोशिश करता है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अच्छी तरह जानता है कि सीमा पार आतंकवाद का केंद्र कौन है और पाकिस्तान को अपनी जिम्मेदारियों से बचने के बजाय आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाने चाहिए।

# मन की बात : समुद्र से लेकर आकाश तक हमारा भारत सुरक्षित और आत्मनिर्भर : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड के जरिए एक बार फिर देश और दुनिया भर में बसे भारतीयों से संवाद कर रहे हैं। सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खास उत्साह है। 'मन की बात' पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री और आम जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम माध्यम बन चुका है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि इस महीने भारत ने कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन पर हर देशवासी को गर्व है। हाल ही में मुझे कोलकाता में नौसेना से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। वहां आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौ-सेना के बेड़े में शामिल किया गया। इन जहाजों की डिजाइन और उत्पादन तक,सब कुछ स्वदेशी है। पीएम मोदी ने आगे कहा जून के महीने में ही एविएशन में भी देश ने एक बड़ी सफलता पाई। सी-295, ये विमान मेड इन इंडिया है और सी-295 विमान ने अपनी पहली उड़ान पूरी की है, और ऐसे 40 विमान, भारत में ही बनाए जा रहे हैं। इससे एमएमएमई और एयरोस्पेस सेक्टर को नई शक्ति मिल रही है। रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सफलताएं देश की आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को और मजबूत करती हैं।

### रामेश्वर उरांव और बेटे रोहित उरांव को ईडी का समन

**रांची :** झारखंड में कथित शराब घोटाला केस में प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव और उनके बेटे रोहित उरांव को प्रवर्तन निदेशालय ने समन भेजकर पूछताछ के लिए तलब किया है। ईडी ने उत्पाद विभाग के सेवानिवृत्त कमिश्नर अमित प्रकाश को भी तलब किया है। गौरतलब है कि एसीबी ने इस मामले में केस दर्ज किया था, जिसे ईडी ने टेकओवर किया और पिछले साल से ही जांच में जुटी थी।

# 'भारत और सेशेल्स अहम साझेदार', हिंद महासागर हमारा साझा घर : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**विक्टोरिया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स की संसद को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, इस राष्ट्रीय सभा को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में आपके समक्ष खड़ा होना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। मैं भारत की 1.4 अरब जनता की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई लेकर आया हूं।



भारत और सेशेल्स के बीच रक्षा, यूपीआई समेत 19 करार

पीएम मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री के रूप में मैंने हिंद महासागर क्षेत्र में जिस पहले देश का दौरा किया, वह 2015 में सेशेल्स था। मैं यहां इसलिए आया था क्योंकि मेरा मानना है कि हिंद महासागर के लिए भारत की परिकल्पना में सेशेल्स का एक विशेष स्थान है। एक दशक बाद यहां लौटकर मेरा यह विश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत है। आपकी स्वतंत्रता के 50 वर्ष पूरे होने के इस उत्सव में शामिल होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

सेशेल्स की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी मित्रता 50 साल पहले हमारे राजनयिक संबंधों की स्थापना के साथ शुरू नहीं हुई थी। इसकी शुरूआत बहुत पहले अगस्त 1770 में हुई थी। सेंट ऐनी द्वीप पर थेलेमाक नामक जहाज से पहुंचने वालों में पांच भारतीय भी थे। उस यात्रा ने कई और लोगों के लिए मार्ग प्रशस्त किया। समय के साथ, उनकी कहानियां आधुनिक सेशेल्स के इतिहास का हिस्सा बन गईं। उन्होंने कहा, यह हमें याद दिलाता है कि हमारे बीच के संबंध सरकार द्वारा नहीं बनाए गए थे। इन्हें लोगों ने गढ़ा, परिवारों ने पोषित किया और पीढ़ियों ने कायम रखा। हिंद महासागर ने इसे संभव बनाया। हिंद महासागर भारत और सेशेल्स को अलग नहीं करता, बल्कि हमें जोड़ता है।

### सेशेल्स ने दी पीएम मोदी को 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' की उपाधि

सेशेल्स की राजधानी विक्टोरिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य राजकीय स्वागत किया गया। स्टेट हाउस में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जहां सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी भी मौजूद रहे। इसके साथ ही सेशेल्स ने पीएम मोदी को 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' उपाधि दी।



# कुख्यात सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया के पास मिला मोबाइल, केस दर्ज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** झारखंड के कुख्यात सुजीत कुमार सिन्हा की पत्नी एवं विचाराधीन कैदी रिया सिन्हा को रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से चाईबासा मंडल कारा स्थानांतरित किए जाने के बाद बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई है। जेल में प्रवेश के दौरान की गई तलाशी में उसके पास से मोबाइल फोन समेत कई प्रतिबंधित सामान बरामद हुए। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रिया सिन्हा को चाईबासा मंडल कारा लाया गया। जेल के महिला वार्ड में प्रवेश से पहले नियमानुसार उसकी गहन तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कपड़ों में छिपाकर रखा गया मेटालिक रंग का रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन, चार टूटे हुए सिम कार्ड, वीवो कंपनी का मोबाइल चार्जर, बोट कंपनी का चार्जिंग एडॉप्टर तथा हस्तलिखित नोट्स से भरी एक कॉपी बरामद की गई। प्रतिबंधित सामग्री मिलने के बाद जेल प्रशासन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सदर थाना प्रभारी हीरा लाल महतो के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस यह जांच कर रही है कि प्रतिबंधित सामान जेल तक कैसे पहुंचा, इसे अंदर ले जाने में किसी की भूमिका तो नहीं थी और इसका इस्तेमाल किन उद्देश्यों के लिए किया जाना था।

## एक नजर

### पीटीपीएस में 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

**रामगढ़ :** झारखंड रनर अकादमी की ओर से पीटीपीएस इमली पेड़ मैदान में आज बालक और बालिका वर्ग के लिए 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में अकादमी और पतरातू प्रखण्ड के लगभग 200 धावकों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें बालक वर्ग प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले के बीच बालक वर्ग के अंतर्गत विकास मुण्डा ने प्रथम स्थान, कैलाश कुमार ने द्वितीय स्थान तथा नीतिन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही संजय कुमार और श्रवण कुमार महतो क्रमशः चौथे और पाँचवे स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में पायल कुमारी ने प्रथम स्थान, राहिल कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा गुड़िया कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा रिहायांशू कुमारी, कमला देवी, कुंती कुमारी, खुशबु कुमारी, रेणुका कुमारी, विनिता कुमारी एवं दिपाली कुमारी ने भी बेहतरीन समय निकालते हुए प्रतियोगिता के टॉप 10 में अपना स्थान दर्ज करवाया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मुख्य अतिथि के किशोर कुमार महतो (मुखिया, कटिया पंचायत), विजय साहु (केन्द्रीय महासचिव, जेएलकेएम पतरातू) एवं कोलेश्वर महतो (पूर्व पंचायत समिति सदस्य, कटिया) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ ही अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक छोटेलाल महतो, प्रशिक्षक अनिल कुमार महतो, सोनू कुमार, नीतीश कुमार तथा स्थानीय समाजसेवी सुधीर कुमार जी, प्रदीप साहु, अनुप कुमार, अजित कुमार, अभिषेक सर, हीरा कुमार महतो, उदय सर एवं अन्य दर्जनों खेल प्रेमियों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और अपना सराहनीय योगदान दिया।

### जनता दरबार में सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं

**रामगढ़ :** गोला प्रखंड के सरगडीह पंचायत अंतर्गत दुधमटिया गांव में भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राज किशन त्रिपाठी ने रविवार को जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 60 किसानों के बीच नि:शुल्क धान बीज का वितरण किया गया। साथ ही परचाण्डू मंदिर परिसर में अपने निजी खर्च से स्ट्रीट लाइट लगाने की घोषणा कर उन्होंने सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। जनता दरबार में ग्रामीणों ने पंचायत क्षेत्र में विकास योजनाओं की अनदेखी, ग्राम सभा का नियमित आयोजन नहीं होने तथा पंचायत निधि के समुचित उपयोग नहीं होने जैसी समस्याएं उठाईं। राज किशन त्रिपाठी ने कहा कि पंचायतों में किसी भी विकास योजना को शुरू करने से पहले ग्राम सभा कराना अनिवार्य है, लेकिन कई स्थानों पर इस प्रक्रिया की अनदेखी कर योजनाओं का मनमाने तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इससे वास्तविक लाभुक सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वृद्धजनों को बार-बार पंचायत कार्यालय बुलाया जाता है, लेकिन उनकी समस्याओं का समय पर समाधान नहीं किया जाता।

# एनसीसी बी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन कैडेटों को बताए गए प्रमाणपत्र के लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय हजारीबाग के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेंडल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में दिनांक 27 एवं 28 जून 2026 को एनसीसी बी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन सीएच प्लस टू हाई स्कूल मे किया जा रहा है।

दिनांक 27 जून 2026 को बी सर्टिफिकेट कैडेटों की प्रायोगिक परीक्षा 28 6 2026 को लिखित परीक्षाआयोजित की गई, जिसके अंतर्गत ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, टेंट पिचिंग तथा फायरिंग सहित विभिन्न सैन्य विषयों की परीक्षा ली गई। बी सर्टिफिकेट परीक्षा में जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए परीक्षा का संचालन निर्धारित समय एवं अनुशासित वातावरण में किया गया।

इस अवसर पर 5 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर अनिमेष, 36 झारखंड बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी चरणजीत सिंह, बोर्ड ऑफ मेंबर के सदस्य, व्याख्याता सह एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट संतोष गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कोडरमा तथा लेफ्टिनेंटराधिका कुमारी सीएच प्लस टू हाई स्कूल झुमरी तिलैया उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों की उपस्थिति में परीक्षा निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेडल अपने संदेश में कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि बी एवं सी सर्टिफिकेट परीक्षा केवल एक औपचारिक परीक्षा नहीं है, बल्कि यह कैडेटों के अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सैन्य दक्षता एवं राष्ट्रभक्ति का मूल्यांकन करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि एनसीसी के बी एवं सी सर्टिफिकेट का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, सशस्त्र बलों की भर्ती, अर्धसैनिक बलों, पुलिस सेवाओं तथा अन्य सरकारी नौकरियों में विशेष महत्व है। विशेष रूप से सी सर्टिफिकेट धारक कैडेटों को सेना में विशेष लाभ एवं अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र प्राप्त करना नहीं, बल्कि युवाओं में चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, राष्ट्रीय एकता एवं सेवा भावना का विकास करना है। यही गुण भविष्य में उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक और सफल अधिकारी बनने में सहायता प्रदान करते हैं।

परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाओं का संचालन जी. के चौधरी द्वारा किया गया। उन्होंने परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया, जिससे कैडेटों को परीक्षा देने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा।

परीक्षा के सफल आयोजन में 45 झारखंड बटालियन के सूबेदार मेजर, चंपा मुरमू, अजीत कुमार तथा एनसीओ सुधीर मिश्रा सहित अन्य सैन्य कर्मियों ने विभिन्न प्रायोगिक परीक्षाओं के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अंत में अधिकारियों ने कैडेटों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा एनसीसी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एनसीसी प्रमाणपत्र भविष्य की सफलता का एक महत्वपूर्ण आधार है, जो युवाओं के लिए अनेक अवसरों के द्वार खोलता

## जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति कोर कमेटी की बैठक संपन्न
## जन-जागरूकता और हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को झुमरीतिलैया बजरंग नगर स्थित अवध्या क्लासेस में संरक्षक सईद नसीम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कमेटी की गतिविधि और कार्यक्रमो की समीक्षा की गई। कोर कमेटी के सदस्यों ने संगठन कार्य को गतिशील बनाये रखने और अभियान को जन जागरण अभियान के रूप देने को लेकर सकारात्मक रुख अपनाने पर जोर दिया।वहीं जेजे कॉलेज बचाओ-डिग्री कॉलेज बचाओ अभियान को घर घर तक पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार तेज करने पर चर्चा की।

जेजे कॉलेज बचाओ अभियान के तहत झुमरीतिलैया में झंडा चौक पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा और साथ ही आम जनता के बीच पर्चा वितरण कर अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया।

कोडरमा जिला के सभी प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और हाट-बाजारों में जन-जागरूकता अभियान चलाने के लिए विशेष स्वाभिमान बचाओ रथ' निकाला जाएगा।

जिले के सभी कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों में जाकर सघन हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा,ताकि युवा शक्ति को इस मुहिम से जोड़ा जा सके।

क्षेत्र के सभी प्रमुख सामाजिक-राजनैतिक कार्यकताओं को एक मंच पर लाकर संगठन से जोड़ा जाएगा, जिससे इस जन-आंदोलन को और मजबूती दी जा सके।

बैठक के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे पूरी निष्ठा के साथ इस जन-जागरूकता अभियान को सफल बनाएंगे ताकि कोडरमा जिले के ऐतिहासिक धरोहर जगन्नाथ जैन कॉलेज और जिले के सभी डिग्री कॉलेज को पुनः विनोबा भावे विश्वविद्यालय से जोड़ने का नोटिफिकेशन जारी किया जा सके।साथ ही कोडरमा के हजारों छात्र-छात्राओं समेत कोडरमा की स्वाभिमान की रक्षा लोकतांत्रिक तरीके से किया जा सके। कोर कमेटी ने जिलेभर के राजनैतिक, सामाजिक और विभिन्न संगठनों से जेजे कॉलेज बचाओ अभियान से जुड़ने की अपील की है और आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने में आदर्श नागरिक की आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए तन मन धन से सहयोग करने का आह्वान किया है। बैठक में संरक्षक राम रतन अवध्या, महासचिव देवेंद्र कुमार, रोहित कुमार, वीरेंद्र कराटे, संजय साजन, तौफीक हुसैन, संतोष सहाय, रवि पासवान मौजूद थे।

## मेधावी छात्रा अवनी केजरीवाल को किया गया पुरस्कृत व सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) राष्ट्रीय रजिस्टर्ड संस्था है जिसके प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद के निदेर्शानुसार अध्यक्ष तौफीक हुसैन के नेतृत्व में झारखण्ड राज्य रांची रातू की रहने वाली की मेधावी छात्रा अवनी केजरीवाल को पासवा द्वारा 11,000 राशि व प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया साथ ही उनके माता पूनम केजरीवाल और पिता मिथिलेश केजरीवाल को एसोसिएशन के पदाधिकारी दीपक कुमार एवं भुनेश्वर कुमार द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अवनी ने सीबीएसई 12वीं (कॉमर्स स्ट्रीम) की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन के बाद 500 में से 500 (100%) अंक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रचा इन्होंने अपनी शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल धुर्वा राँची वाणिज्य संकाय से किया। पूर्व में अवनी को 95.2% 500 में 476 अंक प्राप्त हुए थे और असंतुष्ट होने पश्चात रिचेकिंग आवेदन के अंतर्गत परिणाम स्वरुप या सफलता हासिल किया।

पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष तौफीक हुसैन ने अवनी और उनके परिजनों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया उन्होंने कहा झारखंड ही नहीं बल्कि हमारे देश की शान है सभी विद्यार्थियों को उससे प्रेरणा लेनी चाहिए दृढ़ संकल्प और इरादा मजबूत हो तो निश्चित सफलता आपके कदम चूमती है।

## मरकच्चो पुलिस ने अनीश सिंह हत्याकांड में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो :** अनीश सिंह हत्याकांड में मरकच्चो पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से मामले को लेकर पूछताछ की गई उसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए मरकच्चो थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी की अनीश हत्या कांड में शामिल एक आरोपी धनबाद में रह रहा है। पुलिस धनबाद पहुंची लेकिन आरोपी को भनक लग गई और भागने लगा जिसे पीछा करते हुए गिरिडीह के बिरनी थाना क्षेत्र से पकड़ कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान प्रदीप सिंह उम्र 40 वर्ष पिता स्व. सुरेश सिंह, ग्राम पश्चिम मोहल्ला (प्रेम नगर) थाना मरकच्चो निवासी के रुप में हुई है। अनीश सिंह हत्या कांड घटना में शामिल दो आरोपी पुलिस दबिश के कारण पहले ही कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है। मालुम हो कि 5 जून की रात होटल में कुछ मामूली विवाद के बाद घर में घुसकर अनीश सिंह पिता स्व सुरेश सिंह को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था जंहा 6 जून को कोडरमा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान अनीश की मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर 6 लोगों को अभियुक्त बनाया था।

## टैलेंट शो और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ रोटरी क्लब कोडरमा का फैमिली मीट संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** रोटरी क्लब कोडरमा का फैमिली मीट जिमखाना क्लब में उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और टैलेंट शो ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष संतोष सिन्हा के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि परिवार के बिना जीवन अधूरा है। परिवार के सदस्य जब एक साथ मिलते हैं तो आपसी भाईचारा बढ़ता है, नई ऊर्जा का संचार होता है तथा मानसिक तनाव कम होता है।

कार्यक्रम के आयोजन एवं सजावट की जिम्मेदारी रोटरी यूथ विंग की महिला सदस्यों ने संभाली। चेयर गेम, गायन, कविता पाठ, संगीत, नृत्य एवं चुटकुलों की प्रस्तुतियों में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को रोटरी पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेश दारूका, मनीष पेड़ीवाल, गौरांग पुजारा, मनीष जैन, प्रतीक जैन, ईशान जैन, सन्नी कुमार, मनीष अग्रवाल एवं राहुल मोदी सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पूर्व अध्यक्ष महेश दारूका, सुरेश जैन, कैलाश चौधरी, कुमार पुजारा, अजय अग्रवाल, अमित कुमार, सत्र 2026-27 के अध्यक्ष नवीन आर्य, सुरेश सेठी, कमल जैन, अश्विनी राजगढ़िया, डॉ. अलंकृता मंडल एवं डॉ. रौनक महर्षि ने कार्यक्रम की सराहना की। पब्लिक रिलेशन डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने कहा कि जब युवा किसी कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालते हैं तो उसकी सफलता सुनिश्चित होती है। समाज सेवा के क्षेत्र में युवा रोटरी की छवि को और सशक्त बनाएंगे। अंत में सचिव संदीप सिन्हा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 1.56 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दो बूंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** जिले में 28 से 30 जून तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को सदर अस्पताल में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने नवजात बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर किया। अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,56,732 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उपायुक्त ने बताया कि अभियान के पहले दिन जिले के 908 पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। वहीं 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रहे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक महेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### प्रमुख एवं बीडीओ ने बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ



मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ प्रखण्ड प्रमुख बिजय कुमार सिंह व बी डी ओ हुलास महतो ने फीता काटकर एवं बच्चे को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो डॉ विपिन कुमार ,सांसद प्रतिनिधि शम्भु कुमार सिंह सेमत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों,कर्मियों एवं आंगन बाड़ी सेविकाओं की उपस्तिथि रही। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड प्रमुख ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक को अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलानी चाहिए। उन्होंने लोगों से पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने की अपील की। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मोनिका मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत प्रखंड के सभी 204 बूथ पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। इसके अलावा 29 एवं 30 जून 2026 को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवन रक्षक दवा से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि इसके लिए 408 भेक्सिनेटर तथा 23 पर्यवेक्षक को लगाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मसमोहना में उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ युवा मोर्चा का गठन




**डोमचांच :** प्रखंड के मसमोहना स्थित पीएम श्री विद्यालय परिसर में उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ, कोडरमा के निदेर्शानुसार युवा मोर्चा गठन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महासंघ के प्रक्षेत्र प्रभारी एवं केंद्रीय संरक्षक रंजीत सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रक्षेत्र अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन विजय कुमार सिंह ने किया बैठक में सर्वसम्मति से मसमोहना जोन युवा मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें प्रिंस कुमार सिंह को अध्यक्ष, नरेश सिंह को सचिव, अनिल सिंह एवं दिलीप सिंह को उपाध्यक्ष तथा विक्की सिंह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवगठित पदाधिकारियों का उपस्थित लोगों ने स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर उदय सिंह, मदन मोहन सिंह, महेश सिंह, केशव सिंह, दिनेश सिंह, विजय सिंह, कलन सिंह, परवीन सिंह, पवन सिंह, संतोष सिंह, अरुण सिंह, चीकू सिंह, रतन सिंह, विकास सिंह, कैलाश सिंह, मनीष सिंह, गुजा सिंह, दशरथ सिंह, विनोद सिंह, शशि सिंह, पृथ्वी सिंह, दीपांकर सिंह, गुड्डू सिंह, राजेश सिंह, रोहित सिंह, अबोध सिंह एवं शक्ति सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस से पिस्टल व गोलियों के साथ यात्री गिरफ्तार



**कोडरमा :** हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस (12874) में शराब के नशे में यात्रियों को पिस्टल दिखाकर धमकाने वाले एक व्यक्ति को जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई में कोडरमा स्टेशन पर गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल, मैगजीन में लोड 6 जिंदा कारतूस तथा पाउच में 18 अतिरिक्त कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी ने अपनी पहचान दिवाकर सिंह (32 वर्ष), निवासी रायपुर, थाना महेशगंज, जिला प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के रूप में बताई। वह प्रयागराज से रांची जा रहा था। आरोपी द्वारा कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की भी की गई। जीआरपी कोडरमा ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस, रेलवे एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।

### पल्स पोलियो अभियान शुरू, डीसी ने पिलाया अपने पुत्र और पुत्री को खुराक



**रामगढ़ :** देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने और भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित करने के उद्देश्य से रविवार को जिले में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। सदर अस्पताल में डीसी ऋतुराज ने अपने पुत्र और पुत्री को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर विधायक ममता देवी और सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर डीसी ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। ताकि जिले का कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक अभियान से वंचित न रह जाए। स्वास्थ्य विभाग ने इस तीन दिवसीय अभियान के दौरान रामगढ़ जिले के 1,71,477 बच्चों (0 से 05 वर्ष तक) को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए पूरे जिले के सुदूरवर्ती गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक व्यापक तैयारियां की गई हैं। ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा चक्र से वंचित न रहे। समारोह के दौरान जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक और स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी, जिला टीबी पदाधिकारी डॉ स्वराज और सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ हरेन चंद्र महतो सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया पर होगा एसआईआर का प्रचार, डीसी चलाएंगे अभियान

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) का प्रचार सोशल मीडिया पर किया जाएगा। रामगढ़ जिले की जनता एसआईआर में अपनी पूरी सहभागिता दें, इसके लिए प्रशासन काफी सक्रियता बरत रहा है। किसी भी स्तर पर कोई गलत और भ्रामक तथ्य लोगों तक ना पहुंचे और वह इस एसआईआर को त्रुटी रहित बनाएं, इसकी जिम्मेदारी सबकी है। डीसी ऋतुराज खुद सोशल मीडिया पर अभियान चलाएंगे। डीसी ऋतुराज के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 30 जून को जिले भर में एक वृहद् सोशल मीडिया अभियान हैशटैग झारखंड एसआइआर का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 30 जून को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक विशेष सोशल मीडिया अभियान संचालित होगा। इस अभियान के दौरान फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर आधिकारिक हैशटैग झारखंड एसआइआर के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। डीसी की ओर से सभी संबंधित अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के निकटतम मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर अथवा सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से निर्धारित पोस्टर्स और लीफलेट्स के निर्देशों का वाचन करते हुए वीडियो और तस्वीरें साझा करें।

# रांची की महापौर ने सदर अस्पताल से किया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

## झारखंड में 61 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को रांची के सदर अस्पताल से महापौर रोशनी खलखो ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. विजय किशोर रजक, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विमलेश कुमार सिंह सहित कई चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद महापौर रोशनी खलखो, विधायक सीपी सिंह और अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरूआत की।

सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत में पिछले 14 वर्षों से पोलियो का एक भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने इसका श्रेय स्वास्थ्यकर्मियों की निरंतर मेहनत, प्रभावी टीकाकरण अभियान और जनसहभागिता को दिया। सिविल सर्जन ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में सतर्कता बनाए रखना और प्रत्येक बच्चे का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे शून्य से पांच वर्ष तक के किसी भी बच्चे को पोलियो की खुराक से वंचित न रहने दें।

मुख्य अतिथि महापौर रोशनी खलखो ने कहा कि भारत ने पोलियो मुक्त राष्ट्र बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए नियमित टीकाकरण और जनसहभागिता जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्सकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही देश पोलियो मुक्त बन पाया है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल के अलावा गांवों के स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से छूट न जाए। उन्होंने सदर अस्पताल में बेहतर होती स्वास्थ्य सेवाओं की भी प्रशंसा की।

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि देश को पोलियो मुक्त बनाने में स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने सदर अस्पताल में लगातार बेहतर हो रही स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज यहां सभी वर्गों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने अस्पताल को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सभी के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि वर्ष 1995 से देशभर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष झारखंड में लगभग 61 लाख से अधिक बच्चों को 24,507 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 28 जून को बूथ दिवस के रूप में अभियान चलाया जा रहा है, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी विशेष टीमें तैनात की गई हैं।

राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. विजय किशोर रजक ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान पूरे देश में एक साथ संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में अब भी पोलियो के मामले मिलने के कारण सतर्कता और नियमित टीकाकरण आज भी उतना ही आवश्यक है जितना पहले था। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, स्वास्थ्यकर्मियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे 28 से 30 जून तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान अपने शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को और मजबूत बनाएं।

## रिम्स की जमीन अतिक्रमण मामले में बिल्डर शुभम साबू गिरफ्तार


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिम्स की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अपार्टमेंट निर्माण और बिक्री से जुड़े मामले में रविवार को बिल्डर शुभम साबू को गिरफ्तार कर लिया। शुभम साबू की कंपनी लकी ग्रुप पर रिम्स की सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर फ्लैटों की बिक्री करने का आरोप है। मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसीबी की टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

जांच एजेंसी के अनुसार, लकी ग्रुप ने अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड क्षेत्र में कई बहुमंजिला अपार्टमेंट का निर्माण किया है, जबकि कुछ परियोजनाओं पर निर्माण कार्य जारी है। एसीबी अब कंपनी की भूमिका के साथ-साथ इस मामले में अन्य संबंधित व्यक्तियों और अधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि रिम्स की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बहुमंजिला अपार्टमेंट और मकानों का निर्माण किए जाने के मामले को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई थी। न्यायालय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर निर्मित अवैध निमार्णों को ध्वस्त कराया था। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि इतने बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं प्रतीत होता। इसके बाद न्यायालय ने पूरे मामले की जांच एसीबी को सौंपने का निर्देश दिया था।

## रांची समेत झारखंड के अधिकांश हिस्सों में मानसून फिर सक्रिय, बारिश ने दिलाई गर्मी-उमस से राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में रविवार दोपहर बाद मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया। दोपहर के बाद आसमान में घने बादल छा गए और रिमझिम बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते मौसम सुहावना हो गया तथा लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची केंद्र ने रविवार को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष अधिकांश जिलों में गर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने संबंधित जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने यह भी पूवार्नुमान जताया है कि चार जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, वज्रपात और हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने तथा आकाशीय बिजली के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 54 मिलीमीटर वर्षा देवघर जिले के सिकटिया में दर्ज की गई। वहीं, राज्य का सर्वाधिक तापमान डाल्टनगंज में 40.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के नामकुम में 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## नामकुम में शातिर अपराधी खालिद बंगाली गिरफ्तार, देसी कट्टा और कारतूस बरामद




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शातिर अपराधी मोहम्मद खालिद उर्फ खालिद बंगाली उर्फ चूजा को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक लोडेड देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित 10 जून को अंजुमन इस्लामिया नूरिया महापंचायत के अध्यक्ष हाजी सऊद आलम के पुत्र मोहम्मद शमशेर आलम पर हुई फायरिंग की घटना में भी शामिल था।

रविवार को डीएसपी अमर पांडेय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना क्षेत्र के कुटियातु स्थित 89 आर्मी ग्राउंड के पास कुछ अपराधी एकत्र होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी की। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचते ही वहां मौजूद दो संदिग्ध व्यक्ति अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपनी पहचान मोहम्मद खालिद उर्फ खालिद बंगाली उर्फ चूजा के रूप में बताई।

## झारखंड क्षत्रिय महासंघ की नई कार्यकारिणी गठित, जितेंद्र सिंह बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड क्षत्रिय महासंघ की ओर से रविवार को नेवरी विकास स्थित परिसर में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार और समाज को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से महासंघ की नई कार्यकारी समिति का गठन किया गया। इस दौरान जितेंद्र सिंह को झारखंड क्षत्रिय महासंघ का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

नई कार्यकारिणी में राधाचरण सिंह को उपाध्यक्ष, हरिशंकर सिंह को सचिव, मनोज सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा कुलेश्वर राय को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं अभिनय सिंह, शिव नारायण सिंह उर्फ शिबू सिंह, रामेश्वर दयाल सिंह, रामप्रवेश सिंह और मुरारी सिंह को संगठन का संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न जिलों और प्रखंडों के अध्यक्षों के नामों की भी घोषणा की गई।

नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज को संगठित और मजबूत बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज को एक माला में पिरोकर एकजुट करना संगठन की प्राथमिकता होगी। समाज की एकता से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने घोषणा की कि महासंघ की नई कार्यकारिणी गांव-गांव जाकर राजपूत समुदाय की समस्याओं को सुनेगी और उनके समाधान के लिए प्रयास करेगी।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा तीन दिवसीय नशा मुक्ति अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों एवं शैक्षणिक संस्थानों में संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, ग्रामीणों, अभिभावकों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था।

अभियान का शुभारंभ एनएसएस समन्वयक डॉ. संजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में डीएसडब्लू बी. सामंता, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. साग्निका प्रधान एवं प्रो. श्वेता कुमारी, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. नित्या गर्ग, डॉ. पूजा मिश्रा, डॉ. संदीप चौधरी, प्रो. करण प्रताप सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. साग्निका प्रधान ने महुआ बीजों के उपयोग से रोजगार सृजन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. बी. सामंता ने नशे की प्रक्रिया एवं प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. संजीव कुमार सिन्हा ने नशे के मानव स्वास्थ्य, पारिवारिक संबंधों एवं सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की।

डॉ. संदीप चौधरी ने नशे की लत से मुक्ति पाने के व्यावहारिक उपायों एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो. श्वेता कुमारी व धन्यवाद ज्ञापन डॉ विकास कुमार ने किया। अभियान के दूसरे दिन मॉडल हाई स्कूल, बराम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए नशीले पदार्थों एवं शराब के सेवन से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी। वक्ताओं ने युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, कौशल विकास एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

अभियान के अंतिम दिन मध्य विद्यालय, आरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप कुमार एवं डॉ. अतुल कर्ण ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त रहने तथा अपने-अपने समुदायों में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली।

## एक नजर

### राजयोग ध्यान से मिलती है मानसिक शांति और आंतरिक शक्ति : डॉ. पवन

**रांची :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र, चौधरी बगान (हरमू रोड) में रविवार को डॉक्टर्स दिवस और चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) दिवस के पूर्व सप्ताह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों और चार्टर्ड एकाउंटेंटों ने आध्यात्मिकता, मानसिक शांति और जीवन मूल्यों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोचिकित्सक डॉ. पवन वर्णवाल ने कहा कि राजयोग ध्यान चिकित्सकों को मानसिक शांति प्रदान करने के साथ-साथ मरीजों के प्रति सहानुभूति, संवेदनशीलता और भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि तनावपूर्ण कार्य वातावरण में मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए ध्यान अत्यंत उपयोगी है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमकुम विद्यार्थी ने कहा कि आज के समय में प्रत्येक पेशे से जुड़े लोगों के लिए मानसिक शांति बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान में उन्हें विशेष शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ, जो जीवन और कार्य दोनों में संतुलन बनाए रखने में सहायक है। चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान, रांची चैप्टर के चेयरमैन अनीश जैन ने कहा कि आध्यात्मिकता व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देती है। वहीं संस्थान के सचिव दिलीप कुमार ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि राजयोग का ज्ञान कठिन परिस्थितियों में भी व्यक्ति को आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास प्रदान करता है।

### रैपिडो चालक से लूटकांड का खुलासा, दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**रांची :** रांची पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र में रैपिडो चालक से लूट की घटना का खुलासा किया है। साथ ही इस मामले में दो शातिर अपराधी को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस के मुताबिक, 26 जून की रात करीब एक बजे बड़ा तालाब स्ट्रीट के पास लूट की वारदात हुई थी, जहां बदमाशों ने रैपिडो चालक जख्मी प्रताप कुमार उर्फ मुकेश (18) पर चाकू से हमला कर उसकी बाइक लूट ली थी। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पवन कुमार मिश्रा और केशव सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों पूछताछ और उसकी निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई बाइक, घटना में प्रयुक्त स्टील का फोल्डिंग चाकू तथा एक-एक मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं और इनका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है।

### अल्बर्ट एक्का चौक पर एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन

**रांची :** एसआईआर की गैर-लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अल्बर्ट एक्का चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। जहां सैकड़ों लोग एकत्रित हुए और विरोध दर्ज कराया। इस दौरान चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एसआईआर के माध्यम से नागरिकता जांच की कोशिश की जा रही है, जिसे उन्होंने असंवैधानिक और लोकतंत्र विरोधी बताया। एसआईआर के जरिये नागरिकता जांच नहीं सहेंगे और विसंगति का इस्तेमाल कर मतदाताओं को लाइन में खड़ा करना नहीं चलेगा- जैसे नारों से धरना प्रदर्शन में गूंज उठा। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि मतदाता सूची का ऑडिट ग्राम सभा और वार्ड सभा स्तर पर होना चाहिए, न कि केवल चुनाव आयोग के दफ्तरों में।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में 4.305 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक-मोबाइल जब्त




**रांची :** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4.305 किलोग्राम अफीम के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सनिका मुंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से अफीम के अलावा एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमर कुमार पांडेय ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति तैमारा की ओर से बाइक पर अवैध अफीम लेकर रामपुर क्षेत्र में बेचने के उद्देश्य से आने वाला है। सूचना के आधार पर नामकुम थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने रांची-टाटा मार्ग पर नामकुम और दशमफॉल थाना क्षेत्र की सीमा के पास राईसा नदी के निकट वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान तैमारा की ओर से आ रहे एक नीले रंग की मोटरसाइकिल सवार को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन वह बाइक घुमाकर वापस भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान सनिका मुंडा के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसकी बाइक में टंगे एक झोले से 4.305 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने अफीम, बाइक और मोबाइल फोन जब्त कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। थाने में पूछताछ के दौरान आरोपित ने स्वीकार किया कि बरामद अफीम उसके खेत में अवैध रूप से उगाई गई अफीम की फसल से चिरा लगाकर निकाली गई थी। उसने यह भी बताया कि वह पहले भी कई बार विभिन्न ग्राहकों को अफीम बेच चुका है और इस बार वह रामपुर में एक व्यक्ति को तयशुदा रकम पर अफीम की खेप पहुंचाने जा रहा था। पुलिस ने मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान शुरू कर दी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

### रांची में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**रांची :** डांस वांस एकेडमी और उत्कल कराटे स्कूल (झारखंड शाखा) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हो गया। बारियातू में आयोजित शिविर का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को आत्मरक्षा, अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रत्येक बच्चे और युवा के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कराटे केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और विपरीत परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता विकसित करने का प्रभावी साधन भी है। डांस वांस एकेडमी के निदेशक शिवम मनोहरन और लक्ष्मी मिश्रा ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें नियमित अभ्यास जारी रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कराटे से सीखे गए कौशल और अनुशासन को दैनिक जीवन में अपनाकर युवा अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास कर सकते हैं। शिविर के दौरान सेम्पई रवि कुमार ने प्रतिभागियों को वार्म-अप और कराटे की बुनियादी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। वहीं चंदन कुमार ने काता की विभिन्न विधाओं का अभ्यास कराया। सेंसेई संदीप लाल और सेम्पई प्रिंस ठाकुर ने कुमिते की तकनीकों के साथ आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के प्रभावी तरीके भी बताए गए।

### फोटो जर्नलिस्टों के मैत्री क्रिकेट मैच में फॉक्स-11 की शानदार जीत



**रांची :** झारखंड के फोटो जर्नलिस्टों के बीच रविवार को बरियातू स्थित बुद्धा फाउंडेशन परिसर के मैदान में मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। 11-11 ओवर के इस रोमांचक मुकाबले में लैंसमैन-11 और फॉक्स-11 की टीमों ने खेल भावना, आपसी सौहार्द और उत्साह का शानदार परिचय दिया। मुकाबले में फॉक्स-11 ने सात विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लैंसमैन-11 की टीम ने निर्धारित 11 ओवर में 102 रन बनाए। टीम के कप्तान मनोरंजन कुमार सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 45 रन बनाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अमित दास ने 17 रन का योगदान दिया, जबकि अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी पारियां खेलकर टीम के स्कोर को मजबूती प्रदान की। 103 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फॉक्स-11 की टीम ने आक्रामक शुरूआत की और 10.3 ओवर में केवल तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की जीत के नायक रूपेश नारायण रहे, जिन्होंने नाबाद 48 रन की शानदार पारी खेलते हुए अपनी टीम को सात विकेट से यादगार जीत दिलाई। उनकी संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खेल भावना और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। प्रतियोगिता के समापन पर खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। रूपेश नारायण को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। लैंसमैन-11 के कप्तान मनोरंजन कुमार सिंह को 'बेस्ट बल्लेबाज', राजकुमार को 'बेस्ट गेंदबाज' तथा बॉबी को 'बेस्ट फील्डर' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव, रांची नगर निगम की मेयर रौशनी खलखो, वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट, खेल प्रेमी तथा बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस तरह के मैत्रीपूर्ण आयोजनों को आपसी सहयोग, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने वाला बताया।

## जाति, धर्म और आरक्षण

मतांतरण से आरक्षण नहीं मिलता। इस्लाम अपनाने वाला व्यक्ति अपना मत बदल कर मुसलमान हो सकता है लेकिन पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं रह जाता। मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि ईसाई मिशनरियों और इस्लामी उपदेशकों ने सदियों तक अपने-अपने पंथ की प्रशंसा की है कि उनके यहां सामाजिक समता है। बराबरी है। भेदभाव नहीं है। हिन्दुओं में जाति व्यवस्था है। कोर्ट ने कहा है कि उसका मत है कि कुछ वर्गों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा बताना कुरान की शिक्षा के विपरीत है। फिर इस्लाम का तो दावा ही बराबरी वाला समाज बनाना है। बहुत लम्बे समय से ईसाई और इस्लामी धर्म उपदेशक धर्मांतरित व्यक्ति के लिए भी पिछड़े वर्गों की सुविधाएं मांगते रहे हैं। भिन्न-भिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों ने ऐसे ही विचार व्यक्त किए हैं और फैसले सुनाए हैं। लेकिन राजनीतिक दलतंत्र द्वारा धर्मांतरित व्यक्ति के लिए भी आरक्षण की सुविधा मांगी जाती रही है। इस दफा न्यायालय ने साफ कर दिया है कि सिर्फ मतांतरण करने से किसी व्यक्ति का वर्ग नहीं बदलता और मतांतरित व्यक्ति को पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं माना जा सकता। मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के मार्च 2024 के आदेश को असंवैधानिक बताया है और उसे रद्द कर दिया है। सरकारी आदेश में मतांतरण करने वाले व्यक्ति को मुस्लिम पिछड़ा वर्ग का सदस्य माना गया था। मतांतरित व्यक्ति को भी पिछड़े वर्ग के रूप में मान्यता देने का प्रावधान किया गया था। यह चर्चित फैसला मद्रास हाई कोर्ट की पीठ ने 25 जून को सुनाया है। कोर्ट ने यह निर्णय सम्यक विचारोपरान्त एक ऐसे मामले में दिया है, जिसमें एक व्यक्ति, जिसका जन्म हिन्दू परिवार में हुआ था और बाद में उसने हिन्दू धर्म छोड़ कर अपना नाम समीर अहमद रख लिया था। मुसलमान हो जाने के बाद उसने स्वयं को मुस्लिम लेब्बाई समुदाय का सदस्य बताया। उसने अपने तहसीलदार से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र की मांग की। तहसीलदार ने उसका आवेदन खारिज कर दिया। तब वो हाई कोर्ट पहुंचा। तमिलनाडु सरकार ने अपने आदेश में प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या डिनोटिफाइड समुदायों से आने वाले लोग यदि धर्मांतरण करते हैं और इस्लाम धर्म अपनाते हैं तो उन्हें भी पिछड़े वर्गों के रूप में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। सरकार का तर्क था कि इससे मतांतरण करने वाले व्यक्तियों के भी अधिकार सुरक्षित रहेंगे। लेकिन कोर्ट ने यह दलील नहीं मानी और स्पष्ट कर दिया कि आरक्षण का आधार पंथ या मजहब नहीं होता। बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन होता है। कोर्ट ने साफ किया कि संवैधानिक श्रेणियों जैसे अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग को एक साथ मिला कर नई श्रेणी बनाना संविधान के मूल ढांचे के विपरीत है। मद्रास हाई कोर्ट ने ही 1951 के फैसले का हवाला देते हुए कहा था कि, जब कोई हिन्दू इस्लाम अपनाता है तो वह सिर्फ मुसलमान बनता है। समाज में उसकी प्रतिष्ठा जाति के आधार पर नहीं होती। हिन्दू धर्म छोड़ते ही वह अपनी मूल जाति का सदस्य नहीं रह जाता। आरक्षण का मसला भारत की संविधान सभा में भी आया था। मजहबी आधार पर ही देश का विभाजन हो चुका था। संविधान सभा बड़े उदास क्षणों में आरक्षण पर विचार कर रही थी। संविधान सभा ने सरदार पटेल की अगुवाई में अल्पसंख्यकों के आरक्षण के मुद्दे पर विचार करने के लिए समिति बनाई थी। समिति ने अपनी सिफारिश में मजहबी आरक्षण को सिरे से खारिज कर दिया था। सभा की अल्पसंख्यक अधिकारियों, मूलाधिकारों संबंधी समिति के सभापति सरदार पटेल ने संविधान सभा में समिति की रिपोर्ट (25 मई, 1949) पेश की। लगातार दो दिन (25 व 26 मई, 1949) बहस हुई। जगत नारायण लाल ने कहा, भारत एक लौकिक (सेकुलर) राज्य होगा। उसके बाद रक्षणों की कोई मांग नहीं होनी चाहिए। जहाँ तक अनु. जातियों का प्रश्न है उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए होने के कारण ही रक्षण दिया गया है। ज्यादातर सदस्यों ने अनु. जाति के अस्थाई आरक्षण को सही बताया लेकिन आरक्षण की मूल भावना को कोसा।

## मंदिर और दान की चिंता: जन-आस्था, शुचिता और प्रशासनिक जवाबदेही का सवाल

**वरुण कुमार**

उत्तर प्रदेश की पावन नगरी अयोध्या में नवनिर्मित और भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान का सबसे बड़ा प्रतीक बनकर उभरा है। सदियों की प्रतीक्षा, अनगिनत संघर्षों, कानूनी लड़ाइयों और करोड़ों श्रद्धालुओं के त्याग का प्रतिफल यह मंदिर जन-मन के अटूट विश्वास का केंद्र है। किंतु, हाल ही में राम मंदिर में चढ़ावा चोरी (दान राशि के गबन) के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट का दर्ज होना और कुछ प्रमुख आरोपियों की गिरफ्तारी ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना केवल एक वित्तीय अपराध या सामान्य चोरी का मामला नहीं है, बल्कि यह करोड़ों श्रद्धालुओं की अगाध आस्था पर एक वज्रपात है, जिसने मंदिर प्रबंधन, धार्मिक न्यासों (ट्रस्टों) की पारदर्शिता और शुचिता पर एक बहुत बड़ा यक्ष प्रश्न खड़ा कर दिया है। धार्मिक स्थलों में चढ़ावे की चोरी से आहत देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस मामले में त्वरित और कड़ी कानूनी कार्रवाई का बेसब्री से इंतजार था। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत विश्वासघात, धोखाधड़ी, चोरी और आपराधिक साजिश जैसी गंभीर और गैर-जमानती धाराएं लगाई गई हैं।प्रथम दृष्टया, यह देखना संतोषजनक है कि जांच एजेंसियां इस बेहद संवेदनशील मामले में बहुत फूंक-फूंककर कदम रख रही हैं और अत्यंत सावधानी बरत रही हैं। यही मुख्य कारण है कि इस मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने में काफी समय लिया गया, ताकि कानून के समक्ष कोई भी तकनीकी खामी आरोपियों के लिए ढाल न बन सके।

इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि पर दृष्टि डालें, तो उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता द्वारा की गई शिकायत और उसके बाद मीडिया में आए तथ्यों के बाद यह मामला राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में तेजी से गरमाया। जनभावनाओं के उद्वेलन और विपक्ष के तीखे हमलों को देखते हुए राज्य सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए गत 13 जून को एक उच्च स्तरीय विशेष जांच दल का गठन किया। एसआईटी को न केवल इस विशिष्ट चोरी की घटना की जांच सौंपे जाने का निर्देश था, बल्कि उसे मंदिर ट्रस्ट (श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट) की समग्र प्रशासनिक भूमिका, वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को भी गहराई से परखने की जिम्मेदारी दी गई। यह मानकर चलना चाहिए कि वर्तमान में दर्ज की गई प्राथमिकी इतनी पुख्ता और साक्ष्यों से सुसज्जित होगी कि उसके आधार पर न्यायालय में दोषसिद्धि सुनिश्चित की जा सके। हाल के वर्षों में भारतीय न्यायिक है। प्रणाली के इतिहास में हम लगातार यह देख रहे हैं कि जांच एजेंसियों द्वारा जल्दबाजी में तैयार की गई चार्जशीट या प्राथमिकी में रह गई एक छोटी सी तकनीकी खामी भी अंततः पूरे मामले को कमजोर कर देती है और बड़े से बड़े अपराधी कानून की कमियों का लाभ उठाकर बरी हो जाते हैं। अतः, यदि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज होने में कुछ विलंब भी हुआ है, तो उसे न्याय की सुदृढ़ता के लिए स्वीकार किया जा सकता है। अब जब औपचारिक रूप से जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है, तो जांच में जुटी एसआईटी और अभियोजन पक्ष की यह परम जिम्मेदारी है कि वे अदालत में अकाट्य वैज्ञानिक और दस्तावेजी आरोप साबित करके दिखाएं।

राम मंदिर में चोरी का यह संगीन और दुर्भाग्यपूर्ण मामला इस समय सार्वजनिक विमर्श के केंद्र में है। स्वाभाविक रूप से, जहां इतनी बड़ी लोक-आस्था जुड़ी हो, वहां राजनीति का प्रवेश भी अपरिहार्य हो जाता है। वर्तमान में इस मुद्दे पर जमकर राजनीति हो रही है। इस घटना की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर भी दबी जुबान में और कहीं-कहीं खुले तौर पर दुख, आत्मनिरीक्षण और भारी रोष के स्वर उभर रहे हैं। दक्षिणपंथी विचारकों और सांस्कृतिक संगठनों में भी इस बात को लेकर तीव्र नाराजगी है कि जिस मंदिर के लिए इतना लंबा वैचारिक आंदोलन चलाया गया, वहां इस प्रकार की अनैतिक गतिविधियां कैसे पनप गईं?

दूसरी ओर, इस घटनाक्रम ने उन विपक्षी नेताओं और दलों को एक स्वाभाविक और बड़ा राजनीतिक हथियार थमा दिया है, जिनकी रुचि अक्सर मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा से ज्यादा उससे जुड़ी राजनीति और चुनावी नफा-नुकसान में रही है। विपक्ष इसे सरकार की विफलता और प्रशासनिक लापरवाही के रूप में प्रचारित कर रहा है। शायद ऐसे ही तत्वों और राजनीतिक अवसरवादियों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अत्यंत कड़ा और स्पष्ट रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में कहा है किः

इस संवेदनशील मुद्दे का इस्तेमाल अयोध्या की पावन छवि या भगवान राम के करोड़ों अनन्य भक्तों को दुर्भावनापूर्ण तरीके से निशाना बनाने के लिए कतई नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रशासनिक पारदर्शिता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री ने यह भी आह्वान किया है कि यदि किसी भी व्यक्ति, संगठन या राजनेता के पास इस घपले से जुड़ा कोई भी ठोस सुबूत या दस्तावेज है, तो वह उसे राजनीति का हिस्सा बनाने के बजाय सीधे एसआईटी के सामने पेश करे। मुख्यमंत्री भली-भांति जानते हैं कि इस घटना से देश के आम श्रद्धालुओं में कितना गहरा असंतोष और आक्रोश व्याप्त है। इसीलिए उन्होंने जनता को आश्वस्त किया है कि राज्य सरकार किसी भी स्तर पर जन-आस्था का दुरुपयोग या उसके साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी। वास्तव में, इस मामले में जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी; चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, यदि वह दोषी पाया जाता है, तो उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए।

यदि हम भारतीय इतिहास और धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन का समाजशास्त्रीय अध्ययन करें, तो यह कड़वी सच्चाई सामने आती है कि मंदिरों के दान, चढ़ावे या अचल संपत्ति के दुरुपयोग की दुष्प्रवृत्ति अत्यंत प्राचीन है। यह कोई समकालीन या नई बीमारी नहीं है। इतिहास गवाह है कि जब-जब किसी धार्मिक स्थल पर अकूत धन-संपदा का संचय हुआ है, तब-तब वणिक बुद्धि (व्यापारिक मानसिकता) और आपराधिक प्रवृत्ति वाले तत्वों की गिद्ध-दृष्टि उस पर पड़ी है।?अनेक लोग धार्मिक स्थलों और मंदिरों को ईश्वर की आराधना का केंद्र न मानकर अपनी व्यक्तिगत कमाई या प्रभाव बढ़ाने का एक सुगम साधन मान लेते हैं। ऐसे लोग जो धर्म के नाम पर अधर्म का व्यापार करते हैं, वे ईश्वर की निश्छल सेवा तो दूर की बात, किसी साधारण मंदिर के परिसर में सेवादार बनने के लायक भी नहीं हैं। चोरी और गबन करने वाले इन संकीर्ण मानसिकता के लोगों को शायद इस सनातन सत्य का भान ही नहीं था कि मंदिर की दानपेटी में आने वाला एक-एक पैसा, चाहे वह किसी गरीब की गाढ़ी कमाई का एक रुपया हो या किसी धनवान का बड़ा अर्पण, वह सीधे ईश्वर की संपत्ति बन जाता है। वह 'देवद्रव्य' है। सनातन शास्त्रों में देवद्रव्य की चोरी या उसके गबन को महापाप की श्रेणी में रखा गया है। ईश्वर के घर में चोरी करना कोई सामान्य चोरी नहीं है, यह मनुष्य की आत्मा के पतन की पराकाष्ठा है।

## मोदी बोलें या मौन रहें, चुभन तो होगी

**सियाराम पांडेय 'शांत'**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब बोलते हैं तो कुछ लोग परेशान हो उठते हैं और जब वे मौन हो जाते हैं, तब भी ऐसा ही कुछ मंजर देखने को मिलता है। देश को प्रेरित करने वाले उनके वाक्यों में भी कुछ लोग राजनीति के दीदार करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है कि जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरत देखी तिन्ह तैसी। प्रधानमंत्री मोदी के साथ भी कुछ ऐसा ही है। उनके जितने प्रशंसक हैं, उतने ही विरोधी भी हैं। इस सच से इनकार नहीं किया जा सकता। विरोधियों के आरोपों के कीचड़ में कमल खिलाने के गुर उन्हें पता है। विपक्ष को यह समझना होगा कि पहाड़ जितना ऊंचा होता है, उतनी ही गहरी उसकी खाई होती है। पहाड़ पर चढ़ना आसान होता है लेकिन उसकी छोटी पर बने रहना कठिन क्योंकि शीर्ष से गिरे व्यक्ति को वहां तक पहुंचने में उतना ही श्रम फिर करना पड़ता है। कांग्रेस को यह बात समझनी होगी। दूसरों को कोसने से बात नहीं बनेगी बल्कि अपने गुण-दोष पहचान कर पूरी शक्ति से आगे बढ़ना होगा।

मौन साधना है। शक्ति संचय का अवसर है लेकिन किसके लिए। कुछ लोगों का जवाब होगा- साधकों के लिए और कुछ लोग कह सकते हैं कि सबके लिए। वैसे तो दोनों जवाब अपनी जगह सही है। बोलना और मौन रहना दोनों जरूरी है क्योंकि यह हानि-लाभ से जुड़ा मामला है। सुविधा और असुविधा के संतुलन से जुड़ा प्रकरण है। इसलिए इसे हल्के में लेने की कतई जरूरत नहीं है। हर नागरिक को बोलने और न बोलने का औचित्य समझना चाहिए। कब बोलना है, कहां बोलना है। कितना बोलना है, क्या बोलना है और क्यों बोलना है, इसकी वैज्ञानिक योजना तो हर आम और खास के मस्तिष्क में होनी ही चाहिए अन्यथा स्थितियां अनर्थकारी हो सकती हैं। धर्मग्रंथ बताते हैं कि द्रौपदी का एक मजाक महाभारत का सबब बन गया था। वैसे भी जब दो अजीज दोस्तों के बीच झगड़ा हो। दोनों एक-दूसरे के खून के प्यासे हो जाएं तो ऐसी हालत में चुप्पी साध लेना ही श्रेयस्कर होता है। कुछ भी बोलने का मतलब है, एक की नाराजगी मोल लेना। बहुधा देखने को मिलता है कि झगड़ा छुड़ाने के चक्कर में मध्यस्थ की ही जान चली जाती है। दो सांडों के संघर्ष में बचकर निकल लेने में ही भलाई है। नीति कहती है कि ज्यादा बोलना और ज्यादा चुप रहना ठीक नहीं है। अति का भला न बोलना, अति का भला न चुप। अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप। संस्कृत ग्रंथों में "अति सर्वत्र" वर्जयेत कहकर हर व्यक्ति को सतर्क किया गया है।

वीणा के तारों को ज्यादा कसने पर जिस तरह उनके टूटने का खतरा रहता है। ढोलक की डोर कसते हुए उसे सुर में लाते वक्त कस कर ठोंकने पर जिस तरह उसके टूटने का खतरा रहता है, वैसा ही खतरा देश-विदेश में होने वाली घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया देने में होता है। सत्ताशीर्ष पर बैठे लोगों को कुछ भी कहने से पूर्व उसके फलाफल का विचार जरूर करना चाहिए। क्योंकि जितने खतरे बोलने के होते हैं, उससे कम खतरे मौन के भी नहीं है। आजकल विपक्षी दल चाहते हैं कि देश-विदेश में होने वाली हर छोटी-मोटी घटना पर प्रधानमंत्री बिना एक मिनट का विलंब किए जवाब दें। विपक्ष की बात में कुछ हद तक दम हो सकता है लेकिन क्या प्रधानमंत्री को ऐसा करना चाहिए। यह देश के व्यापक हित में होगा, यह गहन आत्म मंथन का विषय है।

चुप्पी सभी को खलती है। विपक्ष इसका अपवाद नहीं हो सकता। फिर यह अपेक्षा उस प्रधानमंत्री से है जो बोलते ही रहते हैं। लोग अपने मन की बात छिपाते हैं और वह उसे भी रेडियो पर व्यक्त करते हैं लेकिन महत्व के मुद्दों पर जब वे मौन साध लेते हैं तो किसी भी व्यक्ति का शंकासिक्त हो उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने अपने एक लेख में कहा है कि इजराइल द्वारा गाजा में किए जा रहे हमले पर मोदी सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता नैतिक रूप से निंदनीय व राष्ट्रीय हित की दृष्टि से समझ से परे है। उनका आरोप है कि मोदी सरकार ने खुद को अपने पारंपरिक सहयोगियों फिलिस्तीन, ईरान और वृहद पश्चिम एशिया से अलग-थलग कर लिया है। वैश्विक जनमत से दूरी बना ली है और पाकिस्तान को मध्यस्थ की भूमिका निभाने का अवसर दे दिया। कांग्रेस नेता इस तरह की बातें लंबे समय से कर रहे हैं कि मोदी सरकार में भारत की विदेश नीति कमजोर हुई है लेकिन जिस तरीके से प्रधानमंत्री मोदी को अनेक देशों के सर्वोच्च पुरस्कार मिल चुके हैं और अनवरत मिलते जा रहे हैं, उससे ऐसा तो नहीं लगता कि हम वैदेशिक कूटनीति के मोर्चे पर कहीं कमजोर हुए हैं।

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच भी भारतीय तेल टैंकर बंद पड़े होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से गुजरकर भारत पहुंचे हैं। हां, कुछेक तेलवाहक जहाजों पर हमले भी हुए हैं। कुछ दूसरे देशों के तेलवाहक जहाजों पर कभी ईरान और कभी अमेरिका की ओर से हमले भी हुए हैं और उस पर तैनात कुछ भारतीय नाविकों की मौत भी हुई है। इस पर भी विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। यह जानते हुए भी इसके लिए भारत सरकार कड़ा प्रतिवाद कर चुकी है और अमेरिकी राजदूत को तलब तक कर चुकी है। जबकि कांग्रेस या अन्य विरोधी दलों को पता है कि भारत के लोग दुनिया भर में काम करते हैं। किसी भी देश में कुछ भी होता है तो उसमें भारतीय नागरिकों के हताहत होने का खतरा होता है। भारत को तेल आदि बहुतेरी वस्तुओं को किसी न किसी देश से आयात करना पड़ता है। ऐसे में वह किसी एक देश के पक्ष में बोलकर दूसरे देश से बिगाड़ क्यों करना चाहेगा? लेकिन जिस तरह कांग्रेस या दूसरे राजनीतिक दल मोदी सरकार को घेर रहे हैं, उससे यही लगता है कि या तो वे भारत की आवश्यकताओं और समस्याओं से अनभिज्ञ हैं या फिर जानबूझकर उसे जलती आग में हाथ डालने की सलाह दे रहे हैं। हालांकि ऐसा करने में चित और पट दोनों विपक्ष के हित में है। देश के हितों की चिंता करने वाला व्यक्ति ऐसी सलाह कभी नहीं देगा। यह इस बात का भी संकेत है कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस के लिए भारत की विदेश नीति से अधिक वोटबैंक की राजनीति महत्वपूर्ण है। भारत ने गाजा और फिलिस्तीन के मुद्दे पर कई अवसरों पर अपना स्पष्ट रुख रखा है और ठोस मानवीय सहायता भी उपलब्ध कराई है। संयुक्त राष्ट्र के युद्धविराम संबंधी प्रस्तावों के समर्थन में भारत का रुख किसी से छिपा नहीं है। फिलिस्तीन अगर भारत को अपना विरोधी समझता तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिलिस्तीन का सर्वोच्च नागरिक सम्मान क्यों देता? विचार तो इस पर भी किया जाना चाहिए। भारत ने गाजा और फिलिस्तीन के मुद्दे पर कई अवसरों पर अपना स्पष्ट रुख रखा है और उसे ठोस मानवीय सहायता उपलब्ध कराई है। वैश्विक संघर्षों में आमने-सामने खड़े देशों के साथ भी समान रूप से संबंध बनाए रखने की प्रधानमंत्री मोदी की निरंतर कोशिश रही है। इजराइल, फिलिस्तीन, ईरान, अमेरिका, रूस, यूक्रेन और पश्चिमी देशों से भारत का सतत संवाद संपर्क इस बात का प्रमाण है। अब तो दुनिया के देश भी यह स्वीकार कर रहे हैं। युद्धरत देशों में शांति बहाल करने में भारत की बड़ी भूमिका हो सकती है।

कांग्रेस चाहती तो अपने छह दशक से अधिक के शासनकाल में इजराइल के साथ संबंध विकसित कर सकती थी लेकिन उसने अपनी विदेश नीति में भी वोटबैंक की राजनीति को तरजीह दी। इजराइल से अच्छे संबंध के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने बेंजामिन नेतन्याहू को भी नसीहतों का कड़वा घूंट पिलाने में कभी संकोच नहीं किया। हमले तो इजराइल पर भी कम नहीं हुए, कांग्रेस को उस पर भी बोलना चाहिए था। जिस त्वरा के साथ उसने गाजा और रफा के मुसलमानों के लिए आवाज बुलंद की, वैसा ही कुछ वह यहूदियों की चिंता में करती तो लगता कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी दुनिया में सबके साथ है। कांग्रेस ने दोस्ती की थी चीन से, चीन से उसे क्या मिला- धोखा। तिब्बत भारत के हाथ से चला गया। अक्साईचिन का बड़ा भूभाग चीन ने कब्जा लिया। अरुणाचल प्रदेश पर भी उसकी गिद्ध दृष्टि है। मोदी सरकार ने चीन को भूटान और गलवान में न केवल मुंहतोड़ जवाब दिया बल्कि उसकी हर चाल को बेकार भी किया है। जिन 30 से अधिक देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान दिए हैं, उनमें सर्वाधिक मुस्लिम देश हैं जिन्हें लगता है कि भारत में मुसलमान दुनिया के किसी भी देश की अपेक्षा कहीं ज्यादा सुरक्षित हैं और भारत में बिना किसी धार्मिक विभेद के सभी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

इसमें संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते सोनिया गांधी और उनका परिवार अब भारत विरोध पर आमादा हो गया है। सत्ता से दूर होने का तनाव उसके कार्य व्यवहार पर भी नजर आने लगा है। बेहतर यह होगा कि कांग्रेस आत्मावलोकन करे। कौन कब बोले या मौन रहे, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह होगा कि कांग्रेस क्या बोले और क्यों बोले? बोलने और न बोलने की यह राजनीति देश को कहां ले जाएगी, आज का विचारणीय बिंदु यही है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से सम्बद्ध हैं।)**

### सूडोकु नवताल- 7840

✷✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7839 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## ईरान कैसे बना महाशक्ति

**तनवीर जाफरी**

अमेरिका, इजराइल द्वारा ईरान पर जून 2025 में 12 दिन का और उसके बाद 28 फरवरी 2026 को लगभग 40 दिन का युद्ध थोपा गया था। अचानक थोपे गये इस युद्ध में हालांकि ईरान को जान व माल का काफी नुकसान हुआ परन्तु ईरान ने भी परमाणु शक्ति संपन्न हुये बिना ही इन दोनों परमाणु शस्त्र संपन्न देशों को ऐसा करारा जवाब दिया कि आखिरकार स्वयं को विश्वविजेता कहलाने वाले अमेरिका को युद्ध से बाहर निकलने के रास्ते तलाशने पड़े। इतने कम समय के युद्ध में अमेरिका व इस्त्राईल को इतना नुक़्सान पहले कभी नहीं उठाना पड़ा। आज अमेरिका से लेकर इस्त्राईल तक की जनता यह स्वीकार कर रही है कि इस युद्ध में हर मोर्चे पर ईरान ही विजेता रहा है। क्योंकि ईरान अमेरिका द्वारा युद्धोपरांत हस्ताक्षर किये गये सहमति पत्र में स्वीकार की गयी अधिकांश बातें ईरान के हक में तथा ईरान को फायदा पहुँचाने वाली हैं। हालांकि अमेरिका द्वारा पुनः युद्धविराम के समझौते का उल्लंघन कर ईरान पर कई बड़े हमले करने व ईरान द्वारा भी कुवैत व बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर कड़ी जवाबी कार्रवाई करने के समाचार हैं। ऐसे में सवाल यह है कि लगभग 50 वर्षों से वैश्विक प्रतिबंधों का भी सामना करने वाले इस देश ने अत्यंत सीमित संसाधनों के बावजूद अमेरिका व इजराइल जैसे शक्तिशाली,चालबाज व छल कपट में माहिर देशों का एक साथ मुकाबला कैसे किया?

इसमें कोई संदेह नहीं कि ईरानी लोग मुसलमानों के उस शिया वर्ग से सम्बन्ध रखते हैं जो हजरत अली,हजरत इमाम हुसैन व करबला की उस घटना से प्रेरणा लेते हैं जो असत्य,अन्याय व अत्याचार के आगे कभी सर न झुकाने की सीख देती है। इसके साथ साथ ईरान ने धरातल पर जो दूरगामी व सधी हुई रणनीति अपनाई उसी ने ईरान को न केवल अमेरिका व इस्त्राईल जैसे परमाणु शक्ति संपन्न देशों पर विजय दिलाई बल्कि ईरान को विश्व की महाशक्तियों की सूची में भी शामिल कर दिया। अमेरिका व इस्त्राईल की नाराजगी के भय से पूरे युद्ध के दौरान आधिकारिक रूप से किसी भी देश ने ईरान की सहायता नहीं की न ही ईरान ने खाने-पीने की चीजों व दवाईयों तक के लिये कोई अपील जारी की। युद्ध शुरू होते ही रोटी, पेट्रोल और डीजल ईरानियों के लिये निःशुल्क कर दिए गए ताकि उन्हें युद्ध के बोझ का एहसास न हो। अमेरिकी व इस्त्राईली भीषण बमबारी के बावजूद, एक भी ईरानी नागरिक ने पलायन नहीं किया हाँ विदेशों में रहने वाले हजारों ईरानी अपने देश की रक्षा की गरज से स्वदेश वापस जरूर लौटे। युद्ध के दौरान, कई प्रमुख मंत्री अमेरिका विरोधी प्रदर्शनों में प्रदर्शनकारियों के साथ निडर होकर सारी सारी रात सड़कों पर नजर आये। हद तो यह है कि ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकीयान स्वयं बाजारों में जाकर वस्तुओं के मूल्य व जनसुविधाओं का जायजा लेते नजर आये।


सवाल यह है कि ईरान के लोगों व वहाँ के नेतृत्व में इतना दृढ़ विश्वास आया कहाँ से? तो आइये नजर डालते हैं कुछ उन छोटी छोटी सामान्य बातों पर जिसे भले ही दुनिया के अधिकांश देशों के लोग व वहाँ का नेतृत्व सम्मान या सम्पन्नता की नजरों से क्यों नदेखते हों परन्तु ईरान के लोगों ने इनसे दूर रहना ही राष्ट्रहित में समझा। मिसाल के तौर पर ईरान के सुप्रीम लीडर ने अपना निजी मकान तक नहीं खरीदा। ईरान के मंत्रियों और शीर्ष सैन्य अधिकारीयों व अन्य आला अफसरों के बच्चे विदेश में पढ़ाई करने नहीं जाते। ईरानी सरकार का कोई भी सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी विदेशी बैंकों में पैसे जमा नहीं कर सकते। ईरान का कोई भी मंत्री,जनरल या उच्चाधिकारी देश के बाहर कोई दूसरा मकान नहीं बनाता। ईरान के सुप्रीम लीडर बिना दिखावे व प्रचार के रोजाना 18 घंटे काम करते हैं। वहां कोई भी अमेरिकन या यूरोपीय शिक्षण संस्थान नहीं हैं। ईरान में साक्षरता दर 97 प्रतिशत है क्योंकि शिक्षा मुफ़्त है। इसीलिये वहां के अधिकांश लोग डॉक्टर इंजीनियर,प्रोफेसर आदि हैं जिसका साक्षात नतीजा ईरान ने पिछले युद्ध के दौरान अपनी ड्रोन व मिसाईल क्षमता को साबित कर दुनिया को दिखा भी दिया।

तमाम प्रतिबंधों के बावजूद वहां जनता की जेब काटने जैसी कोई टैक्स व्यवस्था नहीं है। यदि परिस्थितिवश वहां मूलयवृद्धि होती भी है तो दूसरी तरफ सुप्रीम लीडर के बजट से लोगों को साथ साथ उतनी ही राहत भी दी जाती है। वहां महिलायें कम्युनिटी प्रोग्राम में हिस्सा लेती हैं। प्रसव निःशुल्क हैं, साथ ही बच्चे के जन्म पर मां के खाते में कम से कम 20,000 रू का उपहार भी भेजा जाता है। प्रत्येक इलाज का 70% सरकार देती है, जबकि 30% मरीज देता है। चोरी, डकैती, बेईमानी, बलात्कार जैसे अपराध बिल्कुल नहीं है। चंदा या दान चोरी की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। वहां रॉयल कल्चर या प्रोटोकॉल जैसी कोई चीज नहीं है। ईरान भिखारी रहित देश है। वहां के नियमानुसार पुलिस सूर्यास्त से सूर्योदय तक किसी अपराधी के घर में नहीं घुस सकती क्योंकि वह समय उसकी पत्नी और बच्चों का होता है। वहाँ की जेलें खाली हैं, और अगर कोई अपराधी जेल जाता भी है, तो उसे जेल में काम दिया जाता है, जिसकी तंख़्वाह/मजदूरी उसके घर भेजी जाती है ताकि उसके परिवार के लोग पैसों के अभाव में किसी अपराध में शामिल न हों।

ईरान में धर्म जाति जैसी कोई विसंगति नहीं है इसलिये कभी साम्प्रदायिक व जातीय दंगे नहीं होते। छुआछूत जादू टोना जैसी कोई प्रथा नहीं है। यहां विभिन्न धर्मों के मानने वाले व उनके अनेक पूजा स्थल हैं, धर्म के मामलों में सभी को पूरी आजादी है।

### दैनिक पंचांग

**29 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.38 बजे से |
| चंद्र | धनु में | सिंह | 08.54 बजे से |
| मंगल | वृष में | कन्या | 11.06 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.16 बजे से |
| गुरु | कर्क में | वृश्चिक | 15.31 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 17.47 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.52 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.39 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.11 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.42 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | वृष | 02.22 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 04.20 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 180 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा अहोरात्र।
**नक्षत्र** मूल 04.04 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र) 14.26 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 16.18 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 14'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872755
**जूलियन दिन** 2461220.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 13
**विशेष** पूर्णिमा व्रत, कबीरदास जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### 3.53 करोड़ की लागत के दो योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास



**साहिबगंज:** राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने उधवा प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत कुसमा में 2.98 करोड़की लागत से बनने वाले खाद्य आपूर्ति विभाग के एक हजार मैट्रिक टन के गोदाम के साथ तौलपुल व कंप्यूटर कक्ष का शिलान्यास एवं उत्तर पलाशगाछी के स्वास्थ्य उप केंद्र का शिलान्यास विधायक ने किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गति देने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है सरकार के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं का क्रियान्वन राजमहल विधानसभा क्षेत्र में कराया जा रहा है जिसका लाभ निश्चित ही क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं संवेदक के प्रतिनिधि के माध्यम से पुष्प गुच्छ देकर विधायक का स्वागत किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली उर्फ बाबू दा, प्रखंड सचिव विश्वजीत मंडल, काजू मल्लिक, रानी हांसदा, सकल हेंब्रम, मुर्शीद राजा, आकिब अनिस सहित अन्य मौजूद थे।

### जमशेदपुर में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**पूर्वी सिंहभूम:** जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित सलगझरी फाटक के समीप शनिवार देर रात एक विवाहिता ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परसुडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान देव कुमार शर्मा की पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। पुलिस और परिजनों के अनुसार, सोनी देवी का विवाह वर्ष 2013 में हुआ था। परिवार में उनके पति के अलावा तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। ससुराल पक्ष का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं। हालांकि, परिवार की ओर से उनकी बीमारी के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई।
सोपोडेरा के निवासी मृतका के भाई बबलू कुमार शर्मा ने बताया कि शनिवार रात करीब 10:30 बजे उनके बहनोई का फोन आया, जिसमें सोनी देवी द्वारा फांसी लगाने की सूचना दी गई। उन्होंने कहा कि उनकी बहन का किसी प्रकार का कोई चिकित्सकीय उपचार नहीं चल रहा था। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार में सामान्य घरेलू विवाद होते रहते थे, लेकिन आत्महत्या के पीछे की वजह की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम को संदेहास्पद बताते हुए मामले की निष्पक्ष और गहन पुलिस जांच की मांग की है। मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी सामने आया है कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। इस कारण घटना के वास्तविक कारणों को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से दिए जाने वाले आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच, उपलब्ध साक्ष्यों और संबंधित पक्षों के बयान के आधार पर ही लगाया जा सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की हर संभावित दिशा में जांच कर रही है।

# अमड़ापाड़ा में पल्स पोलियो अभियान शुरू, पहले दिन 90.82 प्रतिशत बच्चों को पिलाई गई दवा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता एवं चिकित्सा पदाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा नौनिहालों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक दवा पिलाकर किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों से अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की गई। अभियान के पहले दिन 'बूथ डे' के तहत अमड़ापाड़ा प्रखंड के 102 पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। प्रखंड में कुल 15,559 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले दिन 14,131 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई, जो कुल लक्ष्य का 90.82 प्रतिशत है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के अगले दो दिनों में टीकाकर्मी घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को दवा पिलाएंगे, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि पोलियो एक गंभीर वायरल बीमारी है, जो मुख्य रूप से पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को प्रभावित करती है। यह बीमारी बच्चे के हाथ-पैरों में स्थायी लकवा (पैरालिसिस) का कारण बन सकती है और गंभीर मामलों में जानलेवा भी साबित हो सकती है। चूंकि इसका कोई प्रभावी इलाज उपलब्ध नहीं है, इसलिए समय पर टीकाकरण और पल्स पोलियो अभियान के दौरान पोलियो की खुराक पिलाना ही इससे बचाव का सबसे कारगर उपाय है। मौके पर डॉ शिवम ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित टीकाकरण के साथ-साथ पल्स पोलियो अभियान के दौरान भी हर बार पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। विभाग का लक्ष्य है कि प्रखंड का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे, जिससे क्षेत्र को पोलियो मुक्त बनाए रखने में सफलता मिल सके। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, एएनएम, सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### वार्ड पार्षद निभा देवी ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ



**पाकुड़ :** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-11 में वार्ड पार्षद निभा देवी ने कैलाशनगर तथा रेलवे कॉलोनी मोड़ (बागतीपाड़ा) स्थित पोलियो बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड के गणमान्य लोगों ने भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान में सहभागिता निभाई। वार्ड पार्षद निभा देवी ने कहा कि पोलियो की दो बूंद बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। उन्होंने कहा कि वर्षों के सतत प्रयास और जनजागरूकता के कारण भारत पोलियो उन्मूलन की दिशा में बड़ी सफलता हासिल कर चुका है। अब आवश्यकता है कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे, ताकि देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को पोलियो मुक्त बनाने का लक्ष्य साकार हो सके। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को अवश्य पोलियो की खुराक पिलाएं। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ममता जायसवाल ने बताया कि वार्ड संख्या-11 में रविवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक पल्स पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इसके लिए वार्ड में कुल पांच पोलियो बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के अगले चरण में स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर उन बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाएंगे, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। कार्यक्रम के दौरान रतन पासवान, सुषमा देवी, राजेश साहा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पिलाएं 'दो बूंद जिंदगी की'



**पाकुड़ :** जिलेभर में रविवार से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई। उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ० सुरेंद्र कुमार मिश्रा एवं सदर अस्पताल, उपाधीक्षक डॉ मनीष कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ के.के सिंह, जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, आरसीएचओ डॉ एस के झा ने सदर अस्पताल में बच्चों को पोलियों खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। 1 लाख 89 हजार 512 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य है। उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल ने अपील किया कि खुराक पिलाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरतें। ईमानदारी पूर्वक 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाएं। पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए 1119 बूथ बनाए गए हैं। 2275 वैक्सीनेटर, 268 सुपरवाइजर को लगाया गया है। अभियान के प्रथम दिन बूथों पर 0-5 वर्ष के बच्चों को खुराक पिलाई गई। दूसरे व तीसरे दिन घर-घर जाकर खुराक पिलाना है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि हर हाल में लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। जिले में सभी बच्चे स्वस्थ रहें इसलिए उन्हें पोलियो की खुराक देना बेहद जरूरी है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह अभियान आमलोगों के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकता है। सभी लोग इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लें और अपने परिवार सहित आस पड़ोस के बच्चों को भी पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी अमित कुमार, डीपीएम, डीडीएम डीपीसी, डीयूएचएम एवं वीसीसीएम समेत अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

## डीसी ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**देवघर :** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने रविवार सुबह सदर अस्पताल, देवघर में नवजात बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया।
इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बूथ डे के तहत जिले में स्थापित 1500 पोलियो बूथों के माध्यम से अधिक से अधिक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने नजदीकी बूथ पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें 29 और 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाएंगे, ताकि अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाएं और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि "जिले के बच्चों को स्वस्थ और पोलियो मुक्त रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना बेहद जरूरी है।

### डीडीसी ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज ने रविवार को सुबह धनबाद सदर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 0 से ०5 वर्ष तक के अगस्त्या सिन्हा, सनव, मिशिका, देवांशी को "दो बूंद जिंदगी की" खुराक पिलाकर देशव्यापी पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। शुभारंभ करने के बाद उप विकास आयुक्त ने जिले के सभी अभिभावकों से उनके ०5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। उन्होंने कहा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर आने वाली पीढ़ी को पोलियो से सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि बरसात के बाद पोलियो का संक्रमण होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए इस देशव्यापी अभियान का शुभारंभ बरसात से पहले किया गया है। बताया कि पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 28 जून से 30 जून तक जिले के ०4 लाख 24 हजार 729 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

## झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के मछुआ समिति सोसायटी में हुई अहम बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के मछुआ समिति सोसाइटी के प्रांगण में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के जिला कोषाध्यक्ष राकेश कुमार महतो की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक मे संगठन मजबूती सदस्यता अभियान पूर्व में किए गए कार्यों की चर्चा किया गया।बैठक मे केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा की संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक सदस्य को आर्थिक सदस्यता शुल्क देकर संगठन को मजबूत किया जायेगा। वही उन्होंने कहा कि पूर्व में 4 जून से लेकर 21 जून तक प्रखंड स्तरीय बैठक मे जिला के पदाधिकारी का सहयोग अपेक्षाकृत संतोष जनक नहीं रहा,तो फिर संगठन कैसे मजबूत होगा। वही आगामी 30 जून को वीर शहीद जननायक सिद्धू-कान्हू चांद भैरव की जयंती के शुभ अवसर पर झारखंड मजदूर संघ (प्रजातांत्रिक) केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव समेत कई पदाधिकारी द्वारा माला अर्पण करेंगे। बैठक मे अंसार खान, मिथुन कुमार यादव, रणधीर प्रसाद चौरसिया, मनोज सोरेन, फूल कुमारी देवी, शंकर यादव, मुन्ना यादव, विजय यादव, राजू रजक, मो निजाम, रिंकू शेख, मुजीबुर रहमान सहित कई लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय आम समागम में साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड के आमों का जलवा, आम खाओ प्रतियोगिता में जीता प्रथम पुरस्कार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय आम समागम सह कार्यशाला में बरहरवा प्रखंड के किसानों एवं स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने अपने उत्कृष्ट आमों की प्रदर्शनी लगाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जीएसएलपीएस) बरहरवा के माध्यम से आयोजित इस सहभागिता को कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं आगंतुकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। प्रदर्शनी में बरहरवा प्रखंड के तेतुलिया गांव की नुरजहाँ खातून, नारजिना खातून, रहीम विश्वास तथा जगरनाथपुर गांव की असलेमा खातून सहित अन्य प्रतिभागियों ने अपने बागानों में उत्पादित विभिन्न किस्मों के आमों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय आम उत्पादकों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, आधुनिक खेती तकनीकों से जोड़ना तथा उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना था। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने आम की उन्नत खेती, रोग एवं कीट प्रबंधन, गुणवत्ता सुधार, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। विभिन्न राज्यों से आए किसानों एवं उद्यमियों ने भी अपने अनुभवों का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम में बरहरवा के आमों की गुणवत्ता, स्वाद और विविधता की उपस्थित अतिथियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। वहीं आयोजित आम खाओ प्रतियोगिता में बरहरवा के प्रतिनिधि ने प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। विजेता को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1,500 रुपये का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बरहरवा की यह उपलब्धि साहेबगंज जिले के किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों के लिए गर्व का विषय बनी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के राष्ट्रीय मंचों पर सहभागिता से क्षेत्र के आमों को नई पहचान मिलेगी तथा किसानों के लिए बेहतर बाजार और नए अवसरों के द्वार खुलेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सुदूरवर्ती टापू दियारा गोलढाब पहुंचे विधायक व डीसी जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ




**साहिबगंज :** राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा एवं उपायुक्त साहिबगंज ने संयुक्त रूप से साहिबगंज जिला के सुदूरवर्ती गांव उधवा प्रखंड के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत अंतर्गत गोलढाब असराउल टोला पहुंचकर पल्स पोलियो अभियान के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक, उपायुक्त, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान व एसडीओ सदानंद महतो ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर एवं वैक्सीन करियर में फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। विधायक ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए जरूरी है यह हम सभी जानते हैं अब हम सभी ग्रामीण एवं अभिभावकों का कर्तव्य है कि इस निर्धारित उम्र के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं ताकि बच्चा रोग मुक्त रहें। उपायुक्त ने कहा के समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य व्यवस्था की सुविधाओं से लाभान्वित करना यह सरकार और जिला प्रशासन का लक्ष्य है इसके तहत जिला के सबसे सुदूरवर्ती गांव पहुंचे ताकि यहां के लोग पल्स पोलियो अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के साथ-साथ टापूनुमा दियारा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को भी दुरुस्त करना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। सभी सम्मानित अतिथियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। मौके पर प्रभारी उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गुफरान आलम, सहित अन्य मौजूद थे।

### बंद पड़े खदान के गहरे पानी में नहाने के दौरान किशोर की डूब कर हुई मौत



**साहिबगंज:** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के बीस नम्बर पहाड़ पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां बंद पड़ी खदान के गहरे गड्ढे में जमा पानी में नहाने गए एक 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार और पूरे गांव में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 12 बजे मिजाचौकी के महादेववरण निवासी जगलाल चौधरी का 16 वर्षीय पुत्र सुमन चौधरी अपने कुछ दोस्तों के साथ बीस नम्बर पहाड़ पर गया था। वहां बंद पड़ी खदान के गड्ढे में भारी मात्रा में पानी जमा था, जिसमें सभी किशोर नहाने के लिए उतर गए। नहाने के दौरान सुमन गहरे पानी की तरफ चला गया और अचानक डूबने लगा। सुमन को डूबता देख उसके साथियों ने अपने स्तर से उसे बचाने और खोजने की काफी कोशिश की। लेकिन खदान का गड्ढा बेहद गहरा होने और उसमें अत्यधिक पानी भरे होने के कारण साथी ज्यादा अंदर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। अनहोनी की आशंका को देखते हुए साथियों ने तुरंत भागकर इसकी सूचना महादेववरण गांव में परिजनों और ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही भारी संख्या में परिजन और ग्रामीण खदान की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सुमन को पानी से बाहर निकाला। उसे तुरंत मिजाचौकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पड़ोसी राज्य बिहार के पीरपैंती रेफर कर दिया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में सुमन ने दम तोड़ दिया। इस घटना ने एक बार फिर बंद पड़ी खदानों के खुले गड्ढों में जमा पानी से होने वाले खतरों को उजागर कर दिया है, जो स्थानीय बच्चों और युवाओं के लिए लगातार जानलेवा साबित हो रहे हैं।

### मिर्जाचौकी में अवैध लॉटरी टिकट का कारोबार चरम पर




**साहिबगंज:** मिजाचौकी क्षेत्र में इन दिनों अवैध लॉटरी टिकट का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। कथाकथित स्थानीय लोगों के अनुसार चौक-चौराहों, रेलवे स्टेशन परिसर सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम लॉटरी टिकट की बिक्री की जा रही है। लोगों का कहना है कि मिजाचौकी थाना के समीप भी फुटकर विक्रेता बिना किसी भय के लॉटरी टिकट बेचते देखे जा सकते हैं। चर्चा है कि मिजाचौकी बाजार के चार-पांच लोग इस अवैध कारोबार के थोक संचालन में संलिप्त हैं। आरोप है कि ये कारोबारी प्रतिदिन लाखों रुपये का अवैध कारोबार करते हुए फुटकर विक्रेताओं को कमीशन के आधार पर लॉटरी टिकट उपलब्ध कराते हैं। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर टिकटों की बिक्री की जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कम समय में अधिक धन कमाने की लालच में गरीब एवं मजदूर वर्ग के लोग लॉटरी टिकट खरीदकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। इससे कई परिवार आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। प्रशासन की कारवाई लोगों ने प्रशासन से इस अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है इस संबंध में जिले के एक वरीय पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि अवैध लॉटरी कारोबार की सूचना मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है तथा इसमें संलिप्त लोगों की पहचान कर शीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### तेतरिया पहाड़ पर डीडीसी ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



**साहिबगंज:** जिले के बोरियो प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अन्तर्गत तेतरिया पहाड़ में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ आज रविवार को डीडीसी शतीश चन्द्रा ने किया। वहीं सीएचसी में प्रखंड प्रमुख शांति बास्की ने किया। मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. पंकज कुमार, डॉ. रोहित गोंड़, डॉ. कुलदीप कुमार, बीपीएम विष्णु भगत, डॉ. विवेक भारती, डॉ. पंकज गुप्ता, एलटी मिटू कुमार, अफरोज सहित एएनएम, एमपीडब्ल्यू आदि थे। बीपीएम ने बताया कि प्रखंड में 28,660 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य है। कुल 139 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। तीन दिवसीय पोलियो अभियान के तहत 0-5 वर्ष के उम्र के बच्चों को पहले दिन बूथ पर तथा 29-30 जून को छुटे बच्चों को डोर-टू-डोर अभियान चलाकर पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा। वहीं तेतरिया पहाड़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर सैकडों पहाड़िया लोगों की स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया।

## एक नजर

### पांडरासोली में बनेगा अत्याधुनिक लाइन हब मिलेगी निर्बाध बिजली

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम के पोटका विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में बिजली व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। पांडरासोली में करोड़ों रुपये की लागत से अत्याधुनिक लाइन हब बनाया जाएगा, जिससे पोटका से डुमरिया तक निर्बाध और बेहतर वोल्टेज के साथ बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयारी है। इस संबंध में रविवार को विधायक संजीव सरदार ने जमशेदपुर परिसदन में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता के साथ समीक्षा बैठक कर परियोजना की रूपरेखा तय की। योजना के तहत चाईबासा से आने वाली पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन की 400/220 केवी ट्रांसमिशन लाइन को चांडिल से आने वाली झारखंड ऊर्जा संचरण निगम की 400/220 केवी लाइन से जोड़ा जाएगा। दोनों लाइनों के इंटरकनेक्शन से पांडरासोली एक प्रमुख पावर जंक्शन के रूप में विकसित होगा, जिससे लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और लंबी बिजली कटौती जैसी समस्याओं में बड़ी राहत मिलेगी।

### जिला स्तरीय खो-खो चयन प्रतियोगिता संपन्न

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को एग्रीको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में जूनियर, सब जूनियर और सीनियर वर्ग की जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। एक दिवसीय चयन ट्रायल में जिले के 16 विद्यालयों और विभिन्न खेल क्लबों के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। जिला टीम में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, जोश और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ हिस्सा लिया।

### सड़क हादसे में सेवानिवृत्त सैनिक की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के सायतबा गांव के समीप रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक सेवानिवृत्त सैनिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोइलकेरा प्रखंड के नूगढ़ी निवासी 58 वर्षीय सुरेंद्र जामुदा के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र सुनील कुमार जामुदा ने बताया कि उनके पिता अपने भाई के साथ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चाकोपसाई गए थे। वहां उनकी गाड़ी में खराबी आने के कारण उसे एक गैरेज में मरम्मत के लिए छोड़ दिया गया। इसके बाद दोनों भाई एक बाइक के घर लौट रहे थे। इसी दौरान सायतबा गांव के समीप सामने से आ रही एक ऑडी कार से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में सुरेंद्र जामुदा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन और स्थानीय ग्रामीण उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गोइलकेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।

# एसआईआर-2026 को लेकर डीसी ने दिए निर्देश, 30 जून को सभी मतदान केंद्रों पर चलेगा विशेष जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो के जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने रविवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 को लेकर गठित मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी ईआरओ, एईआरओ, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ 29 एवं 30 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, मतदान केंद्रों पर बीएलओ की बैठक, चुनाव पाठशाला तथा हैशटैग अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।



डीसी ने कहा कि सोशल मीडिया मतदाता जागरूकता का प्रभावी माध्यम है, इसलिए सभी अधिकारी नियमित रूप से सक्रिय रहें और तथ्यात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री ही साझा करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिदिन कम-से-कम एक से डेढ़ घंटे सोशल मीडिया गतिविधियों के लिए निर्धारित किए जाएं।

उन्होंने बताया कि 30 जून को सुबह 11 से 12 बजे तक जिले के सभी 1,581 मतदान केंद्रों पर विशेष हैशटैग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी अधिकारी एवं बीएलओ अधिक से अधिक पोस्ट कर #JharkhandSIR, #BokaroSIR और #BokaroSeJohar का उपयोग करेंगे तथा संबंधित आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल को टैग करेंगे।

डीसी ने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ 30 जून को सुबह 10 बजे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दें। उन्होंने "कोई भी पात्र मतदाता छूटेगा नहीं" को अभियान की मुख्य टैगलाइन बनाते हुए व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में मीडिया एवं कम्युनिकेशन गतिविधियों, चुनाव पाठशाला के आयोजन तथा एसआईआर-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, डीपीआरओ रवि कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद की शाखा स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**7 नए सदस्यों ने ग्रहण की सदस्यता एवं ली शपथ, सेवा, संस्कार, महिला सहभागिता एवं पर्यावरण प्रकल्पों पर हुआ गहन मंथन**

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : भारत विकास परिषद, बोकारो स्टील सिटी उत्तर एवं दक्षिण शाखा के संयुक्त तत्वावधान में शाखा स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन रविवार, 28 जून 2026 को मंगलम, रशियन क्लब में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य परिषद की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली, सेवा गतिविधियों एवं विभिन्न प्रकल्पों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु सदस्यों का मार्गदर्शन करना था।



कार्यशाला के मार्गदर्शन हेतु प्रांतीय सचिव आदरणीय श्री सुनील कुमार जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन उत्तर शाखा के सचिव श्री संजय सिन्हा ने अत्यंत प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से किया।

कार्यशाला की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि सात नए सदस्यों का भारत विकास परिषद परिवार में विधिवत स्वागत रहा। सभी नवसदस्यों ने परिषद की सदस्यता ग्रहण करते हुए संगठन के उद्देश्यों एवं आदर्शों के प्रति पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सेवा भावना से कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रांतीय सचिव श्री सुनील कुमार जी ने सभी नवदीक्षित सदस्यों को परिषद के मूल मंत्र "स्वस्थ, समर्थ, सुसंस्कृत भारत" की अवधारणा, संगठन की कार्यशैली तथा सामाजिक उत्तरदायित्वों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

कार्यक्रम में प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख श्री हरेंद्र तिवारी, प्रांतीय संस्कार प्रमुख श्री बी.बी. दास तथा प्रांतीय महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती किरण राणा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने परिषद के पांच प्रमुख आयाम– सेवा, संस्कार, सम्पर्क, सहयोग एवं समर्पण–के साथ-साथ महिला सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक जागरण जैसे विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को परिषद की गतिविधियों से जोड़ने तथा अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

अपने उद्बोधन में श्री सुनील कुमार जी ने परिषद की विचारधारा, संगठनात्मक नियमावली, कार्य संस्कृति, प्रोटोकॉल एवं अनुशासन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद केवल एक सामाजिक संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने वाला एक सशक्त संगठन है, जो सेवा और संस्कार के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

कार्यशाला के दौरान आयोजित मुक्त चिंतन सत्र में उपस्थित सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आगामी सेवा प्रकल्पों, सदस्यता विस्तार, युवा एवं महिला सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण, विकलांग सहायता स्वास्थ्य शिविर एवं संस्कार आधारित कार्यक्रमों के संबंध में अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। इन सुझावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने पर भी सहमति बनी।

कार्यक्रम के अंत में श्री ललित वर्मा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यशाला को सफल बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ।

### ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**लोहरदगा** : लोहरदगा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री और सेवन की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलीनगर स्थित एक खाली मकान में छापेमारी कर दोनों आरोपितों को रंगे हाथों पकड़ा। उनके पास से जांच के बाद 7.40 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोबाइल फोन और 3,015 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान टोरी थाना क्षेत्र निवासीइसरोज अंसारी उर्फ हेदर (27 ) और हिरही बड़काटोली निवासी जावेद अंसारी उर्फ बिल्ला (25 ) के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ लोहरदगा थाना कांड संख्या 89/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 17(बी), 21(बी), 22(बी) एवं 29के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। रविवार को दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपितों के पास से ब्राउन शुगर के तीन बड़े और 20 छोटे पुड़िया, एक वीवो एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा 3,015 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

## रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए सदर अस्पताल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें वर्ष 2025 में दो या इससे अधिक रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।ब्लड सेंटर सदर अस्पताल, बोकारो जेनरल अस्पताल और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सभी 51 रक्तदाताओं को आज के कार्यक्रम में सर्टिफिकेट, मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ एन पी सिंह ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप जैसे लोगों के कारण ही जरूरतमन्दों को समय पर रक्त मिल पाता है।सदर ब्लड सेंटर की इंचार्ज डॉ मैथिली ठाकुर ने कहा कि ऐसे रक्तदाता ही किसी ब्लड के स्तम्भ होते हैं जो नियमित रक्तदान करके अपने रक्त से किसी की जिंदगी बचाते हैं।बी जी एच ब्लड सेंटर के इंचार्ज डॉ सुरेन्द्र ने भी सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद दिया और उनका हौसला बढ़ाया।कायर्क्रम को सफल बनाने में मशहूर दन्त चिकित्सक डॉ निकेत चौधरी,ब्लड शेयर एन यू के संस्थापक अनुपम कुमार सौरव एवम ब्लड बैंक के कर्मचारियों का योगदान रहा।



सम्मानित रक्तदाताओं में शोभा रानी, अनुपम कुमार सौरव, अंजलि शर्मा, विजय कुमार, राजेश कुमार, मृणाल टोपनो, गणेश रजक, अनिल भगत, प्रशांत द्विवेदी,डॉ साकेत मिश्रा,नीतू कुमारी, बिन्नी ककड़, महेंद्र प्रसाद, संजय शर्मा, दीपक पाठक, हिमांशु राज, महेंद्र प्रसाद, राहुल कुमार,अजय राम आदि रहे।

## विश्वकर्मा समाज बोकारो का 48वां वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न, नई कार्यकारिणी का गठन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : विश्वकर्मा मंदिर 4G स्थित सामुदायिक भवन में विश्वकर्मा समाज बोकारो का 48 वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में समाज के सदस्यगण एवं पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अधिवेशन में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष श्री विकास राणा मुख्य अतिथि थे। अधिवेशन में वर्ष 2025 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया साथ ही समाज के भावी योजनाओं पर प्रस्ताव पारित हुआ। तत्पश्चात समाज की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी निर्वाचित हुए:-



समाजपति / अध्यक्षः श्री नुनूलाल विश्वकर्मा
उपसमाजपति/ उपाध्यक्षः श्री रामसागर प्रसाद एवं श्री रामानन्द शर्मा
महामंत्रीः श्री सुभाष शर्मा
संयुक्त महामंत्रीः श्री अरूण शर्मा, श्री उमेश विश्वकर्मा, श्री चंदन कुमार एवं श्री आशुतोष कुमार
कोषाध्यक्षः श्री शिवकुमार मिस्त्री

मंदिर निर्माण समिति के लिए पदाधिकारीगणः-
अध्यक्षः श्री रामलखन मिस्त्री
संयोजकः श्री लालबाबु शर्मा
कोषाध्यक्षः श्री महेन्द्र शर्मा

सलाहकारगणः-
श्री सोनेलाल मिस्त्री, श्री रामबिहारी शर्मा, श्री गुप्तेश्वर शर्मा, श्री वी पी शर्मा, श्री साधुमन शर्मा, श्री बृहस्पति शर्मा, श्री रामनाथ शर्मा, श्री कैलाश शर्मा, श्री प्रकाश शर्मा, श्री रतनलाल विश्वकर्मा, श्री अवधेश कुमार शर्मा।

निर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व समाजपति श्री रामबिहारी शर्मा ने शपथग्रहण करवाया। नवनिर्वाचित समाजपति श्री नुनूलाल विश्वकर्मा ने उपस्थित सदस्यों को अपने संदेश में कहा कि सबों को मिलजुलकर समाज की प्रगति के लिए काम करना है और नये सदस्यों को जोड़ना है। अंत में पूर्व महामंत्री श्री कैलाश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। चुनाव के पूर्व मुख्य अतिथि श्री विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि अभी प्रदेश स्तर पर अपना संगठन बहुत मजबूत हुआ है और समाज के बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं लेकिन कुछ लोग समाज को तोड़ने का प्रयास करते हैं उससे सतर्क रहना है। यहां का समाज बहुत अच्छा कर रहा है , आपलोग और अच्छा करें यही मेरी शुभकामना है।

# झारखंड मॉडल यूनाइटेड नेशंस-2026 का समापन, जीजीएसपीएस बोकारो बना सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल (जीजीएसपीएस), बोकारो में आयोजित दो दिवसीय झारखंड मॉडल यूनाइटेड नेशंस (JHMUN-2026) का रविवार को भव्य समापन हुआ। "रीराइटिंग द फ्यूचर" थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड के 15 विद्यालयों के लगभग 250 छात्र-प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों पर संसदीय बहस, कूटनीतिक संवाद और विचार-विमर्श में भाग लिया।

### मुख्य अतिथि ने युवाओं को बताया भविष्य का नेतृत्वकर्ता

समापन समारोह में बोकारो की विधायक श्वेता सिंह मुख्य अतिथि तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव एस. पी. सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि मॉडल यूनाइटेड नेशंस जैसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, अनुशासन और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करते हैं, जिससे वे भविष्य में समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



### इन प्रतिभागियों ने जीते प्रमुख सम्मान

**यूएनजीए (UNGA):**
सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि - आदित्य भास्कर (जापान)
उच्च प्रशंसा - अन्वेषा द्विवेदी
विशेष उल्लेख - नेहल शर्मा

**यूएनएससी (UNSC):**
सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि - अर्णव कुमार (यूरोपीय संघ)
उच्च प्रशंसा - अभिनव कुमार पांडेय
विशेष उल्लेख - सूरज भगत

**लोकसभा समिति:**
सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि - बृंदा करात (भूमिका)
उच्च प्रशंसा - फारूक अब्दुल्ला (भूमिका)
विशेष उल्लेख - गौरव गोगोई (भूमिका)

**एआईपीपीएम (AIPPM):**
सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि - श्रेया तिवारी (लालू प्रसाद यादव की भूमिका)
उच्च प्रशंसा - हुजैफा आदिल
विशेष उल्लेख - गौरव तिवारी

**झारखंड विधानसभा (JLA):**
सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि - शिप्रा हेम्ब्रम
उच्च प्रशंसा - ख्याति रंजन
विशेष उल्लेख - सिदरा सुंबुल

**आईपीसी (IPC):**
सर्वश्रेष्ठ पत्रकार - अनुष्का आन्या
सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफी - सत्यदीप

**जीजीएसपीएस बना सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल**

कार्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय प्रतिनिधिमंडल (बेस्ट स्कूल डेलीगेशन अवॉर्ड) गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो को प्रदान किया गया।

### आयोजन समिति की सराहना

विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार और नेतृत्वकारी नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तरसेम सिंह और सचिव एस. पी. सिंह ने आयोजन की सफलता पर प्रतिभागियों, शिक्षकों, निर्णायकों और आयोजन समिति को बधाई दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में उपप्राचार्य अमोलक सिंह, वरीय इकाई प्रभारी कौशल किशोर, आयोजन सचिव अश्मित आर्यन, देवेशी प्रसाद तथा पूरी आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राष्ट्रगान के साथ JHMUN-2026 का सफल समापन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### चिन्मय अमृत यात्रा के स्वागत को लेकर बोकारो में तैयारियां तेज



**बोकारो** : चिन्मय मिशन बोकारो और चिन्मय विद्यालय बोकारो द्वारा चिन्मय अमृत यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। यह यात्रा चिन्मय मिशन के 75 वर्ष पूरे होने के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। इसको लेकर हाल ही में बैठक हुई जिसमें सभी शिक्षक एवं प्रबंधन सदस्य उपस्थित रहे। स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने बताया कि यह 295 दिनों की राष्ट्रीय तीर्थयात्रा है जिसका उद्देश्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की विरासत को आगे बढ़ाना है। यह यात्रा 31 दिसंबर 2025 को पुणे से शुरू होकर 23 अक्टूबर 2026 को दिल्ली में संपन्न होगी। यह विभिन्न समुदायों को जोड़ते हुए सेवा और अध्ययन का संदेश देती है। चिन्मय विद्यालय बोकारो में इसे एक बड़े उत्सव के रूप में मनाने की तैयारियां चल रही हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी बोकारो वासियों को इसमें शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का जीवन विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस आयोजन से बोकारो में सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक जागरूकता और सेवा भाव को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना।

### बोकारो जिला जूडो संघ की  वार्षिक बैठक संपन्न



**बोकारो** : एमजीएम स्कूल सेक्टर 4I बोकारो में बोकारो जिला जुडो संघ की वार्षिक बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता राजीव सिंह ने की बैठक  में बोकारो जिला आठवीं जूडो प्रतियोगिता, राज्य जूडो प्रतियोगिता, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित एसजीएफआई जूडो चयन राज्य प्रतियोगिता तथा  खेलो इंडिया जैसे प्रतियोगिताओं पर विस्तृत चर्चा की गई जूडो को ज्यादा से ज्यादा स्कूलों तक पहुंचाने हेतु आठवीं बोकारो जिला जूडो प्रतियोगिता अगस्त महीने में आयोजित की जाएगी इस प्रतियोगिता में लगभग 600 खिलाड़ियों के खेलने की संभावना है। वार्षिक बैठक की मुख्य बातें जिस पर चर्चा की गई।
आठवीं बोकारो जिला जूडो प्रतियोगिता अगस्त में करने का निर्णय
प्रतियोगिता को किड्स, सब जूनियर, कैडेट,जूनियर एवं सीनियर वर्ग में कराई जाएगी
प्रतियोगिता में 12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाएंगे
12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को संघ द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी
10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को उनके राज्य प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उनका संपूर्ण खर्च उठाया जाएगा
वार्षिक बैठक में बोकारो जूडो संघ के पदाधिकारी एवं विभिन्न स्कूलों के प्रशिक्षकों में सूरज कुमार, आयुष कुमार ठाकुर,दीपक कुमार, प्रवीण कुमार,मोहसिन, पल्लव कुमार, विश्वनाथ, सतीनाथ चक्रवर्ती एवं आयुष राज पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने किया पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ

**लोहरदगा** : उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने रविवार को जिले के सदर अस्पताल परिसर में तीन दिवसीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की और जिलेवासियों से अपने 0 से o5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे और स्वास्थ्य विभाग की टीम को पूरा सहयोग दें। उपायुक्त ने कहा कि पोलियो उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय पर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं और यह सुनिश्चित करें कि ₹कोई बच्चा छूटे नहीं।₹ जिला प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत 28 जून को जिले के सभी निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जा रही है। वहीं, बूथों पर किसी कारणवश छूट जाने वाले 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को 29 एवं 30 जून 2026 को स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम की ओर से घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलायी जाएगी। अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 1,288 वैक्सीनेटर और 65 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा 644 आईपीपीआई बूथ, 15 ट्रांजिट दल, 55 मोबाइल दल और 27 साथी टीमों का गठन किया गया है। इस अभियान के दौरान जिले के 77,910 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




### डीसी ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

**देवघर** : उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने रविवार सुबह सदर अस्पताल, देवघर में नवजात बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बूथ डे के तहत जिले में स्थापित 1500 पोलियो बूथों के माध्यम से अधिक से अधिक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने नजदीकी बूथ पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें 29 और 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाएंगे, ताकि अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाएं और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि ₹जिले के बच्चों को स्वस्थ और पोलियो मुक्त रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना बेहद जरूरी है। स्वस्थ बच्चे ही देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं।

# सिविल सर्जन ने बच्चों को पल्स पोलियो का ड्राप पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिले में 3 लाख 97 हजार 521 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा देने के लिए रविवार से दो दिवसीय अभियान की शुरूआत की गई। सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव एवं जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. एस. के. रवि की मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कई बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर इस अभियान का शुभारंभ किया ।



मौके पर सिविल सर्जन ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाकर अभियान को सफल बनाएं। पहले दिन बूथ पर पोलियो ड्राप पिलाई गई। दूसरे दिन घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा दी जाएगी। चलंत तरीके से भी दवा दी जा रही है। बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाको में भी कर्मी बच्चों को पोलियो ड्राप पिला रहे हैं। लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश जारी किया गया। पहले दिन बूथ पर पोलियो ड्राप पिलाई गई। दूसरे दिन घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा दी जाएगी। चलंत तरीके से भी दवा दी जा रही है। बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाको में भी कर्मी बच्चों को पोलियो ड्राप पिला रहे हैं। लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश जारी किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक एवं सदर अस्पताल के हॉस्पिटल मैनेजर सहित अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक एवं सदर अस्पताल के हॉस्पिटल मैनेजर सहित अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिले में एक बार फिर पोलियो के खात्मे को लेकर अभियान की शुरूआत की गई है। दो दिवसीय अभियान में दो दिनों तक जिले में 3 लाख 97 हजार 521 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के तहत 3 लाख 71 हजार 568 घरों को चिन्हित किया गया है। इसके लिए 3768 कर्मियों को लगाया जाना है। 1882 टीम बनाई गई है। 1657 बूथ बनाए गए हैं।

## एक नजर

### आम तोड़ने के दौरान बिजली तार के संपर्क से युवक की मौत

**पटमदा :** कमलपुर थाना क्षेत्र के बनकुचिया पंचायत के हुडुम्बिल गांव के कार्तिक प्रामाणिक नामक युवक की बगान में आम तोड़ने के दौरान हाई टेंशन तार की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना देते हुए झारखंड आंदोलनकारी आनंदमय महतो ने बताया कि गांव के युवक की मौत की खबर जंगल की आग की तरह चारों तरफ फैल गई। जिसके बाद सभी ने घटना स्थल पहुंचकर शोक व्यक्त किया। ग्रामीण सुनील और निर्मल सिंह ने बताया कि घटना की सूचना कमलपुर थाना को दी गई हैं। घटना के दौरान मृतक की उचित कार्यवाही के साथ मुआवजा दिलाने का प्रयास भी ग्रामीणों के द्वारा प्रक्रिया करवाया जा रहा हैं।

### खूंटी में रेफरी प्रशिक्षण शिविर एक से

**खूंटी :** खूंटी जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आगामी 1 एवं 2 जुलाई को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल रेफरी प्रशिक्षण कोर्स का आयोजन किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को बताया कि प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को जिला फुटबॉल लीग, प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं, सुब्रतो मुखर्जी कप, लिटिल चैंप्स, खेलो झारखंड तथा एसजीएफआई जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में रेफरी के रूप में कार्य करने का अवसर दिया जाएगा। संघ के सचिव चन्द्रदेव सिंह ने रविवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इन प्रतियोगिताओं में रेफरियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेफरियों के नाम जिला फुटबॉल संघ की ओर से राज्य स्तरीय रेफरी परीक्षा के लिए अनुशंसित किए जाएंगे।
संघ ने फुटबॉल में रुचि रखने वाले इच्छुक युवाओं से जल्द से जल्द पंजीयन कराने की अपील की है।

### मुक्ति धाम प्रबंधन समिति का गठन, अंतिम संस्कार की सुविधाओं में सुधार का संकल्प

**खूंटी :** खूंटी स्थित महात्मा गांधी धर्मशाला परिसर में रविवार को राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा दल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मुक्तिधाम प्रबंधन समिति, खूंटी का गठन किया गया। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद शोकाकुल परिवारों को अंतिम संस्कार के दौरान कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खूंटी के मुक्तिधाम में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसे देखते हुए राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा दल की उपसमिति के रूप में मुक्तिधाम प्रबंधन समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया।
समिति के पदाधिकारियों में जय प्रकाश भाला को अध्यक्ष, जितेंद्र कश्यप और अनूप साहू को उपाध्यक्ष, संजीव चौरसिया को सचिव और बिनय भगत को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं किशोर गंझू, अर्जुन पाहन, अशोक गुप्ता, मंगल मिश्रा, दीपक सिंह और गणेश राम को कार्यकारी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 12 जुलाई (रविवार) को महात्मा गांधी धर्मशाला में राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा दल की एक बृहद बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संगठन की भावी योजनाओं एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा सभी के सहयोग से हनुमान मंदिर का रुका हुआ निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा दल के 62 सदस्य उपस्थित थे।

## विभावि में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा के डॉ संजीव कु शर्मा ने दिया व्याख्यान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विश्वविद्यालय प्रबंधन विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा गुरुवार को टइअ सेमिनार हॉल में "वर्तमान परिदृश्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली का महत्व" विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. संजीव कुमार शर्मा द्वारा अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत तथा मुख्य वक्ता प्रो. संजय कुमार शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। निदेशक डॉ. मो. मुख्तार आलम ने स्वागत भाषण देते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत तथा उसके समकालीन महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. संजय कुमार शर्मा, प्रोफेसर, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान प्रणाली द्वारा विश्व को



भारत के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियों के समाधान का महत्वपूर्ण आधार है। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका प्रो. शर्मा ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया।
कार्यक्रम के अंत में डॉ. अहमद अजहर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकगण, MBA एवं BBA के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गूंजा दो बूंद जिंदगी की का संदेश, 26 हजार से अधिक बच्चों को मिली पोलियो की खुराक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से रविवार को प्रखंड में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत उत्साहपूर्ण माहौल में की गई। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बनाए गए 131 पोलियो बूथों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पहुंचकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई।अभियान के पहले दिन कुल 26,458 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। अभियान का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख पूर्णिमा देवी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. डीएन ठाकुर ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो की खुराक दिलाना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि एक भी बच्चा इस जीवनरक्षक अभियान से वंचित न



रहे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. डीएन ठाकुर ने बताया कि अभियान के तहत शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश पहले दिन बूथ तक नहीं पहुंच पाए हैं, उन्हें सोमवार और मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहयोग किया। चौपारण पंचायत में मुखिया पिंकी देवी, बच्छई में वीरेंद्र रजक, जवनपुर में जानकी यादव, ताजपुर में उषा देवी, बसरिया में मंजू देवी, भगहर में कृष्णा रविदास, डेबो में सरिता देवी, जगदीशपुर में सुनीता देवी, रामपुर में सुनीता देवी, चयकला में नजराना खातून, गोबिंदपुर में उमा देवी, पाण्डेयबारा में रेखा देवी, पडरिया में पप्पू रजक, बेलाही में मंटू सिंह सहित समाजसेवी नागेंद्र कुमार ने अभियान में भाग लेकर लोगों को बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक जरूर दिलाएं।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने रविवार को सदर अस्पताल, खूंटी से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की तथा जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उपायुक्त ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियोरोधी खुराक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है।
उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान के दौरान पूरी सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करने का




निर्देश दिया कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।
उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून को जिले के सभी निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई जा रही है, वहीं 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम, सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर राज्य पर्यवेक्षक डॉ अरविंद कुमार, सिविल सर्जन डॉ. ललित रंजन पाठक सहित अन्य पदाधिकारी, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## अगलगी में दो दुकानें जलकर राख, लाखों का नुकसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर :** कुंडा थाना क्षेत्र के कुंडा मोड़ पर रविवार सुबह करीब 4:30 बजे भीषण आग लगने से दो दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। इस हादसे में हार्डवेयर, प्लाई और स्टेशनरी का लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने सुबह धुआं और आग की लपटें उठती देख दुकानदारों को मोबाइल पर सूचना दी। सूचना मिलते ही दुकान मालिक मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को घटना की जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दमकल की टीम करीब डेढ़ घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची, तब तक दोनों दुकानों में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। उषा ट्रेड के संचालक संजय कुमार ने बताया कि उनकी हार्डवेयर एवं प्लाई की दुकान में रखा पूरा सामान आग की भेंट चढ़ गया। उन्होंने लगभग 15 से 17 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान जताया। उनका कहना है कि यदि दमकल की टीम समय पर पहुंच जाती तो नुकसान काफी कम हो सकता था। वहीं, बगल में स्थित शिव शक्ति स्टोर के संचालक राजेश गोप ने बताया कि पड़ोसियों से सूचना मिलने पर जब वे दुकान पहुंचे तो अंदर रखा पूरा स्टेशनरी का सामान जलकर राख हो चुका था। आग की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के कारण सफलता नहीं मिली। बाद में अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच में जुटे हैं। इस अग्निकांड से दोनों दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के सभी आरोपित जाएंगे जेल : आदित्य साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ऐसे मामलों को लेकर बेहद संवेदनशील है और अब तक कई आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। दो दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंचे आदित्य साहू ने रविवार को मेदिनीनगर स्थित परिसदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चाहे चंपत राय हों या राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़ा कोई अन्य व्यक्ति, यदि जांच में दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें अपने कृत्य की सजा अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य



मंदिर का निर्माण भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख संकल्पों में शामिल था और उसके पूरा होने के बाद श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े चढ़ावे में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता को केंद्र या उत्तर प्रदेश सरकार कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद सभी आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की आगे भी जांच जारी है। झारखंड की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नौकरशाही हावी है और इसका संकेत स्वयं राज्य सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की हालिया कार्रवाई से मिलता है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री को पलामू जिले के छतरपुर क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ स्वयं आधी रात को छापेमारी करनी पड़ी, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में हत्या, लूट और दुष्कर्म जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। साहू ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन के समय जिन उद्देश्यों को लेकर अलग राज्य की मांग की गई थी, वे 26 वर्ष बाद भी पूरे नहीं हो सके हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मेदिनीनगर के कारोबारी विनीत तिवारी हत्याकांड का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि इस मामले के मुख्य अभियुक्त की अब तक गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस रिमांड के दौरान चैनपुर के मंटू सिंह के साथ कथित मारपीट के मामले में न्यायालय की टिप्पणी के बावजूद संबंधित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होना गंभीर विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में आपराधिक तत्वों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जवाबदेह हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आजसू के सक्रिय कार्यकर्ता छुटुलाल महतो के निधन पर शोक की लहर



**पटमदा :** बिड़रा पंचायत के आजसू पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता छुटुलाल महतो का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। निधन की सूचना पाकर आजसू पार्टी जिला सचिव रामकृष्ण महतो,प्रखंड अध्यक्ष अजीत महतो, प्रखंड सचिव अनाथ बंधु कुंभकार, भक्त रंजन कुंभकार राजा महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सभी साथियों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकाकुल परिवार को दु:ख की घड़ी में ढाढस बंधाया।

### हर घर सौर ऊर्जा योजना में दैहर पंचायत चयनित, विकास की नई राह पर बढ़ा कदम



**चौपारण :** प्रखंड की दैहर पंचायत को हर घर सौर ऊर्जा योजना के लिए चयनित किए जाने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। इस योजना के तहत पंचायत के प्रत्येक घर तक सौर ऊर्जा की सुविधा पहुंचाने की पहल की जाएगी। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।
समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुशवाहा ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, उपायुक्त, जिला परिषद सदस्य बसंत मेहता एवं जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता के प्रयासों से प्रखंड के सुदूरवर्ती दैहर पंचायत का चयन इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में दैहर पंचायत को इस योजना का लाभ मिलने से ग्रामीणों को स्वच्छ, सस्ती और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा के उपयोग से बिजली की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी और ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। साथ ही, यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगी। नागेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मुखिया ब्रह्मदेव भुइयां के नेतृत्व में पंचायत के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि दैहर पंचायत को इस महत्वपूर्ण योजना से जोड़ा गया है। इधर, पंचायत के ग्रामीणों ने योजना के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और चयन प्रक्रिया से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि योजना का कार्य जल्द शुरू होगा और दैहर पंचायत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक आदर्श पंचायत के रूप में विकसित होगी।

### पंडरिया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला में सिरमा की टीम ने जमाया कब्जा



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के सिरमा पंचायत अंतर्गत ग्राम पंडरिया ग्राउंड में पंडरिया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सिरमा पीपर टोला ए बनाम पंडरिया सी के बीच खेला गया। प्रतियोगिता का आयोजन महबूब रजा, मो. अरमान, नासीब अली, तहसीन रजा की संयुक्त अध्यक्षता में की गई। मंच संचालन अफसर रजा ने किया। फाइनल मैच का उद्घाटन टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि संजर हुसैन ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात दोनों टीमों के बीच मुख्य अतिथि के द्वारा टॉस किया गया जिसमें सिरमा की टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया।और पंडरिया की टीम को बल्लेबाजी करने का मौका दिया। सिरमा की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 70 रन का स्कोर खड़ा किया। वहीं पंडरिया की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 119 रन बनाया। इस प्रकार पंडरिया की टीम ने 49 रन से मैच जीतकर इस मैच पर कब्जा जमाया। बताते चले कि इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीम में भाग लिया था। फाइनल मैच के उद्घाटन में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि बरकाकाना थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि जीप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम एवं संजर हुसैन, समाजसेवी सह युवा नेता सोनू इराकी, इंतेशार आलम, जानिसार आलम, आयोजक महबूब आलम, अरमान अली, सहयोगी मोहम्मद तहसीन, अरबाज अली , शमसे अली,नूर अली एवं नासिर अली शाहिद अली सहित सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### सिल्ली की बहू पुष्पिता ब्रजकिशोर सिन्हा को मिला 'प्रिंसिपल प्रतिभा सम्मान'



**सिल्ली :** रविवार के दिन रांची के गुरुनानक स्कूल में आईबीएफएआई,उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी और शारदा ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सहयोग से 'प्रतिभा सम्मान' समारोह आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में होनहार छात्रों और सफल प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। सिल्ली लोवापिरी गांव की निवासी और बहू,तथा 'बेस्ट प्रिंसिपल नेशनल अवॉर्ड' प्राप्त कर चुकीं पुष्पिता ब्रजकिशोर सिन्हा को झारखंड के वित्त मंत्री माननीय राधा कृष्ण किशोर और कृषि एवं पशुपालन विभाग की मंत्री माननीय शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रतिष्ठित 'प्रिंसिपल प्रतिभा सम्मान' से सम्मानित किया साथ ही उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### बहू से घास काटने के विवाद में सास ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**पलामू:** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार गांव में बहु से घास काटने को लेकर विवाद के बाद एक सास ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी स्थिति जब गंभीर हुई तो उसे इलाज के लिए पहले छतरपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। महिला की पहचान लालो देवी (५५) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार घटना रविवार सुबह में हुई। बहू से विवाद के बाद अचानक लालो देवी घर से निकली और हरिहरगंज जाकर जहरीला पदार्थ लाया और नेशनल हाईवे पर सेवन किया। उसे गंभीर हालत में वहां से उठाकर इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# घर ले आएं लक्ष्मी चरण पादुका

**न-संपदा की प्राप्ति हेतु लक्ष्मी के पूजन का विधान है। ऐसा माना जाता है कि दीपावली की रात लक्ष्मी जी घर में आती हैं। इसीलिए लोग दहलीज से लेकर घर के अंदर जाते हुए लक्ष्मी जी के पांव बनाते हैं। इसी मान्यता के चलते हम लक्ष्मी जी को स्थाई करने हेतु घर में लक्ष्मी जी के चरणों का प्रतीक लक्ष्मी चरण पादुका स्थापित करते हैं।**

लक्ष्मी जी के चरणों का रहस्य : शास्त्रों के अनुसार महालक्ष्मी के चरणों में सोलह शुभ चिन्ह होते हैं। यह चिन्ह अष्ट लक्ष्मी के दोनों पावों से उपस्थित 16 (षोडश) चिन्ह है जो के 16 कलाओं का प्रतीक हैं। शास्त्रों में मां लक्ष्मी को षोडशी भी कहकर पुकारा जाता है। ये सोलह कलाएं हैं 1.अन्नमया, 2. प्राणमया, 3.मनोमया, 4.विज्ञानमया, 5. आनंदमया, 6. अतिशयिनी, 7. विपरिनाभिमी, 8.संक्रमिनी, 9.प्रभवि, 10. कुंथिनी, 11 विकासिनी, 12.मर्यदिनी, 13. सन्हालादिनी, 14.आह्लादिनी, 15.परिपूर्ण, 16.स्वरुपवस्थित।

शास्त्रों में चंद्रमा की सोलह कलाओं का भी वर्णन आता है। चंद्रमा की सोलह कलाएं हैं अमृत, मनदा, पुष्प, पुष्टि, तुष्टि, ध्रुति, शाशनी, चंद्रिका, कांति, ज्योत्सना, श्री, प्रीति, अंगदा, पूर्ण और पूर्णामृत का उल्लेख है। वास्तविकता में ये सोलह कलाएं सोलह तिथियां हैं जिसके क्रम में अमावस्या एकम से लेकर चतुर्दशी तथा पूर्णिमा। लक्ष्मी चरण पादुका के लक्ष्मी के षोडशी रूप के 16 चिन्ह इस प्रकार हैं 1 प्राण, 2.श्री, 3.भू, 4.कीर्तिं, 5.इला, 5 लीला, 6.कांति, 7.विद्या, 8 विमला, 8.उत्कर्शिनी, 9.ज्ञान, 10 क्रिया, 11. योग, 12.प्रहवि, 13. सत्य, 14. इसना 15. अनुग्रह, 16. नाम। अष्ट लक्ष्मी के दोनों चरणों में इस सोलह कलाओं के प्रतीक चिन्ह स्थापित होते है। सोलह कलाओं वाली श्री लक्ष्मी षोडशी का रहस्य : जो श्री विद्या सोलह कलाएं प्रदान करे वही षोडशी है। लक्ष्मी का यह स्वरुप ऐश्वर्य, धन, पद जो भी चाहिए सभी कुछ प्रदान करता है। इनके श्री चक्र को श्रीयंत्र कहा जाता है। इनका एक नाम श्री महा त्रिपुरा सुंदरी यां ललिता भी है। त्रिपुरा समस्त भुवन मे सर्वाधिक सुन्दर है। महालक्ष्मी का यह स्वरुप जीव को शिव बना देता है। यह श्री कुल की विद्या है। इनकी पूजा से साधक को पूर्ण समर्थ प्राप्त होता है। लक्ष्मी चरण पादुका इन्हीं ललिता श्री देवी के चरणों का प्रतीक है जिसमें सोलह चिन्ह बने होते हैं। लक्ष्मी चरण पादुका जहां भी स्थापित कि जाती है वहां से समस्याओं का नाश होता है। इसकी स्थापना से धनाभाव खत्म होकर स्थाई धन संपत्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। इसे मकान, दुकान, आफिस या कहीं भी दरवाजे पर चिपकाना भी शुभ होता है। अष्ठ धातु से निर्मित यह चरण पादुका सुख-समृद्धि हेतु निश्चित ही उपयोगी सामग्री है।


# घर-कार्यस्थल पर न रखें श्रीगणेश की ये मूर्तियां

भगवान श्रीगणेश मंगलकारी देवता हैं। जहां श्रीगणेश का नित पूजन-अर्चन होता है, वहां रिद्धि-सिद्धि और शुभ-लाभ का वास होता है। वास्तु शास्त्र में भगवान श्रीगणेश को महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया गया है। धन से संबंधित जो भी बाधाएं आती हैं उसका दोष घर अथवा दुकान में ही मौजूद होता है। बहुत कुछ ऐसा होता है जिनकी अनजाने में अनदेखी हो जाती है। वास्तु दोष-विघ्न दूर करते हैं विनायक।

जिस घर के मुख्य द्वार पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा या तस्वीर होती है, वहां रहने वालों की दिनों-दिन उन्नति होती है। आम, पीपल और नीम से बनी श्रीगणेश की मूर्ति घर के मुख्य दरवाजे पर लगाएं। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है।

घर के मुख्य द्वार पर चौखट के ऊपर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा या तस्वीर लगानी चाहिए। उनके आस-पास सिंदूर से उनकी दोनों पत्नियों के नाम रिद्धि-सिद्धि लिखने की परम्परा है। घर में पूजा के लिए भगवान श्रीगणेश की शयन या बैठी हुई मुद्रा में मूर्ति शुभ मानी जाती है। कार्यस्थल पर खड़ी हुई मुद्रा में भगवान श्रीगणेश की मूर्ति लगाएं। इससे स्फूर्ति और उमंग बनी रहती है। ध्यान रहे कि खड़े हुए श्रीगणेश जी के दोनों पैर जमीन को स्पर्श करते हुए हों। इससे कार्य में स्थिरता आती है। घर में भगवान श्रीगणेश का चित्र लगाते समय ध्यान रखें कि चित्र में मोदक या लड्डू और चूहा अवश्य होना चाहिए। घर में भगवान श्रीगणेश की ज्यादा मूर्तियां या तस्वीरें नहीं होनी चाहिए।





# इनकी शरण में गए थे भगवान के ये अवतार

भगवद् गीता जी में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, विगतेच्छा भय क्रोधो य : सदा मुक्त एव स : जो इच्छा, भय और क्रोध से रहित है वह सदा मुक्त ही है। इस उपरोक्त ज्ञान रूप तप से पवित्र होकर बहुत से भक्त भगवान के स्वरूप को प्राप्त कर चुके हैं। जो मनुष्य सदैव कामनाओं के अधीन रहता है उसमें सदैव भय व्याप्त रहता है। कामनाओं में विघ्न पड़ने से क्रोध उत्पन्न होता है और क्रोध से विवेक रूपी ज्ञान शक्ति का नाश होता है।

इसलिए हे अर्जुन। न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते इस संसार में ज्ञान के समान पवित्र करने वाला नि :संदेह कुछ भी नहीं है। भगवान के नाम का आश्रय लेने वाला सदैव भय मुक्त रहता है। असुरराज रावण, जिसे ब्रह्मा जी से वर प्राप्त था, भगवान शिव की जिस पर विशेष कृपा थी, समस्त देवतागण, नवग्रह जिसके अधीन थे। केवल भगवान श्री राम नाम का आश्रय लेकर ज्ञानियों में अग्रगण्य श्री हनुमान जी ने उसकी लंका को भस्मीभूत कर दिया। बाली पुत्र अंगद ने अपने प्रभु के नाम के बल पर ही रावण की सभा में बड़े-बड़े योद्धाओं को अपने पृथ्वी पर जमाए हुए पैर को हिलाने के लिए आमंत्रित किया। भय मुक्त अंगद के मुख पर जो आत्मविश्वास था, वह केवल भगवद् नाम की ही कृपा थी जिस कारण रावण सहित सभी योद्धाओं को अपमानित होना पड़ा था। जब तक मनुष्य के मन में भय समाया रहता है तब तक उसमें निश्चयात्मिका बुद्धि का अभाव रहता है। जब तक अर्जुन के मन में युद्ध के प्रति भय था, कि कहीं उसके हाथों अपने गुरुजनों का वध हो जाने से, अधर्म न हो जाए, वह इस निर्णय को लेने में अक्षम थे कि युद्ध करने, अथवा न करने में सही विकल्प कौन-सा है। भगवान की शरण प्राप्त करने से ही वह श्रेष्ठ निर्णय लेने में सफल रहे, जब उन्होंने स्वयं को भगवान का शिष्य मान लिया। शिष्यस्तेहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम। इस प्रकार अर्जुन ने सभी प्रकार से भगवान की शरण प्राप्त कर ली।

मनुष्य जीवन में निर्णय-अनिर्णय की स्थिति सदैव बनी रहती है। विवेक शक्ति से युक्त होकर ही मनुष्य सही निर्णय का चुनाव करता है। भय से युक्त मन में विवेक शक्ति का अभाव होता है। मार्कण्डेय ऋषि मां भगवती से अभय प्रदान करने के लिए स्तुति करते हैं :
सर्व स्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्ति समन्विते।
भयभयस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोस्तुते।
हे मां! आप सर्वस्वरूपा, सर्वेश्वरी, सभी शक्तियों से सम्पन्न हैं। आप मुझे भय से मुक्त करें। हे देवि! आपको नमस्कार है। मां आदि शक्ति सभी प्रकार के भय का नाश करने वाली है।

षोड वर्ष के बालक मार्कण्डेय ने मृत्यु को समीप जान, जब मृत्युंजय भगवान शिव जी की चंद्रशेखरमाश्रय मम किं करिष्यति वै यम : से स्तुति कर भगवान शिव को प्रसन्न कर न केवल आश्रय प्राप्त किया अपितु भगवान शिव से अमरत्व भी प्राप्त किया। भय नाम अंधकार का है। यह अंधकार अज्ञानता, अश्रद्धा और संशययुक्त बुद्धि से उत्पन्न होता है। इसी से जीव का नाश होता है।

योगी और भोगी दोनों को अंतिम समय का भय होता है परन्तु दोनों के भय में अंतर है। भोगी जीवन भर सांसारिक पदार्थों का संग्रह करता है ताकि बुढ़ापे के समय उसका जीवन कष्टमय न हो। योगी जीवन पर्यन्त यह अभ्यास करता है कि प्रयाण काल (शरीर छोड़ते समय) में उसकी चित्त वृत्ति परमात्मा में स्थिर रहे क्योंकि यह नियम है कि परमेश्वर के ध्यान के अभ्यास रूप योग से युक्त, दूसरी ओर न जाने वाले चित्त से निरंतर चिंतन करता हुआ मनुष्य परम प्रकाश रूप दिव्य पुरुष को अर्थात परमेश्वर को ही प्राप्त होता है। जटायु, बाली, भीष्म पितामह ने अंतिम समय में अपनी चित्त वृत्तियों को भगवान के श्रीमुख पर स्थिर कर परमधाम प्राप्त किया।

**श्री राम चंद्र कृपालु भज मन।**
**हरण भव भय दारूणम**

भगवान श्री राम अत्यंत कृपालु हैं तथा सांसारिक बंधनों के भय से मुक्त करने वाले हैं इसलिए हे मन। तू केवल उनका नाम ही भज।

**वंदे विष्णुं**

सभी लोकों के एकमात्र स्वामी भव भय हरने वाले भगवान विष्णु की हम वंदना करते हैं। उपरोक्त स्तुतियों में भय से मुक्ति हेतु ही भगवान की वंदना भक्तों द्वारा की जाती है। काक भुशुण्डि जी श्रीराम की कृपा से, भागवत प्रवक्ताओं में अग्रगण्य शुकदेव मुनि जी भगवान श्री कृष्ण जी की कृपा से ही निर्भय होकर इस संसार में विचरण करते हैं। माया के बंधन में बंधा जीव सदैव भय से युक्त रहता है। केवल भगवद् नाम का आश्रय ही जीव की बुद्धि को निर्भय बनाता है। उसके लिए आवश्यक है कि मनुष्य भगवान की दिव्य लीलाओं का स्वाध्याय करे अथवा श्रवण परायण होकर रसास्वादन करे। कलिकाल में केवल गोविंद नाम ही सब प्रकार के भय का नाश करने वाला है।





# पीपल की पूजा का रहस्य

दधीचि पुत्र पिप्पलाद ने जब माता से अपने पिता की देवताओं द्वारा अस्थियां मांगे जाने और उनसे बने वज्र से अपने प्राण बचाने का पौराणिक विवरण सुना तो उनके मन में देवताओं के प्रति घृणा उपजी। मैं इनसे पिता को 'सताने' का बदला लूंगा। ऐसा संकल्प करके पिप्पलाद तप करने लगे। कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए और बोले, वर मांगो।

पिप्पलाद ने नमन किया और बोले, प्रभु! अगर आप मुझ पर प्रसन्न हैं तो कृपा करके अपना रौद्र रूप प्रकट कीजिए और इन देवताओं को जलाकर भस्म कर दीजिए। शिव यह अनुरोध सुन कर स्तब्ध रह गए, परंतु वचन तो पूरा करना ही था। देवताओं को जलाने के लिए तीसरा नेत्र खोलने का उपक्रम करने लगे। इस आरंभ की प्रथम परिणति यह हुई कि पिप्पलाद का रोम-रोम जलने लगा। वह चिल्लाए और बोले, प्रभु! यह क्या हो रहा है? देवता नहीं, उल्टा मैं ही जला जा रहा हूं। शिव ने कहा, देवता तुम्हारी देह में ही समाए हुए हैं। अवयवों की शक्ति उन्हीं की सामर्थ्य है। देव जलें और तुम अछूते बचे रहो यह तो संभव नहीं है। पिप्पलाद ने अपनी याचना वापस ले ली तो शिव ने कहा, देवताओं ने त्याग का अवसर देकर तुम्हारे पिता को कृत-कृत्य और तुम्हें गौरवान्वित किया है। मरण तो होता ही है, न तुम्हारे पिता बचते और न काल के ग्रास से वृत्रासुर बचा रहता। यश, गौरव प्राप्त करने का लाभ प्रदान करने के लिए देवताओं के प्रति कृतज्ञ होना ही उचित है। पिप्पलाद का भ्रम दूर हो गया। उनकी तपस्या आत्म-कल्याण की दिशा में मुड़ गई। पिप्पलाद को ही पीपल कहते हैं। उनके त्याग, साधना और परोपकार की भावना के कारण उन्हें पूजा जाने लगा। पीपल समस्त वृक्षों में सबसे पवित्र इसलिए माना गया है क्योंकि स्वयं भगवान श्रीहरि विष्णु पीपल में निवास करते हैं। श्रीमद् भागवत गीता में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने अपने श्रीमुख से उच्चारित किया है कि, वृक्षों में मैं 'पीपल' हूं।

स्कंद पुराण के अनुसार पीपल के मूल (जड़) में विष्णु, तने में केशव, शाखाओं में नारायण, पत्तों में भगवान हरि और फलों में समस्त देवताओं से युक्त भगवान सदैव निवास करते हैं।

ऑक्सीजन 'प्राण-वायु' कही जाती है। प्रत्येक जीवधारी ऑक्सीजन लेता है व कार्बन डाईआक्साइड छोड़ता है। ऑक्सीजन देने के अतिरिक्त पीपल में अनेक विशेषताएं हैं जैसे इसकी छाया सर्दी में गर्मी देती है और गर्मी में शीतलता देती है। इसके अतिरिक्त पीपल के पत्तों से स्पर्श करने से वायु में मिले संक्रामक वायरस नष्ट हो जाते हैं। इसकी छाल, पत्तों और फल आदि से अनेक प्रकार की रोगनाशक दवाएं बनती हैं। इस दृष्टि से भी पीपल पूजनीय है।

# भगवान शिव ने कब, कहां और किसे दिया अमरत्व का वरदान

भारत विभिन्न संस्कृति और धर्मों का घर है। हमारे देश में भिन्न-भिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। भारत के प्रसिद्ध धार्मिक पूजा स्थलों में से एक अमरनाथ धाम है। अमरनाथ हिंदुओं का प्रमुख तीर्थस्थल है। कश्मीर राज्य के उत्तर पूर्व से 135 हजार मीटर की दूरी पर अमरनाथ की गुफा स्थित है। अमरनाथ गुफा भगवान शिव के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। कहा जाता है कि इसी गुफा में भगवान शिव ने मां पार्वती को अमर कथा का रहस्य बताया था। एक बार पार्वती द्वारा अमर होने की कथा सुनने की जिद्द करने पर भगवान शिव पार्वती को अमर कथा सुनाने के लिए समुद्रतल से 13,600 फुट की ऊंचाई पर स्थित इस स्थान पर लाए। गुफा में प्रवेश करने से पहले भगवान शिव ने अपने गले में सुशोभित नाग और सिर पर सजे चांद को उतार दिया। ताकि माता पार्वती के अलावा कोई और कथा न सुन सके। यहां आकर उन्होंने माता पार्वती को कथा सुनानी आंरभ की लेकिन माता को कथा के मध्य में ही नींद आ गई। इस दौरान इस गुफा में कबूतरों के दो बच्चों ने जन्म लिया, जिन्होंने अमर कथा सुन अमरता प्राप्त की। जब शिव जी को यह ज्ञात हुआ तो वह क्रोधित हो गए और उन्हें मारने के लिए आगे बढ़े। तभी कबूतरों ने भगवान शिव को कहा कि अगर वे उन्हें मारेंगे तो अमर कथा झूठी साबित हो जाएगी। तब शिव जी ने अपने क्रोध को शांत कर उन्हें वरदान दिया कि युगों-युगों तक तुम दो कबूतरों का जोड़ा शिव-पार्वती का प्रतीक बन कर इस गुफा में निवास करेगा। उसी समय से यह स्थान अमरनाथ गुफा के नाम से प्रचलित हुआ। मान्यता है कि इन कबूतरों के दर्शन करने से शिव-पार्वती के दर्शनों जितना पुण्य मिलता है। इनके दर्शनों से वंचित रहने वाले हर व्यक्ति की यात्रा असफल मानी जाती है।



## संक्षिप्त डायरी

### खान सर का बॉडीगार्ड यूपी से लाया था हथियार, पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं, जांच में हुआ खुलासा

**पटना (एजेंसी)** खान सर गोलीकांड की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए तथ्य सामने आ रहे हैं. अब जांच में बॉडीगार्ड की नियुक्ति और हथियार से जुड़ी प्रक्रिया पर भी सवाल उठे हैं, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच और तेज कर दी है. (पटना से आनंद सिंह कौशिक की रिपोर्ट) खान सर गोलीकांड की जांच के दौरान पुलिस को एक और अहम जानकारी मिली है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, खान सर के बॉडीगार्ड तालेबर सिंह पर बिना अनुमति के उत्तर प्रदेश से हथियार लेकर बिहार आने और नौकरी करने का आरोप है. जांच में यह भी दावा किया गया है कि इस हथियार का स्थानीय स्तर पर कोई पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया गया था. बिना सूचना के बिहार लाया गया हथियार पुलिस के मुताबिक, तालेबर सिंह ने बिहार में हथियार के साथ नौकरी शुरू करने से पहले स्थानीय प्रशासन, संबंधित थाने या आर्म्स मजिस्ट्रेट को इसकी सूचना नहीं दी. जांच एजेंसियों का कहना है कि दूसरे राज्य का लाइसेंसी हथियार लेकर किसी अन्य राज्य में पेशेवर सुरक्षा ड्यूटी करने के लिए तय कानूनी प्रक्रिया का पालन करना जरूरी होता है. इसी पहलू की जांच की जा रही है. खान सर की भूमिका पर भी सवाल जांच के दौरान पुलिस ने यह भी दावा किया है कि खान सर ने बॉडीगार्ड को अपने साथ रखा, लेकिन उसका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया. पुलिस का कहना है कि इस मामले में यह भी जांच का विषय है कि हायरिंग के समय सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था या नहीं. , हार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज हुआ मामला पुलिस ने इस मामले में आर्म्स एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है. जांच के दौरान बरामद हथियार को भी जब्त कर लिया गया है. अब पुलिस पूरे मामले की कानूनी जांच आगे बढ़ा रही है. आगे क्या करेगी पुलिस?सूत्रों के मुताबिक, जांच के अगले चरण में खान सर से भी पूछताछ की जा सकती है. पुलिस यह जानना चाहती है कि बॉडीगार्ड की नियुक्ति के समय वेरिफिकेशन क्यों नहीं कराया गया और हथियार से जुड़े नियमों का पालन हुआ था या नहीं. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. आरोपों की सत्यता का अंतिम फैसला जांच पूरी होने और अदालत की प्रक्रिया के बाद ही स्पष्ट होगा.

### राबड़ी के नए बंगले का काम अधूरा, निजी आवास पर शिफ्ट हो रहा सामान

**पटना (एजेंसी)** राबड़ी देवी के सरकारी आवास बदलने की तैयारी अंतिम चरण में है. इस बीच लालू परिवार के नए ठिकाने को लेकर भी चचाएं तेज हो गई हैं. वहीं, नए सरकारी आवास का निर्माण कार्य अभी पूरी तरह पूरा नहीं होने से शिफ्टिंग को लेकर कई सवाल बने हुए हैं. राबड़ी देवी को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी बंगला 29 जून तक खाली करना है. इसी को लेकर शिफ्टिंग का काम तेज हो गया है. बंगले से लगातार सामान बाहर निकाला जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार, लालू परिवार का नया ठिकाना फिलहाल कौटिल्य नगर हो सकता है. सामने आई तस्वीरों में 10 सर्कुलर रोड से फर्नीचर, एसी और अन्य घरेलू सामान दो छोटे ट्रकों के जरिए कौटिल्य नगर स्थित निजी आवास ले जाते हुए देखा गया है. लहाल पोलो रोड में रह सकता है परिवार कुछ सूत्रों का दावा है कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी कुछ समय के लिए अपने बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 1 पोलो रोड स्थित सरकारी आवास में रह सकते हैं. हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई धिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. नया सरकारी आवास अभी पूरी तरह तैयार नहीं सरकार ने राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड स्थित नया सरकारी आवास आवंटित किया है. लेकिन वहां अभी निर्माण कार्य पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है. जानकारी के अनुसार, करीब 70 फीसदी काम ही पूरा हुआ है. जी से चल रहा निर्माण नए आवास में 50 से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं. हॉल में पेंटिंग बाकी है. फर्नीचर लगाने, कमरों में एसी फिट करने, साफ-सफाई और मुख्य गेटों की पेंटिंग का काम भी अभी पूरा नहीं हुआ है. सरकारी सामान की मांगी पूरी सूची बंगला खाली करने से पहले राबड़ी देवी के सहायक ने भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखा है. इसमें 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास का चार्ज रजिस्टर और विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए सभी सरकारी सामान की सूची मांगी गई है. विवाद से बचने की तैयारी त्र में कहा गया है कि आवास खाली करते समय सरकारी सामान का सही मिलान हो सके. इससे भविष्य में किसी तरह का विवाद या भ्रम पैदा नहीं होगा. जानकारी के अनुसार, यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि बाद में सरकारी सामान साथ ले जाने जैसा कोई आरोप न लगे. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें भवन निर्माण विभाग राबड़ी देवी को बंगला खाली करने के लिए चौथा नोटिस भेज चुका है. इसमें 29 जून तक सरकारी आवास खाली करने का अंतिम समय दिया गया है. शिफ्टिंग प्रक्रिया के तहत 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास से सीसीटीवी कैमरे भी हटाए जा चुके हैं. वहीं, पैकिंग का काम लगातार जारी है. हालांकि, लालू परिवार 39 हार्डिंग रोड स्थित नए आवास में कब शिफ्ट होगा, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है.

### पंचायत विकास दिवस पर वैशाली पहुंचे निशांत कुमार, बोले-सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का ले संकल्प

**पटना (एजेंसी)** पंचायत विकास दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार वैशाली के तीसीऔता पंचायत पहुंचे. कार्यक्रम में अपने पिता द्वारा किए गए विकास कार्यों की सराहना की. पातेपुर ( वैशाली ) से देवेंद्र कुमार राय की रिपोर्ट वैशाली के तीसिऔता थाने की तीसिऔता पंचायत की हाईस्कूल मैदान में पंचायत विकास दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने किया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा मंत्री ने कहा कि कि हम सब आज संकल्प लें कि राज्य व केंद्र द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारें. पिता के विकास कार्यों को गिनाए स्वास्थ्य मंत्री उन्होंने कहा कि मेरे पिता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी जी के सपने को सरकार करने के लिए गांवों में कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है. बताया कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में जीविका के माध्यम से योजनाएं चलाए गए. साइकिल योजना,पोषक योजना आदि नीतीश कुमार द्वारा ही चलाएं गए हैं. पुलिस विभाग में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दी गई. नीतीश कुमार गांधी जी के सपने को आगे बढ़ाया आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उसे योजना को जारी रखेंगे. गांधी जी का सपना था कि गांव मजबूत बने. नीतीश जी ने गांधी जी के सपने को आगे बढ़ाया. उन्होंने जीरामजी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि जहां विकास दर कम होगा वहां सबसे पहले ध्यान दिए जाएंगे. प्रधानमंत्री ने आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए संकल्प लिए है. इसके लिए गांवों को आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक होगा. स्थ्य विभाग की ओर से शिविर लगाए गए पूर्व जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने जिले में महिला सशक्तीकरण के लिए

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बोले- समृद्ध बिहार से ही विकसित भारत का सपना होगा साकार

**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब बिहार समृद्ध बनेगा। उन्होंने मुंगेर के टेटिया बंबर में पंचायत विकास शिविर की शुरूआत करते हुए हर महीने अंतिम रविवार को सभी पंचायतों में विकास शिविर लगाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब बिहार समृद्ध बनेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की तरक्की गांवों और पंचायतों के विकास से ही संभव है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने हर महीने के अंतिम रविवार को सभी पंचायतों में पंचायत विकास शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। हर महीने लगेगा पंचायत विकास शिविर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर जिले के टेटिया बंबर प्रखंड के भूना गांव में आयोजित कार्यक्रम को




संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत विकास शिविरों में विकास, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बच्चों के उत्थान, जल प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता, खाद्यान्न उत्पादन और सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही लंबित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर पर नियमित शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर तथा अंतिम रविवार को पंचायत विकास शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सहयोग शिविरों के माध्यम से अब तक करीब चार लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से साढ़े तीन लाख आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी नागरिक का काम 30 दिनों के भीतर पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारी को 31वें दिन निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जवाबदेही के साथ काम कर रही है और लोगों को समय पर सुविधाएं मिलना जरूरी है। टेटिया बंबर में बनेंगे दो डिग्री कॉलेज मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि टेटिया बंबर बिहार का पहला ऐसा प्रखंड होगा, जहां दो डिग्री कॉलेज संचालित होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक और आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों में न जाना पड़े। अस्पतालों से अनावश्यक रेफरल पर रोक मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 अगस्त 2026 के बाद किसी भी सरकारी अस्पताल से मरीजों को बिना आवश्यकता रेफर नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में जरूरी चिकित्सा सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2029 तक बिहार के सभी जिला मुख्यालयों को फोरलेन सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही प्रत्येक प्रखंड को पथ निर्माण विभाग की सड़कों से जोड़ने का कार्य भी तेज किया जाएगा। उन्होंने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने, जीविका से जुड़ी 1.81 करोड़ महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, दुग्ध और मत्स्य उत्पादन बढ़ाने तथा पशुपालन को प्रोत्साहित करने की योजनाओं की भी जानकारी दी। अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और कानून-व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास, सुशासन और पारदर्शिता के माध्यम से बिहार को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करना है।

## आज से नियमित चलेगी छपरा-आनंद विहार एक्सप्रेस, रात 8.50 होगी रवाना, देखें टाइमिंग, रूट और स्टॉपेज

**पटना (एजेंसी)** छपरा से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को अब बड़ी राहत मिलेगी. छपरा-आनंद विहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन आज से शुरू होगा. दिल्ली और पूर्वांचल के बीच यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को इससे सुविधा मिलेगी. बता दें कि, रेलवे प्रशासन ने 12527/12528 छपरा-आनंद विहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन 28 जून 2026 से शुरू करने का फैसला लिया था है. ट्रेन के नियमित परिचालन से छपरा, बलिया, मऊ, आजमगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी.



आज से रोज रूप से चलेगी ट्रेन रेलवे प्रशासन ने 12527/12528 छपरा-आनंद विहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस के नियमित संचालन की घोषणा की है. इसके तहत 12527 छपरा-आनंद विहार एक्सप्रेस 28 जून 2026 से प्रत्येक रविवार को तथा 12528 आनंद विहार टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस 29 जून 2026 से प्रत्येक सोमवार को नियमित रूप से संचालित होगी. बता दें कि, रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 12527,12528 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस का शुभारम्भ 19 जून को छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस उद्घाटन विशेष गाड़ी चलाकर किया गया था. अब इस गाड़ी का नियमित संचलन छपरा से आज से प्रत्येक रविवार को होगा. जानकारी अनुसार 12527 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस 28 जून से प्रत्येक रविवार को छपरा से 20.50 बजे प्रस्थान कर बलिया से 22.05 बजे, मऊ से 23.10 बजे, आजमगढ़ से 23.55 बजे, दूसरे दिन शाहगंज से 01.20 बजे, जौनपुर से 01.55 बजे, सुलतानपुर से 03.30 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 06.30 बजे, कानपुर सेंट्रल से 08.20 बजे, अलीगढ़ से 11.50 बजे तथा गाजियाबाद से 13.20 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 14.00 बजे पहुंचेगी. वापसी यात्रा में 12528 आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस 29 जून 2026 से प्रत्येक सोमवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 16.25 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 16.58 बजे, अलीगढ़ से 18.10 बजे कानपुर सेंट्रल से 21.40 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 23.10 बजे, दूसरे दिन सुलतानपुर से 01.40 बजे, जौनपुर से 03.30 बजे, शाहगंज से 04.55 बजे, आजमगढ़ से 06.35 बजे, मऊ से 07.15 बजे तथा बलिया से 08.25 बजे छूटकर छपरा 09.40 बजे पहुंचेगी. रेलवे के अनुसार इस ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे. इनमें सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी तथा लगेज व जनरेटर कोच शामिल रहेंगे. रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा की योजना बनाने से पहले आरक्षण और ट्रेन की अद्यतन जानकारी जांचने की अपील की है. नियमित संचालन शुरू होने से दिल्ली रूट पर यात्रियों को अतिरिक्त यात्रा विकल्प उपलब्ध होगा.

## अगस्त से गंगा में दौड़ेगी वाटर मेट्रो, AC में बैठकर देख सकेंगे घाटों का खूबसूरत नजारा, जानें रूट और खासियत

**पटना (एजेंसी)** पटना के लोगों को जल्द ही गंगा में वाटर मेट्रो की सौगात मिलने वाली है. अगस्त से दीघा घाट और पटना सिटी के कंगन घाट के बीच इसका संचालन शुरू होने की तैयारी है. आधुनिक सुविधाओं से लैस यह इलेक्ट्रिक वाटर मेट्रो सफर को तेज, आरामदायक और यादगार बनाएगी. पटना के लोगों को जल्द ही गंगा नदी में वाटर मेट्रो की सुविधा मिलने वाली है. अगस्त से इस सेवा की शुरूआत करने की तैयारी है. पहले चरण में वाटर मेट्रो दीघा घाट से पटना सिटी के कंगन घाट तक चलेगी. परियोजना का करीब 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है. बाकी काम भी तेजी से किया जा रहा है.तेजी से चल रहा है निर्माण कार्य वाटर मेट्रो के संचालन के लिए गांधी घाट की जेटी पर चार्जिंग प्वाइंट तैयार कर लिया गया है. यहां ट्रांसफॉर्मर भी लगाया जा चुका है. वहीं दीघा घाट, गांधी घाट और कंगन घाट पर टिकट काउंटर बनाए जा रहे हैं



ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके. एक साथ 75 यात्री कर सकेंगे सफर 42 मीटर लंबे इस आधुनिक इलेक्ट्रिक जहाज में 50 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी. इसके अलावा 25 यात्री खड़े होकर भी यात्रा कर सकेंगे. जहाज में बड़ा एयर कंडीशंड हॉल बनाया गया है. यात्रियों के लिए एलसीडी स्क्रीन, साउंड सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल सूचना प्रणाली और सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं. सफर के साथ मिलेगा गंगा का खूबसूरत नजारा वाटर मेट्रो की सबसे खास बात इसकी बड़ी-बड़ी ग्लास विंडो होंगी. इन खिड़कियों से यात्री गंगा नदी का मनमोहक दृश्य, घाटों की रौनक और शाम की गंगा आरती का आनंद ले सकेंगे. यही वजह है कि यह सेवा पर्यटकों के लिए भी बड़ा आकर्षण बनने वाली है. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें सिर्फ 30 मिनट में होगी चार्ज यह इलेक्ट्रिक वाटर मेट्रो दो शक्तिशाली बैटरियों से चलेगी. गायघाट स्थित चार्जिंग स्टेशन पर इसकी बैटरियां सिर्फ 30 मिनट में फुल चार्ज हो जाएंगी. एक बार

चार्ज होने के बाद यह करीब डेढ़ घंटे तक लगातार चल सकेगी. अगले चरण में इन जगहों तक पहुंचेगी सेवा सरकार की योजना दूसरे चरण में इस सेवा का विस्तार करने की है. इसके तहत वाटर मेट्रो को दानापुर के नासरीगंज, कोनहारा घाट, सोनपुर, हरिहरनाथ और पानापुर तक चलाया जाएगा. इससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन पहले से अधिक

## बिना वैध वीजा के भारत में रह रहे बांग्लादेशी दंपती बांका के जमदाहा ठाकुरबाड़ी से गिरफ्तार

**पटना (एजेंसी)** बिहार के बांका जिले में स्थित प्रसिद्ध जमदाहा ठाकुरबाड़ी में सेवा-पूजा करने पहुंचे एक बांग्लादेशी दंपति और उनके दो बच्चों को पुलिस ने बिना वैध वीजा और दस्तावेज के भारत में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है. प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि दंपति ने करीब ढाई महीने पहले 20 हजार रुपये देकर एक दलाल की मदद से अवैध रूप से भारत-बांग्लादेश सीमा पार की थी. अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल दलालों की तलाश में जुट गई है. जमदाहाठाकुरबाड़ी से शुरू हुई जांचकटोरिया प्रखंड के जमदाहा ओपी क्षेत्र स्थित श्रीश्री 108 पतित पावन राधा-कृष्ण मंदिर में एक दंपति अपने दो बच्चों के साथ सेवा-पूजा के उद्देश्य से पहुंचा था. मंदिर के संचालक विजय राय को बातचीत के दौरान जब पता चला कि परिवार बांग्लादेश का रहने वाला है, तो उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी. पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूछताछ शुरू की. जांच के दौरान दंपति भारत में प्रवेश और निवास से संबंधित कोई वैध वीजा, पासपोर्ट या अन्य कानूनी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका. पूछताछ में सामने आयी अवैध प्रवेश की कहानी गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बांग्लादेश के बरिशाल जिले के रहने वाले मिल्टन हल्दर और उनकी पत्नी झुमारानी दास के रूप में हुई है. पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने करीब ढाई माह पहले एक दलाल को 20 हजार रुपये देकर अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था. उनके अनुसार, सीमा पार करने के बाद वे पहले पश्चिम बंगाल पहुंचे, लेकिन पहचान उजागर होने



के डर से वहां अधिक दिनों तक नहीं रुके और बाद में उत्तर प्रदेश के वृंदावन चले गए. वहां कुछ समय तक पूजा-अर्चना और सेवा कार्य करने के बाद वे बांका के जमदाहाठाकुरबाड़ी पहुंचे थे. पुलिस ने दंपति के साथ मौजूद दोनों नाबालिग बच्चों को भी विधिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया. अदालत के निर्देश पर दोनों बच्चों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है. तलाशी के दौरान पुलिस को कमरे से कपड़ों के अलावा एक बिना सिम कार्ड वाला मोबाइल फोन मिला. महिला के पास बांग्लादेश के राष्ट्रीय पहचान पत्र की छायाप्रति बरामद हुई, जबकि पुरुष ने अपने मोबाइल में बांग्लादेशी पासपोर्ट की तस्वीर दिखाई. दलाल और नेटवर्क की तलाश में जुटी पुलिसजमदाहा ओपी पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश और निवास करने के आरोप में दंपति के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि सीमा पार कराने वाले दलाल कौन थे

## नेपाल की बारिश से उफान पर मेची नदी, बिहार के सीमावर्ती गांवों पर मंडराया बाढ़ का खतरा

**पटना (एजेंसी)** नेपाल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने बिहार के सीमावर्ती इलाकों की चिंता बढ़ा दी है. मेची नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से गलगलिया समेत कई गांवों में दहशत का माहौल है, जबकि एसएसबी की सीमा चौकियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है. गलगलिया(किशनगंज) से विवेक चौधरी की रिपोर्ट

नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से जारी मूसलाधार बारिश का असर अब भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में साफ दिखने लगा है. लगातार हो रही वर्षा के कारण मेची नदी



उफान पर है और इसके बढ़ते जलस्तर ने किशनगंज जिले के गलगलिया समेत सीमावर्ती दर्जनों गांवों में बाढ़ का खतरा पैदा कर दिया है. नदी के अचानक बढ़े जलस्तर ने ग्रामीणों के साथ-साथ सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों की चिंता भी बढ़ा दी है. सीमा चौकियों पर चौकसी, हर गतिविधि पर नजर

भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा संभाल रही 41वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की भक्सरभिट्ठा और नेमुगुरी लागराडूबा सीमा चौकियों को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा गया है. एसएसबी के जवान लगातार मेची नदी के जलस्तर की निगरानी कर रहे हैं. अधिकारियों का कहना है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. उफान पर मेची नदी ग्रामीणों की बढ़ी बेचैनी, खेत और घरों पर खतरा गलगलिया और आसपास के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच बाढ़ की आशंका को लेकर चिंता बढ़ गई है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि नेपाल में बारिश का सिलसिला जारी रहा तो मेची नदी का पानी रिहायशी इलाकों और कृषि भूमि में घुस सकता है. इससे न केवल जनजीवन प्रभावित होगा, बल्कि किसानों की खड़ी फसलों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें प्रशासन ने जारी की चेतावनी प्रखंड प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है. जिला परिषद प्रतिनिधि अहमद हुसैन, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, गलगलिया थानाध्यक्ष राकेश कुमार और एसएसबी के अधिकारियों ने लोगों से नदी के किनारे नहीं जाने और अनावश्यक आवाजाही से बचने की अपील की है. साथ ही किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन के निदेर्शो का पालन करने को कहा गया है.

मौसम के मौजूदा हालात को देखते हुए पूरे सीमावर्ती क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है. अधिकारियों का मानना है कि यदि नेपाल के पहाड़ी इलाकों में बारिश जारी रही तो आने वाले दिनों में मेची नदी और विकराल रूप ले सकती है, जिससे सीमावर्ती गांवों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो सकती है.

# 5 सांसद पाला बदलने को तैयार, शिंदे गुट में शामिल होने पर फंसा पेंच

## शरद पवार के खेमे में टूट की आशंका



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़े उलटफेर और बगावत की सुगबुगाहट तेज हो गई है, जिससे राज्य का राजनीतिक परिदृश्य गरमा गया है। हाल ही में उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) के छह लोकसभा सांसदों के एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने के बाद, अब राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि अगला निशाना शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, शरद पवार गुट के कम से कम पांच लोकसभा सांसद विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) का साथ छोड़कर सत्ताधारी महायुति गठबंधन का दामन थामने की तैयारी में हैं, जिससे एनडीए की लोकसभा सीटों में और इजाफा हो सकता है।हालांकि, इस संभावित टूट के पीछे एक बेहद दिलचस्प और जटिल पेंच फंसा हुआ है। आमतौर पर किसी पार्टी में टूट होने पर उसके बागी सांसद या विधायक अपने ही विरोधी धड़े में शामिल होते हैं, लेकिन इस मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि एनसीपी (एसपी) के इन सांसदों को अजीत पवार के नेतृत्व वाले पारंपरिक विरोधी गुट द्वारा नहीं, बल्कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना द्वारा पाले में लाने की कोशिश की जा रही है।

बता दें कि एनसीपी की कमान अब सुनेत्रा पवार के हाथों में है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इसके पीछे अजीत पवार की पार्टी के भीतर चल रही अंदरूनी कलह और अस्थिरता सबसे बड़ी वजह है। अजीत पवार के गुट में जारी संगठनात्मक उथल-पुथल और नेतृत्व की कमजोर स्थिति उसे दूसरी पार्टी में बड़ी सेंधमारी करने की स्थिति में नहीं छोड़ रही है। अजीत पवार की पार्टी में इस समय अंदरूनी खींचतान चरम पर है, जिसकी मुख्य वजह उनके बेटे पार्थ पवार का तेजी से बढ़ता वर्चस्व माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्थ पवार वरिष्ठ और कद्दावर नेताओं जैसे कि प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को भरोसे में लिए बिना संगठन से जुड़े बड़े और महत्वपूर्ण फैसले ले रहे हैं। इस रवैए के कारण पार्टी के पुराने और अनुभवी नेताओं में भारी नाराजगी और असहजता का माहौल है। बात सिर्फ पार्टी संगठन तक ही सीमित नहीं है, आरोप यह भी लग रहे हैं कि पार्थ पवार अब देवेंद्र फडणवीस सरकार में शामिल एनसीपी कोटे के मंत्रियों के कामकाज और उनके विभागों में भी सीधा दखल देने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, एनसीपी के कुछ मंत्रियों ने शीर्ष स्तर पर शिकायत दर्ज कराई है कि पार्थ पवार उनके अधीन आने वाले विभागों द्वारा जारी किए जाने वाले टेंडरों की विस्तृत और गोपनीय जानकारी मांग रहे हैं, जिससे उनके कामकाज में अनावश्यक हस्तक्षेप बढ़ रहा है। महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम पर बारीक नजर रखने वाले जानकारों का कहना है कि पार्थ पवार अपने पिता की राजनीतिक विरासत पर पूरी तरह से नियंत्रण हासिल करने के लिए बहुत तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। वे पार्टी के भीतर खुद को निर्विवाद नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश में जुटे हैं। उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं सिर्फ महाराष्ट्र तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे दिल्ली में भी अपनी जमीन मजबूत कर रहे हैं। हाल ही में पार्थ पवार ने दिल्ली का दौरा किया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस बैठक के दौरान पार्थ पवार ने बीजेपी नेतृत्व के सामने एक बड़ी मांग रखी है। उन्होंने अनुरोध किया है कि भविष्य में बीजेपी और एनसीपी के बीच होने वाली सभी राजनीतिक वार्ताओं, सीट शेयरिंग या किसी भी तरह के समन्वय को केवल उन्हीं के जरिए रूट किया जाए। यानी वे खुद को बीजेपी और अपनी पार्टी के बीच एकमात्र आधिकारिक संपर्क सूत्र के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, जो उनकी बढ़ती महत्वाकांक्षाओं और पार्टी के भीतर उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

# खान सर के गार्ड ने अवैध हथियार से चलाई थी गोली

**-दोनों बॉडीगार्ड्स के हथियारों के वेरिफिकेशन के बाद हुआ खुलासा**



पटना (एजेंसी)। पटना पुलिस की जांच में फैजल खान (खान सर) के दोनों बॉडीगार्ड्स के हथियारों के वेरिफिकेशन के दौरान अहम जानकारियां सामने आई हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिस हथियार से गोली चलवाई गई थी, वह तालेबर सिंह (34), निवासी कासगंज (यूपी) का है, लेकिन उसके नाम पर जारी हथियार लाइसेंस का परमिट पूरे भारत के लिए मान्य नहीं पाया गया। आरोप है कि उतर प्रदेश से बिहार में हथियार लेकर आने, हथियार लेकर सुरक्षा ड्यूटी करने के लिए तालेबर सिंह के पास वैध अनुमति नहीं थी। फिर भी वह बिहार में बॉडीगार्ड की नौकरी कर रहा था। पुलिस ने फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियारों और उनके लाइसेंस की जांच के बाद कई बिंदुओं को अपडेटेड केस डायरी में शामिल किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक तालेबर सिंह गैर कानूनी तरीके से हथियार लेकर बिहार में बॉडीगार्ड की नौकरी कर रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि बिहार में हथियार के साथ नौकरी करने की जानकारी स्थानीय प्रशासन, आर्म्स मजिस्ट्रेट या संबंधित थाने को नहीं दी गई थी, जो कानूनन अपराध है। बिना अनुमति के हथियार लेकर बिहार में काम करना कानून के दायरे में जांच का विषय है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खान सर ने तालेबर सिंह को बॉडी गार्ड के तौर पर हायर किया, उन्होंने भी कभी इसका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया। उन्हें एक रिस्पॉन्सिबल व्यक्ति होने के चलते कानूनी प्रक्रिया को पूरा करना चाहिए था।

## धर्मांतरण के लिए 6 दिन तक बंधक बनाकर किया प्रताड़ित

कानपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक नाबालिग लड़की को बंधक बनाकर उसके साथ बर्बरता की गई और जबरन धर्मांतरण का प्रयास किया गया। कल्याणपुर के रावतपुर की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को बेकनगंज में छह दिन तक बंधक बनाकर यातनाएं दी गईं। आरोप है कि अरमान नाम के युवक और उसके घरवालों ने किशोरी से जबरन कलमा पढ़वाया, उसे बुर्का पहनाकर रखा और धर्मांतरण का दबाव बनाया। जब किशोरी ने विरोध किया, तो उसे गर्म चिमटों से दागा गया और प्रतिबंधित मांस खिलाने का भी प्रयास किया गया। यह घटना पूरे शहर में सनसनी फैला रही है। किशोरी ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि कुछ दिन पहले मोतीझील में उसकी मुलाकात बेकनगंज निवासी अरमान से हुई थी। अरमान ने दोस्ती का झांसा देकर उससे फोन पर बात करना शुरू किया। 21 जून को जब वह नमक फैक्ट्री चौराहा पहुंची, तो अरमान अपनी कार से वहाँ आया और उसे मिलने बुलाया। किशोरी के अनुसार, जब वह कार के पास पहुंची, तो अरमान के साथ उसके दो अन्य साथी भी मौजूद थे। सभी ने उससे कारगिल पार्क घूमने चलने की बात कही और उसे जबरन कार में बिठा लिया। इसके बाद, अरमान उसे घर छोड़ने के बहाने अपने घर बेकनगंज ले गया और वहीं बंधक बना लिया। बंधक बनाने के बाद, अरमान और उसके परिवार के सदस्यों ने किशोरी पर धर्मांतरण का लगातार दबाव बनाना शुरू कर दिया। किशोरी के मुताबिक, घर में उसे बुर्का पहनाकर रखा जाता था और जबरन कलमा पढ़वाया जाता था। जब उसने कलमा पढ़ने या बुर्का पहनने से इनकार किया, तो आरोपी और उसके परिवार वाले, जिनमें घर की महिलाएं और युवतियां भी शामिल थीं, उसके साथ बेरहमी से मारपीट करते थे। विरोध करने पर उसे गर्म चिमटों से भी दागा गया, जिससे उसके शरीर पर गहरे चोट के निशान पड़ गए। इतना ही नहीं, उसे भूखा रखा गया और सऊदी अरब ले जाकर बेचने की धमकी भी दी गई, ताकि वह उनके दबाव में आकर धर्मांतरण कर ले।

## 7 वर्षीय बच्ची के अपहरण की कोशिश की आशंका, ग्रामीणों की सतर्कता से सकुशल परिजनों तक पहुंची शिवांगी

पश्चिमी सिंहभूम (एजेंसी)। पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के कोटूवां गांव की 7 वर्षीय शिवांगी हेम्ब्रम शनिवार सुबह रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। बच्ची के अचानक गायब होने से परिवार और पूरे गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों एवं ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।शनिवार दोपहर करीब 11 बजे कराईकेला थाना क्षेत्र के बैंगटांगर गांव निवासी जेना होनहागा ने बच्ची को गांव के समीप रोते हुए देखा। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए बच्ची को अपने घर ले जाकर सुरक्षित रखा। क्षेत्र में नेटवर्क नहीं होने के कारण वे पूरे दिन किसी को इसकी सूचना नहीं दे सके।शनिवार रात करीब 10 बजे नेटवर्क उपलब्ध होने पर जेना होनहागा ने मुखिया कुश पूर्ति सहित अन्य लोगों को सूचना दी।इसके बाद मुखिया ने सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से बच्ची की जानकारी साझा की। रविवार सुबह सूचना मिलने पर शिवांगी के परिजन बैंगटांगर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ कराईकेला थाना पहुंचे। वहां थाना प्रभारी प्यारे हसन की मौजूदगी में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।ग्रामीणों के अनुसार, आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोटरसाइकिल से बच्ची के अपहरण का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि बच्ची के लगातार रोने पर उसे बैंगटांगर के समीप छोड़कर आरोपी फरार हो गया। कोटूवां से बैंगटांगर की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है और बच्ची इस क्षेत्र से पूरी तरह अनजान थी। ऐसे में ग्रामीणों का मानना है कि वह इतनी दूरी अकेले पैदल तय नहीं कर सकती।फिलहाल बच्ची सदमे में होने के कारण घटना के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बता पा रही है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और घटना के जिम्मेदार लोगों की पहचान कर सच्चाई सामने लाने का प्रयास कर रही है।

## जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटे, उनका राशन बंद, पश्चिम बंगाल सरकार का आदेश

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का विवाद लगातार गहराता जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पहले लगभग 63 लाख नाम अंतिम सूची से हटाए गए थे और बाद की जांच प्रक्रिया में करीब 27 लाख मतदाताओं के नाम भी अयोग्य घोषित किए गए। इनमें से लगभग 27 लाख प्रभावित लोगों ने अपीलीय ट्रिब्यूनलों का रुख किया है। इसी बीच राज्य सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने निर्देश जारी कर कहा है कि जिन व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हट चुके हैं, उनके राशन कार्ड निष्क्रिय किए जाएं। हालांकि जिनकी अपील ट्रिब्यूनल में लंबित है या अन्य निर्धारित श्रेणियों में आते हैं, उन्हें निर्णय होने तक राशन मिलता रहेगा। इस फैसले के बाद प्रभावित परिवारों में नाराजगी बढ़ गई है। कई लोगों का कहना है कि अपील लंबित रहने के दौरान राशन जैसी बुनियादी सुविधा को मतदाता सूची से जोड़ना उचित नहीं है। मामले को लेकर कानूनी और राजनीतिक बहस भी तेज हो गई है। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटे,उनका राशन बंद.

## तेजस्वी यादव के आवास में शिफ्ट होंगे लालू-राबड़ी

पटना (एजेंसी)। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव फिलहाल नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के सरकारी आवास में शिफ्ट होंगे। राबड़ी देवी को आवंटित 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने की अंतिम तिथि सोमवार, 29 जून निर्धारित की गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सरकार की ओर से राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड स्थित नया आवास आवंटित किया गया है, लेकिन बताया जा रहा है कि वहां निर्माण और मरम्मत का कार्य अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार नए आवास का लगभग 70 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया है। ऐसी स्थिति में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी फिलहाल अपने पुत्र और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 1 पोलो रोड स्थित सरकारी आवास में रहेंगे। पूरा परिवार कुछ समय तक इसी आवास में रहेगा। राजनीतिक हलकों में इस घटनाक्रम को लेकर चर्चा बनी हुई है। हालांकि राष्ट्रीय जनता दल की ओर से इसे पूरी तरह प्रशासनिक और आवासीय व्यवस्था से जुड़ा विषय बताया गया है।

# टीएमसी के बागी गुट ने फिर की बैठक, नाम, चुनाव चिह्न किया इस्तेमाल

**–नहीं लगाई ममता बनर्जी की तस्वीर, नगर निगम चुनाव को लेकर की चर्चा**

**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने एक हफ्ते में दूसरी बार बैठक की। इसमें 47 पूर्व पार्षदों शामिल हुए। बैठक पूर्वी कोलकाता के टॉपसिया इलाके में हुई। इससे पहले 22 जून को न्यू टाउन में भी बागी गुट की बैठक हुई थी। दोनों बैठकों में टीएमसी का नाम और चुनाव चिह्न इस्तेमाल किया गया, लेकिन ममता बनर्जी की तस्वीर नहीं लगाई गई। इधर ममता बनर्जी गुट की डोला सेन ने न्यू टाउन और प्रगति मैदान थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में फर्जी दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक संदेश प्रसारित करने के साथ बिना अनुमति बैठक करने का भी आरोप लगाया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बागी विधायक संदीपन साहा ने कहा कि उनकी ही असली तृणमूल कांग्रेस है। हमारे पास पर्याप्त संख्या है। हम विधानसभा में प्रमुख विपक्ष हैं। साहा ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यसमिति का गठन हो चुका है और जल्द ही राजनीतिक कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक बैठक में कोलकाता नगर निगम चुनाव की तैयारी पर चर्चा हुई। इस साल दिसंबर में चुनाव हो सकते हैं। दरअसल 8 जून को कोलकाता नगर निगम का बोर्ड भंग कर दिया गया था। इसके बाद सभी पार्षदों, चेयरपर्सन और मेयर-इन-काउंसिल के सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो गया। प्रशासनिक जिम्मेदारी प्रशासक को सौंप दी गई। पूर्व मेयर फिरहाद हकीम इस बैठक में शामिल नहीं हुए।

21 जुलाई को शहीद दिवस पर होने वाली रैली के लिए ममता बनर्जी गुट और बागी गुट, दोनों ने कोलकाता के धर्मतला में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति मांगी है। ममता गुट का कहना है कि वह पिछले 33 सालों से वहीं रैली करता आ रहा है। वहीं बागी गुट ने भी उसी जगह रैली करने के लिए आवेदन देने की बात कही है। हालांकि, अनुमति नहीं मिलने पर उसने वैकल्पिक स्थान पर कार्यक्रम करने का संकेत दिया है। बागी विधायक अखरुज्जमान ने कहा कि इस बार शहीदों के परिजनों को केंद्र में रखकर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि पार्टी का सिंबल और जनसमर्थन ममता बनर्जी के नेतृत्व से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि कुछ विधायक, सांसद या पार्षद पार्टी छोड़ दें, इससे जनादेश नहीं बदलता।

# धर्मेंद्र प्रधान का बदलेगा मंत्रालय, सीतारमण संभालेंगी?

## मोदी कैबिनेट में जल्द होगा संभावित फेरबदल





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में जल्द ही एक बड़े फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं, जिसे संसद के मॉनसून सत्र से पहले अंजाम दिया जा सकता है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की जोरदार चर्चा है कि कई मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है, जबकि कुछ विवादों में घिरे मंत्रियों के विभागों में बड़े बदलाव हो सकते हैं। इन बदलावों के केंद्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, वर्तमान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को शिक्षा मंत्रालय का महत्वपूर्ण जिम्मा सौंपा जा सकता है, जबकि पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को देश का नया वित्त मंत्री बनाया जा सकता है। शिक्षा मंत्रालय में इस संभावित बदलाव की मुख्य वजह हाल ही में हुए नीट पेपर लीक मामले को माना जा रहा है, जिसने देश भर में व्यापक विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया है। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग लगातार उठ रही है, और सरकार पर इस मामले में कड़े कदम उठाने का दबाव है। ऐसे में, यदि प्रधान से शिक्षा मंत्रालय वापस लिया जाता है, तो यह सरकार के लिए एक मजबूत संदेश हो सकता है कि वह जनभावनाओं के प्रति संवेदनशील है। वित्त मंत्रालय के लिए शक्तिकांत दास का नाम कई मायनों में महत्वपूर्ण है। 69 वर्षीय दास, जो पूर्व आईएएस अधिकारी और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रह चुके हैं, के पास सरकार के साथ काम करने और वित्तीय मामलों का लंबा अनुभव है। यदि वे वित्त मंत्री बनते हैं, तो वे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व वित्त मंत्री सीडी देशमुख जैसी शख्सियतों की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे, जिन्होंने आरबीआई गवर्नर के रूप में कार्य करने के बाद देश के वित्त मंत्री का पद संभाला।

दास को कर, निवेश और आर्थिक नीति की गहरी समझ है, और उन्होंने वित्त मंत्रालय में रहते हुए आठ केंद्रीय बजटों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2018 से 2024 तक आरबीआई गवर्नर के रूप में उनके कार्यकाल में उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान मिली और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। हालांकि, चूंकि शक्तिकांत दास वर्तमान में किसी सदन के सदस्य नहीं हैं, इसलिए उन्हें छह महीने के भीतर राज्यसभा भेजा जा सकता है। अटकलें हैं कि उन्हें उत्तर प्रदेश से राज्यसभा भेजा जा सकता है, जहां नवंबर 2026 में 10 राज्यसभा सीटें खाली होंगी। आगामी कैबिनेट फेरबदल में उत्तर प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की जगह पंजाब से किसी सिख चेहरे को, जैसे राघव चड्ढा को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। वर्तमान में पंजाब से रवनीत सिंह बिट्टू केंद्रीय मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं। इसके अलावा, बिहार से नीतीश कुमार, महाराष्ट्र से श्रीकांत शिंदे (जो उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे हैं और शिवसेना यूबीटी के 6 सांसदों को एनडीए के साथ लाए हैं), और टीएमसी छोड़कर एनसीपीआई में शामिल हुए सुखेंदु शेखर राय जैसे नए चेहरों को भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिलने की संभावना है। वहीं, अनुराग ठाकुर को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। कुछ मंत्रियों के पोर्टफोलियो में बदलाव या उन्हें बाहर का रास्ता दिखाए जाने की भी संभावना है, जिनमें मनोहर लाल खट्टर, अश्विनी वैष्णव, हरदीप सिंह पुरी और नितिन गडकरी जैसे नाम शामिल हैं। विशेषकर नौकरशाही से आए दो मंत्रियों, अश्विनी वैष्णव और हरदीप सिंह पुरी की भूमिकाओं में कमी की जा सकती है। राजनीतिक जानकारों का यह भी मानना है कि मंत्रिमंडल में होने वाले फेरबदल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पसंद का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा, जिसकी झलक हाल ही में भाजपा और आरएसएस पदाधिकारियों की बैठक में मिली थी।

# जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

**-शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग**

**-नीट पेपर लीक और सीबीएसई गड़बड़ियों के विरोध में आंदोलन हुआ तेज**



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने रविवार को जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। नीट पेपर लीक, परीक्षा रद्द और री-एग्जाम के साथ ही सीबीएसई से जुड़ी कथित अनियमितताओं के विरोध में चल रहे आंदोलन को इससे नया बल मिला है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में चल रहे इस प्रदर्शन का रविवार को नौवां दिन रहा।

यहां बताते चलें कि सीजेपी पिछले 20 जून से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रही है। रविवार को सोनम वांगचुक के भूख हड़ताल शुरू करते ही जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में छात्र, युवा और प्रदर्शनकारी जुटने लगे। आंदोलन में कई किसान संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भूख हड़ताल शुरू करने से पहले सोनम वांगचुक और पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों जंतर-मंतर पहुंचे और आंदोलन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अभिजीत दीपके ने कहा कि जब तक शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं होता और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं ने छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। प्रदर्शन स्थल पर छात्रों ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। प्रशासन की ओर से जंतर-मंतर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

# जी सिनेमा पर वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के लिए तैयार एक्शन-रोमांटिक थ्रिलर 'ओ रोमियो'

एजेंसी

**मुंबई :** वैलेंटाइन वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद निर्देशक विशाल भारद्वाज की अब तक की सबसे बड़ी और सबसे दमदार लव स्टोरी 'ओ रोमियो' अब अपने वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के लिए तैयार है। साजिद नाडियाडवाला द्वारा नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर रविवार, 28 जून, रात 9 बजे जी सिनेमा पर होगा।

विशाल भारद्वाज अपनी खास फिल्ममेकिंग शैली के साथ 'ओ' रोमियो' में वापसी कर रहे हैं। एकतरफा प्यार की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म प्यार, जुनून और अपराध की एक दमदार कहानी है। फिल्म में शाहिद कपूर 'उस्तरा' के किरदार में नजर आएंगे, जो अपने सीधे धार वाले उस्तरे के लिए जाना जाता है। उसकी ज़िंदगी उस वक्त पूरी तरह बदल जाती है, जब उसे अफशां से प्यार हो जाता है, जिसका किरदार तृप्ति डिमरी ने निभाया है। दोनों का रिश्ता ऐसी घटनाओं को जन्म देता है, जो पूरे क्राइम सिंडिकेट को हिलाकर रख देता है। दमदार अभिनय, शानदार कहानी और विशाल भारद्वाज की कहानी कहने की खास शैली से सजी यह फिल्म ऐसा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जो फिल्म खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक दर्शकों के साथ रहेगा।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**